e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 263

सुविचार
फिक्र में रहोगे तो खुद जलोगे, बेफिक्र रहोगे तो दुनिया जलेगी !

प्रभात मंत्र

मंगलवार
26.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

क्विक न्यूज

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने करम पर्व की दी शुभकामनाएं

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकृति पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।मुख्यमंत्री सोरेन सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा,प्रकृति-पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। सदियों से चली आ रही झारखण्ड की हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है करम पर्व। प्रकृति के साथ मानव जीवन की एकरूपता तथा भाई-बहन के परम स्नेह और सम्मान को दर्शाता यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्यूनतम 23°

भोपाल : भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ में 10 लाख पार्टी कार्यकर्ताओं को पीएम मोदी ने किया संबोधित, कहा

जंग लगा हुआ लोहा है कांग्रेस

एजेंसी

भोपाल : भोपाल में भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ में करीब 10 लाख पार्टी कार्यकर्ताओं को पीएम मोदी ने संबोधित किया। अपने भाषण में पीएम ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर बात की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो गए हैं, यानी जो युवा इस बार के चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे, उन्होंने भाजपा की सरकार को ही देखा है। ये युवा सौभाग्यशाली हैं कि इन्होंने एमपी में कांग्रेस का वो बुरा शासन, वो बुराइयां नहीं देखी हैं। एमपी में कांग्रेस के शासन की पहचान थी कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन। आजादी के बाद मध्य प्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस का ही शासन रहा लेकिन कांग्रेस ने साधन संपन्न मध्य प्रदेश को बीमारू बना दिया।पीएम ने कहा,यहां के युवाओं ने कांग्रेस के जमाने की खराब कानून व्यवस्था, खस्ताहाल सड़कें, अंधेरे में जीने को मजबूर गांव और गरीब नहीं देखा। अपने हर कार्यकाल में भाजपा ने मध्य प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाने का कार्य किया है, यहां के युवाओं ने भाजपा का सुशासन ही देखा है। आने वाला चुनाव बहुत अहम है, हमें ध्यान रखना है कि विकास का जो रास्ता एमपी के लोगों ने बनाया है, वह विकास की गाड़ी सड़क से उतरे नहीं।पीएम ने भाषण में कहा कि कांग्रेस के पास भविष्य की सोच ही नहीं बची है।

कांग्रेस नए भव्य संसद भवन का भी विरोध कर रही है

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नए संसद भवन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा,भाजपा आज आधुनिक सड़कें, चौड़े हाई-वे और एक्सप्रेस-वे बना रही है,लेकिन कांग्रेस इसकी आलोचना करती है। भाजपा आज वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेन, स्टेशनों का कायाकल्प कर रही है, भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन की प्रशंसा हर कोई कर रहा है, लेकिन कांग्रेस को ये भी नहीं पच रहा है। भाजपा ने नया भव्य संसद भवन बनाया, जिसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है लेकिन कांग्रेस इसका भी विरोध कर रही है। भारत कुछ भी नया करे, कोई भी उपलब्धि हासिल करे, कांग्रेस को कुछ भी पसंद नहीं आता।

भाजपा सरकार ने पांच साल में देश में साढ़े 13 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकला

कांग्रेस के चुनावी गारंटी वाले अभियान पर पीएम ने जमकर प्रहार किया। अपने भाषण में पीएम ने कहा कि जब मोदी गारंटी देता है, जब भाजपा गारंटी देती है, तो वो गारंटी जमीन पर उतरती है, घर-घर पहुंचती है। मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल पहले गरीबी हटाओ का नारा दिया था, क्या कांग्रेस ने अपना वादा पूरा किया? भाजपा सरकार ने पांच साल में ही देश में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। वंचितों को वरीयता की जो गारंटी मोदी ने दी है, उसे हमने एक के बाद एक कदम उठाकर पूरा किया है।

महिलाओं को घमंडिया गठबंधन से शतर्क रहने की जरूरत

अपने भाषण के दौरान पीएम ने कई बार कांग्रेस के साथ पूरे इंडिया गठजोड़ को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा,मौका मिलते ही घमंडिया गठबंधन के लोग माताएं-बहनों को धोखा देने का तय करने बैठे हैं। घमंडिया साथी वही हैं जिन्होंने महिला आरक्षण बिल के पास न होने देने के लिए हर मर्यादा खो दी। ये नया खेल खेलेंगे। ये नारी शक्ति को बांटने की कोशिश करेंगे। नारी शक्ति एक न हो इसलिए अफवाहें फैलाएंगे। हर माता, बहन-बेटी को सतर्क और एकजुट रहना होगा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति मुर्मू को राष्ट्रपति बनने से रोकने का प्रयास किया। उनकी नियत ठीक नहीं थी।

पीएम मोदी चोरी-छिपे रिमोट कंट्रोल दबाते हैं, मैंने कैमरा के सामने दबाया : राहुल

एजेंसी

रायपुर : कांग्रेस नेता राहुल गांधी छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। राहुल गांधी बिलासपुर के परसदा में आवास न्याय सम्मेलन में शामिल हुए। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि एक नया मुद्दा उठ गया है। नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं ओबीसी वर्ग की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी के पास हर जाति के लोगों का डाटा है। केंद्र सरकार के पास भी है, लेकिन नरेंद्र मोदी वह डाटा देश को नहीं दिखाना चाहते। राहुल गांधी ने बीजेपी और पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी रिमोट कंट्रोल को चोरी-छिपे दबाती है। हमने कैमरा के सामने रिमोट कंट्रोल दबाया। पीएम नरेंद्र मोदी चोरी चुपके कंट्रोल दबाते हैं, जैसे रिमोट दबता है एक तरफ अदानी को मुंबई का एयरपोर्ट मिल जाता है। जब दोबारा दबाते हैं अदाणी को रेलवे का कांट्रैक्ट मिल जाता है। फिर दबाते हैं इंफ्रास्ट्रक्चर मिल जाता है, तो देश में दो रिमोट कंट्रोल चल रहा है। यह एक मेरा जो सबके सामने चलता है, हम इसे दबाते हैं तो किसानों के खाते में पैसा चला जाता है। 2500 क्विंटल धान में मिलता है। अंग्रेजी स्कूल खुलते हैं, लेकिन बीजेपी दबाती है तब पब्लिक सेक्टर प्राइवेट हो जाता है।

गांधीपुर में 2.50 करोड़ की लागत से बनी बिजली सब-स्टेशन का सांसद और विधायक ने किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के गांधीपुर स्थित 33/11 विद्युत शक्ति उपकेंद्र का उद्घाटन सांसद विष्णु दयाल राम और विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने संयुक्त रूप से किया। उक्त विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण लगभग 2.50 करोड़ रूपए की लागत से टाटा पावर लिमिटेड के द्वारा किया गया है।इस विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण हो जाने से अब इस उपकेंद्र से दो फीडर 11 केवी पथरा एवं 11 केवी पूर्वडीहा फीडर के माध्यम से चैनपुर प्रखंड के बोकया, तलैया, बभंडी, गांधीपुर, लिधकी, नरसिंहपुर पथरा समेत लगभग 40 गांवो को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाएगी। जिसके बाद सांसद और विधायक ने नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर पावर सबङ्कस्टेशन का उद्घाटन किया तथा बटन दबाकर इसे शुरू किया।मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है,पिछले वर्षो के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी क्षेत्र में विकास हुआ है एवं हर तरफ विकास कार्य निरंतर जारी है जिसका परिणाम आने वाले कुछ वर्षो में दिखाई देगा। इस नए सब स्टेशन के चालू होने से आसपास के क्षेत्र के 49 गांवो को गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। अब इन ग्रिडों से जुड़े उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी नरेंद्र मोदी की सरकार गांवङ्कगांव तक बिजली पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बारिश या हल्की आंधी के बिच सप्लाई भी बंद नहीं होगा। सब स्टेशन से ग्रामीण को लाभान्वित होंगे।सांसद ने कहा कि उनकी कोशिश बिजली के साथ ही सड़क एवं दूसरी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की रहती हैं।इस अवसर पर विधायक श्री आलोक कुमार चौरसिया ने भी कहा कि भाजपा की सरकार में आज का दिन ग्रामीणों के लिए ऐतिहासिक है। गांधीपुर स्थित सभी गांव के लोगो को अब बेहतर बिजली सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने विभाग से कहा कि शहरी क्षेत्र की तरह ग्रामीण इलाकों में भी शाम के समय बिजली कटौती नहीं की जाए, क्योंकि शाम में बच्चें पढ़ाई करते है। भाजपा की सरकार में गांव-गांव तक सड़कों का निर्माण हुआ है एवं गांव तक बिजली पहुंचाई जा रही है जिसका सीधा के लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, वरिष्ठ नेता श्री विभाकर नारायण पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, उप प्रमुख सुनील सिंह,सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, भाजपा नेता धीरेंद्र दूबे, ईश्वरी पांडे, आनंद सिंह, राघवेंद्र तिवारी, जय दुबे,पूर्वडीहा मुखिया पप्लू दूबे, विकाश दुबे, अगस्त दुबे, जितेंद्र दुबे, जिला परिषद सदस्य फैजल अहमद, भीष्म चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानधन चौरसिया कार्यपालक अभियंता सहायक अभियंता कनीय अभियंता एवं विद्युत विभाग के कई कर्मी एवं ग्रामीण जनता इस मौके पर उपस्थित रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया.इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, समाजसेवी, शिक्षाविद प्रतिभावान व्यक्तित्व के धनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर हम सब एकत्रित हुये हैं। इनका जन्म दिन अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है.उन्होंने कहा कि जनसंघ के नेता रहे पंडित जी समस्त देशवासियों के लिये मिशाल कायम किया। उनके आदर्श पर चलकर आज भाजपा देश ही नही बल्कि विश्व की सबसे बड़ी व लोकप्रिय पार्टी बनी है। उनके सोच के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बसुधैव कुटुम्बकम का नारा बुलंद कर रहे है। जयंती समारोह में नगर मण्डल के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद कमलापुरी, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,मंडल महामंत्री कुमार जितेंद्र विद्यार्थी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष आनन्द कमलापुरी, मंत्री अनिल दास, रामप्रवेश कमलापुरी, अविनाश कुमार, संजय कांस्यकर, सूरज कुमार, आदित्य, उज्ज्वल, रवि कुमार, प्रदीप अग्रेहरी, हर्ष बाबू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मेडिकल कॉलेज में हुआ फ्रेशर डे का आयोजन

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बिश्रामपुर में रविवार को जूनियर छात्रों के लिए फेरेशर का आयोजन किया गया। ह्रदयम के बैनर तले 2021 के बैच के छात्रों ने इसका आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए 2021 बैच के छात्रों ने बताया कि कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र अमित कुमार और प्रिंस कुमार समेत सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हजारीबाग के प्रवेश परीक्षा में आदिति ने लहरायी परचम

नौडीहा (प्रभात मंत्र संवाददाता): बाजार प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत अंतर्गत नावाडीह निवासी आदिती पटेल ने इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हजारीबाग के प्रवेश परीक्षा 2023 में 96त्न अंक प्राप्त कर झारखंड में समल्लित रुप से दुसरा स्थान एवं पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कर लक्ष्मीपुर पंचायत सहित प्रखंड का नाम रौशन की है।अदिती के पिता श्री संतोष कुमार सिंह शिक्षक है वहीं माता श्रीमती सोनी सिंह सरकारी सेवा में कार्यरत है। इनकी दादी सुनीता देवी लक्ष्मीपुर पंचायत का पंचायत समिति सदस्य है। मेधावी छात्रा अदिती अब आगे का शिक्षा झारखंड के प्रतिष्ठित इन्दिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हजारीबाग मे ग्रहण करेंगी।इस उपलब्धि के लिए परिवार के सभी लोग ने आदिति को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिए है।अदिती ने बताया कि मैं आगे शिक्षा की ग्रहण कर अधिकारी बन देश की सेवा करूंगी। बताते चले कि झारखंड सरकार द्वारा संचालित यह विधालय मेधावी छात्राओ के लिए वरदान है। इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर हजारों छात्रा भारत के विभिन्न हिस्सों में उच्च पद हासिल कर सेवा में है।

उत्साह के साथ मनाएं कर्म पर्व : संजू जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

छत्तरपुर : झारखंड राज्य के महत्वपूर्ण पर्व करमा पूजा को धूमधाम से मनाया जाता है इसी पूजा के उपलक्ष में सोमवार 25 सितंबर को छतरपुर पश्चिम के जिला परिषद सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के महिला जिला सचिव संजू जायसवाल के द्वारा करमा पर्व के शुभ अवसर पर छतरपुर प्रखंड के आदिम जनजाति गांव लोटो, अरर एवं सतघरवा के एससी एसटी 480 महिलाओं के बीच साडी का बितरण किया और झारखंड का महत्वपूर्ण करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में छतरपुर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल उर्फ फंटूश ने सभी को करमा पर्व की शुभकामना देते हुए कहा की पलामू जिला के साथ साथ पुरे झारखंड मे झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करना है इस कार्यक्रम मे झामुमो महिला नेत्री लइची देवी, सुनीता देवी, समुद्री देवी, सरिता देवी, किसमतीया देवी, सहित सैकड़ो महिला कार्यकर्ता एवं झामुमो के राधेकृष्णा यादव, गुड्डू जायसवाल, भोला बैगा, सिकंदर जायसवाल, डब्लू जायसवाल, अभिषेक कुमार, राजू जायसवाल, संजय भुईया, मुरल बैगा, लखन भुईयां, रामजी भुईयां, चनारिक उरांव, लालदेव उरांव आदि उपस्थित थे।

लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज सीनियर-जूनियर छात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम

➲सीनियर छात्रों ने नए सत्र के छात्र-छात्राओं को दिया कई टिप्स, कॉलेज के नियमों की भी दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन एमबीबीएस के छात्र - छात्राओं द्वारा किया गया.जिसमे सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया.कॉलेज के संस्थापक सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नए सत्र के बच्चों को अनुशासन में रहते हुए शिक्षा ग्रहण करने को कहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना भी की। इस दौरान एमबीबीएस के सीनियर छात्रों ने नए सत्र के छात्र - छात्राओं को कॉलेज के नियमों से अवगत कराया और कई टिप्स दिया। सीनियर छात्रों ने नए सत्र के छात्रों को अध्यन में हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ.जिसमे एमबीबीएस के छात्र - छात्राओं ने गीत, नृत्य, नाट्य सहित कई कला प्रदर्शित किया.कार्यक्रम के अंत में रात्रि भोज का भी आयोजन किया गया था। एमबीबीएस सीनियर बैच के छात्र अंकित निशांत ने बताया कि यह कार्यक्रम अनूठा पहल और एक अच्छी शुरुआत है। जिसे कॉलेज प्रबंधन के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

एकात्म मानववाद के प्रणेता महान विचारक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती मनाई गई

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू भाजपा जिला कार्यालय 20 फुटा रोड मेदिनीनगर में श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओ एवं नेताओं ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने किया। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि दीनदयाल जी का एकात्मक मानववाद ही राष्ट्र का मूल मंत्र है। राष्ट्रीयता के प्रतीक पंडित जी के विचार कल और आज के लिए भी प्रासंगिक है। पथ प्रदर्शक दीनदयाल जी के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है उन्ही के बताए मार्ग का अनुसरण कर आगे बढ़ने से समाज और देश मजबूत होगा और उन्हीं के सपनों के भारत का नव निर्माण होगा।परशुराम ओझा विपिन बिहारी सिंह अमित तिवारी नरेंद्र पांडे एवं सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में धर्मेंद्र उपाध्याय सुरेंद्र विश्वकर्मा शिवकुमार मिश्र संजय सिंह बंशी सिंह अभिमन्यु तिवारी ज्योति पांडे सुधीर प्रसाद प्रदीप सिंन्हा प्रवीण सिंह निरंजन पासवान निवेदन अग्रवाल नवीन पांडे अभय कुमार सिंह जितेंद्र तिवारी विजय ओझा विभाकर पांडे अविनाश वर्मा प्रमोद सिंह ईशवरी पांडे सोमेश सिंह रीना किशोर मंजू गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे।

इकरा इस्लामी क्विज-2023 का नेउरा में हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड के नेऊरा गांव में इक़रा एजुकेशनल सोसाइटी की ओर से इक़रा इस्लामी क्विज-2023 का आयोजन किया गया। यह क्विज ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पैगंबर मोहम्मद साहब की जीवनी और शिक्षाओं पर आधारित था। इस क्विज में नेउरा, चैनपुर, शाहपुर, डाल्टनगंज सहित पलामू-गढ़वा के 32 गांव के 350 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस क्विज के लिए परीक्षा केंद्र नेउरा के तीन स्कूल टैलेंट पब्लिक स्कूल, जीनियस पब्लिक स्कूल एवं ऑल इन वन पब्लिक स्कूल को बनाया गया था। परीक्षा के आयोजन में इक़रा के सभी सदस्यों और तीनों विद्यालय के शिक्षकगण का अहम योगदान रहा। विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए चैनपुर पूर्वी जिला परिषद फजायल अहमद सहित नेउरा के जनरल सदर अब्दुल मुतलिब, पूर्व मुखिया लुकमान अंसारी और भाग लेने वाले सभी गांव के उलेमा और कई गणमान्य लोगों ने तीनों परीक्षा केंद्र का दौरा किया। उक्त मौके पर जिला परिषद फजायल अहमद ने कहा की इक़रा एजुकेशनल सोसाइटी शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति ला रहा है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। ये परीक्षा हर साल आयोजित होगी। और इसका ईनाम ईद मिलादुन्नबी को नेउरा मिलान पर अजीमुशान जलसा में दिया जाएगा।

दुर्गा पूजा तैयारी को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : रामगढ़ प्रखंड के उलडंडा पंचायत में आज दिनांक 25 सितंबर 2023 दिन सोमवार को ग्राम मुसुरमू में जतराटांड़ के प्रांगण में दुर्गा पूजा शुभारंभ करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सोनी एवं संचालन मोहन यादव के द्वारा किया गया बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन मुसुरमू के जातरा टांड में किया जाएगा।जिसमें कमेटी का भी गठन किया गया जिसका अध्यक्ष - महेश्वर यादव, सचिव - महेंद्र प्रसाद सोनी, कोषाध्यक्ष - मोहन यादव, लक्ष्मण उरांव, उप सचिव - सुशील एक्का, उप कोषाध्यक्ष - शंकर प्रजापति, संरक्षक - गिरवर प्रजापति एवम् नागेंद्र प्रसाद जायसवाल, महामंत्री - देवनारायण भुईयां एवम् महावीर प्रसाद तथा सदस्य के रूप में मिखाएल डांग, मिलन कुजूर, प्रदीप प्रसाद, विनोद उरांव, ज्वाहीर भुईयां, महेंद्र ठाकुर, प्रदीप लोहार, सुरेश भुईयां, वीरेंद्र भुईयां, गरीब यादव, बलराम यादव, सुरेंद्र यादव, बसु लकड़ा, संजय खाखा, विश्वनाथ यादव, विश्वेश्वर सिंह, हरेंद्र प्रजापति, अजय प्रजापति, प्रभु एक्का, योगेंद्र प्रसाद सोनी, कालीचरण भुईयां, लिलेश्वर यादव, इंद्रदेव प्रसाद सोनी, मतीयस सुरीन, परमेश्वर प्रसाद सोनी और सत्यपाल सिंह का चयन किया गया।

भाजपा नगर व ग्रामीण मंडल द्वारा मनाया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : भाजपा नगर मंडल व ग्रामीण मंडल द्वारा सभी बूथों पर सोमवार को एक साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। भाजपा नगर मंडल का मुख्य कार्यक्रम विश्रामपुर जोड़ा मंदिर परिसर में हुआ। जहां भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। जयंती समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बनन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, शिववंश मिश्रा, महामंत्री मनीष कुमार, बेबी देवी, रजनीश चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यम शोनी, सुनील कुमार चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, अर्चना देवी युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, विकाश चंद्रवंशी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता, धर्मेन्द्र कुमार, गोपाल सोनी, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती, गिरधारी साव, भिखारी साव सहित कई लोग मौजूद थे। इधर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी की अध्यक्षता में तोलरा, भंडार व बघमनवा पंचायत के कई बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी।

विद्युत विभाग अधिकारियों द्वारा राज्य में वर्तमान गठबंधन के सरकार जनप्रतिनिधियों की गई अनदेखी : रंजन दुबे

चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): चैनपुर प्रखंड के गांधीपुर में 33/11 विद्युत शक्ति उप केंद्र का उद्घाटन किया गया इस उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय विद्युत विभाग के पदाधिकारी के द्वारा राज्य में चल रही वर्तमान सरकार के जनप्रतिनिधियों की याद नहीं आई वह सिर्फ भाजपा के नेताओं को आमंत्रित कर उद्घाटन के अवसर पर राजनीतिक मंच बनाकर पार्टी का प्रचार करवाने का कार्य किया उनके द्वारा जो किया गया है वह गलत है राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री आदरणीय श्री हेमंत सोरेन जी का निरंतर प्रयास के कारण आज गांधीपुर विद्युत शक्ति उप केंद्र का उद्घाटन संभव हो पाया है इसके शुरू हो जाने से पथरा एवं पूर्वडीहा के लगभग 40 गांव में निर्वाध रूप से बिजली मिल सकेगी उन्होंने कहा है कि सरकार के विरोध में किसी पार्टी के लिए वैसे जो भी पदाधिकारी इस तरह के कार्य कर रहे हैं इसकी शिकायत राज्य सरकार से की जाएगी।

बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन सिन्हा नियम विरोध कार्य करते हैं : अध्यक्ष गोपाल सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि विशुत्री के बैठक में सरकार की गाइडलाइन का अवहेलना करते हैं उपाध्यक्ष चंदन कुमार सिन्हा 21 सितंबर को 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय में हुई थी उसे बैठक में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य चंदन प्रकाश सिंन्हा के द्वारा जो कार्य की गई ठीक नहीं रहा 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि बैठक में संचालन करने की जिम्मेवारी सिर्फ प्रखंड विकास पदाधिकारी की है जबकि इन्होंने खुद संचालन करने का कार्य बैठक में किया है जो 20 सूत्री के नियम विरुद्ध है मैं इसका खंडनकरता हूं। उनके क्रियाकलाप से लगा की अपनी बातों को बलपूर्वक जबरदस्ती ढंग से बगैर जांचों प्रांत प्रोसीडिंग में लाने के लिए बात कही जाती है जो कहीं ना कहीं यह षड्यंत्र रचा जाने वाला विषय है जिससे 20 सूत्रीय एवं सरकार की बदनामी होने की संभावना बनती है उन्होंने कहा कि चंदन प्रकाश सिन्हा का जो कार्य शैली रहा है वह जिस संस्थान में कार्य करते हैं वहां झगड़ा ही क्या करते हैं संस्था का विरोध करते हैं चाहे वह कॉलेज हो स्वास्थ्य विभाग हो या वर्तमान में जो कार्य कर रहे हो उनकी यह पुरानी नियति रहा है वह शायद अपने प्रोटोकॉल को भूलकर कार्य करने का योजना बनाते हैं बैठक में खाद की कालाबाजारी पर जो सवाल खड़ा किया था उसका कोई पुख्ता सबूत उन्होंने बैठक में नहीं दिया जिससे कृषि पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाए चंदन जी सारे नियमों को तक पर रखकर कार्य करते है। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि कांग्रेस पार्टी के बढ़ते जनाधार को देखकर वह बौखलाए हुए हैं और मैं इस विषय पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मिलकर सारी स्थिति से अवगत कराने का कार्य करेंगे । लगाए गए आरोप पर बिस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा से दूरभाष से पूछे जाने पर बताया कि जब से हम बिस सूत्री उपाध्यक्ष बने हैं यह दो लोग अध्यक्ष एवं मुस्ताक आलम हमे पचा नहीं पा रहे हैं।

हिंदूवादी संगठनों की हुयी बैठक, शौर्य जागरण रथ यात्रा पर चर्चा

आगामी 30 सितंबर को बिश्रामपुर आयेगा शौर्य जागरण रथ, धर्म सभा का भी आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में हिंदूवादी संगठनों की एक बैठक हुयी। बैठक में अयोध्या राम मंदिर में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्रामपुर में आ रही शौर्य जागरण रथ यात्रा पर विशेष चर्चा की गयी.बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व संचालन संतोष गुप्ता ने किया। बैठक में शौर्य जागरण रथ यात्रा के आगमन की रूप रेखा तैयार की गई.आरएसएस के लोगो ने बताया कि विश्रामपुर में 30 सितंबर दिन शनिवार को सुबह 8:30 बजे शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन होगा.बस स्टेंड स्थित हनुमान मंदिर के पास विशेष पूजा अर्चना के बाद नगर भ्रमण करते हुये पंचमुखी मंदिर प्रांगण में पहुंचेगा। जहां एक भव्य धर्म सभा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से सांसद बीड़ी राम, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधयक रामचंद्र चंद्रवंशी,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कई दिग्गज भाजपा नेता, कई साधु संत व काफी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहेंगे। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के राजकुमार मेहता, आरएसएस के अमितेश्वर दयाल, मोनू बक्सराय, अनुज कुमार गुप्ता, अमित कुमार सोनी, विकास कुमार, सिंकू चंद्रवंशी, राजू केशरी, शशि ठाकुर, अंश सोनी, अभिषेक झा सहित विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस, बजरंग दल व हिन्दू महासभा के कई सदस्य मौजूद थे।

रात्रि रक्तपट संग्रह का कार्य रमना प्रखंड में 26 सितंबर से तथा नगर उंटारी में 5 अक्टूबर से

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमंडल के दो प्रखंडों के एक-एक गावं में रात्रि रक्तपट संग्रह कार्य किया जएगा। जिनमे नगर उंटारी में सुलसुलिया/झरिया, रमना में रमना के बाबुडीह टोला, बगौन्धा टोला, मुख्य बाजार टोला में किया जाएगा। उक्त बातें अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद ने बताया। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी में झरिया/ सुलसुलिया और रमना प्रखंड में रमना के बाबुडीह टोला, बगौन्धा टोला, मुख्य बाजार में रात्रि साढ़े आठ बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रमना प्रखंड के रमना में 26 सितंबर 23, 29 सितंबर 23 तथा 3 अक्टूबर 23 तथा नगर उंटारी में 5 अक्टूबर 23, 7 अक्टूबर 23 तथा 9 अक्टूबर23 को रात्रि साढ़े आठ बजे से किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

झारखंड के तीन जिलों को टीबी के लिए 48 लाख का आवंटन

रांची : झारखंड के तीन जिलों को टीबी के लिए 48 लाख का आवंटन किया गया है। इसमें यक्ष्मा केंद्र लोहरदगा, गुमला एवं साहेबगंज है। इसकी स्थापना पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्यय के लिए 48 लाख 6 हजार का आवंटन किया गया है। इस राशि को कर्मचारियों के वेतन और कार्यालय व्यय पर खर्च किये जायेंगे। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिला यक्ष्मा केंद्र पदाधिकारी होंगे। जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

राज्य स्तरीय स्क्वाश प्रतियोगिता का उद्घाटन 29 सितंबर को

रांची: शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय स्क्वाश प्रतियोगिता रांची क्लब में 29 सितंबर को होगी। कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 बजे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव के. रवि कुमार , झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी एवं अन्य करेंगे। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग में रांची जिला की टीमें भाग लेंगी।

बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति इको फ्रेंडली पंडाल का करेगा निर्माण

रांची : रांची के दीपाटोली स्थित बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इको फ्रेंडली पंडाल का निर्माण करेगा। श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप ने सोमवार को बताया कि समिति हर साल कुछ अलग करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करती है। हर साल पूजा पंडाल को ईको फ्रेंडली बनाया जाता है, ताकि पर्यावरण का नुकसान न पहुंचे ।

जनजातीय भाई-बहन सही मायने में प्रकृति के संरक्षक हैं : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रांची विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित करम महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने कहा कि करमा पूजा, जिसे करमा पर्व के रूप में भी जाना जाता है, हमारे राज्य में मनाया जाने वाला एक अहम त्योहार है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है और इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक संरक्षित करने में मदद करता है जिस प्रकार केला का पेड़ अपने पीछे नन्हे पौधा को छोड़ जाता है, उसी प्रकार यह उत्सव भी भावी पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति बहुत जीवंत है। यहां विभिन्न धर्मों, समुदायों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग रहते हैं। हमारा देश अनेकता में एकता का अनुपम व उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के गहरे व अटूट रिश्ते को दर्शाता है। हमारे जनजातीय भाई-बहन सही मायने में प्रकृति के संरक्षक हैं। प्रकृति की रक्षा करने का बोध उनके हृदय में है। वे प्रकृति का मान-सम्मान करते हैं एवं पूरी दुनिया को इसके संरक्षण का संदेश देते हैं।

5 करोड़ का ठगी करने वाला पकड़ाया ठग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। लंबे समय से विभिन्न लोगों का इंटीरियर डिजाइन के नाम पर ठगी करने वाला दीपक कुमार ओझा को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि लंबे समय से ठगी कर यह फरार था और न्यायालय द्वारा अजमानतीय वारंट भी निकल गया था। इसी के डर से दीपक फरार चल रहा था । पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक टीम गठित किया गया था और इसी गठित टीम के साथ इस पूरे घटना का उद्भेदन किया गया । दीपक ओझा को उदयपुर राजस्थान के नजदीक सबीना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर रांची लाया गया है। दीपक ओझा के खिलाफ सुखदेव नगर थाना पंडरा ओपी में मुकेश कुमार गिरी गोंदा थाना का रहने वाला है , 2 करोड़ 13 लाख 57,250 रुपए का धोखाधड़ी एवं ठगी करने का मामला दर्ज कराया था। इसी मामले में उसका एक साथी है रमन जेल में बंद है। पुलिस ने जब दीपक ओझा को पकड़ा और उनसे पूछताछ की तो दीपक ने बताया कि विभिन्न लोगों से करीब 5 करोड रुपए का

ठगी कर चुका है। दीपक की गिरफ्तारी होने के बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता को बिहार , राजस्थान, गुजरात सहित अन्य राज्यों से भी फोन आने लगे हैं कि दीपक ओझा ने उनको भी ठगा है। सिटी एसपी ने बताया कि अब मामला का उद्भेदन हो गया है । मीडिया में जब खबरें आएंगी तब पता चलेगा कि दीपक ने और कितने लोगों को ठगा है, पुलिस छानबीन कर रही है। बताया गया कि सुखदेव नगर पंडरा ओपी में 20 दिसंबर 2021 में 1 करोड रुपए धोखाधड़ी का मामला दर्ज है । वहीं गोंदा थाना 124 / 22 , 15 नवंबर 2022 एक करोड़ 20 लाख रुपए धोखाधड़ी एवं ठगी करने का मामला दर्ज है । चतरा सिविल कोर्ट कंप्लेंट केस संख्या 538 /22 के अंतर्गत कुल 15 लख रुपए ठगी किया गया है । बोकारो सिविल कोर्ट क्रिमिनल केस कंप्लेंट केस नंबर 205 / 14 के अंतर्गत 5 लख रुपए ठगी किया गया है । अरवल बिहार में भी 20 लाख ठगी की है। कोयला व्यवसाय कुणाल जो जमशेदपुर का रहने वाला है उससे 20 लाख नगद ठगने का मामला है। कांके रोड चायवाला से भी 1, 20 हजार रुपया ठगी किया है। इसके अलावा राजस्थान एवं गुजरात में भी विभिन्न लोगों को ठगी करने का बात उन्होंने स्वीकार किया है । फिलहाल अभी उन्होंने 5 करोड रुपए ठगी का बात को स्वीकार किया है। लेकिन पुलिस को उम्मीद है कि जब बातें खुलकर मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक होगी तब यह पता चलेगा कि और किन-किन लोगों से वह ठगी कर चुका है । दीपक कुमार ओझा मूल रूप से बिहार के भोजपुर जिला शहजौली थाना शाहपुर का रहने वाला है। इसके पास से तीन एंड्राइड मोबाइल जब्त किया गया है। इस छापेमारी दल में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, सहित पंडरा ओपी प्रभारी शिवनारायण तिवारी , अनुसंधानकर्ता मिथुन कुमार और सशस्त्र बल विशंभर बेरा शामिल थे।

महिला आरक्षण बिल सिर्फ चुनावी जुमला : रागिनी नायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद के विशेष सत्र में पारित महिला आरक्षण बिल 2039 से पहले लागू नहीं हो सकता। यह बिल पूरी तरह से मोदी सरकार का चुनावी जुमला है। नायक सोमवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने महिला आरक्षण के नाम पर देश की आधी आबादी के साथ विश्वास घात का भी आरोप केंद्र सरकार पर लगाया है। 2014 के चुनाव में भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का एक प्रमुख वादा था। लेकिन नौ साल बीत जाने और सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के जरिये प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र के बाद और आईएनडीआईए गठबंधन से घबराहट के बाद आनन-फानन में यह बिल लाया गया। मगर यह बिल में ऐसे कंडीशन हैं, जिसके चलते यह 2039 में ही लागू हो पाएगा। राष्ट्रीय जनगणना अब 2026 में शुरू होगा। इसमें 3-4 साल लगेंगे। फाइलन डाटा आते-आते और समय लगेगा। इसके बाद परिसीमन लागू किया जाएगा।

इसमें काफी वक्त लग जाएगा। वर्तमान स्वरूप में इसे लागू होते-होते 2039 आ जाएगा। इसलिए यह बिल केवल और केवल आईवाश है। महिलाओं की भावना और अधिकार के साथ केवल खिलवाड़ भर है।

पेसा कानून को अंतिम रूप देना क्रांतिकारी कदम, जल्द लागू करे सरकार : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सरकार द्वारा पेसा कानून को अंतिम रूप देना वैसा क्रांतिकारी कदम है जो प्रदेश के जमीनी हालात और यहाँ के गाँवों की तस्वीर बदलने के साथ ही ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में सफल होगा। करम परब के अवसर पर झारखण्ड वासियों को दिये गये पेसा कानून के उपहार के लिये सकारात्मक, मजबूत एवं निर्णायक कदम उठाने के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तिर्की ने कहा कि राजीव गाँधी के कारण ही पंचायती राज कानून लागू हुआ था जिससे ग्रामीणों को उनका अधिकार मिला और पेसा कानून भी कांग्रेस की ही देन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही पाँचवी अनुसूची के तहत आनेवाले क्षेत्रों के लिये 1996 में पेसा कानून बनाया था। इसके बाद सभी सम्बंधित राज्यों को इससे सम्बंधित कानून एक साल के अन्दर बनाना था पर भाजपा शासित राज्यों ने इसपर कोई कार्रवाई नहीं की। तिर्की ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही हमेशा से ग्रामीणों, आदिवासियों, पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों आदि के कल्याण के प्रति समर्पित रही है. तिर्की ने कहा कि ऐसा महत्वपूर्ण कदम उठाना केवल कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार के बस की ही बात थी अन्यथा जिस भारतीय जनता पार्टी ने 15 नवम्बर 2000 को झारखण्ड गठन के बाद से अबतक लगभग 23 साल के कार्यकाल में अधिकांश समय तक शासन किया वह आम जन की इस आकांक्षा को जरूर पूरा करती. लेकिन भाजपा मूलतः वैसे तत्वों की पार्टी है जो आम लोगों एवं ग्रामीणों का केवल शोषण करना ही जानती है इसीलिए भाजपा सरकार के शासनकाल में ऐसा कानून बना ही नहीं।वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि पेसा कानून के संदर्भ में सरकार का सबसे महत्वपूर्ण कदम यह रहा कि उसने पिछले 31 अगस्त तक आम जनता एवं संगठनों से आपत्तियां एवं सुझाव की मांग की थी और उसके अनुरूप उसने व्यावहारिक सुझावों को भी इस पेसा कानून में शामिल किया है जो प्रशंसनीय कदम है।

राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम उदयपुर रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड दिव्यांग पुरुष क्रिकेट टीम जो डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित थर्ड नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी 20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 उदयपुर में लेने उदयपुर रवाना ट्रेन से हुई। इस मौके पर इस मौके पर तीन झारखंड का फैसिलिटेशन कार्यक्रम हैप्पी फीट स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जग्गू , सचिव आफताब आलम, वारिस कुरैशी , एम एम सिद्दीकी, जाहिद अंसारी, तबरेज अंसारी, रोहित राय ,सुनील कुमार, जावेद आलम,मनोज उरांव अफरोज अंसारी विकास मुंडा समेत हैप्पी फीट के शिक्षक मौजूद थे। इस मौके पर बोलते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी झारखंड का नाम रोशन करेंगे उदयपुर में यह मुझे उम्मीद है आपकी प्रतिभा का विकास ज्यादा से ज्यादा हो सके यही मेरा आशीर्वाद है । उदयपुर में झारखंड का नाम रोशन हो हमारी शुभकामनाएं हैं।

प्रतियोगिता 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होगी जिसमें पूरे भारत से कुल 24 राज्य भाग ले रहे हैं। झारखंड के टीम में चार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कैप्टन मनीष कुमार, बब्बन सिंह, सुनील कुमार और संदीप साहू शामिल है ।

कोकर दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : आज कोकर बाजार जतराटांड़ के प्रांगण में रविवार को कोकर दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें भव्य पुजा मनाने हेतु वर्ष 2023 का कमिटी का विस्तार अध्यक्ष चंचल चटर्जी द्वारा किया गया।

कोकर दुर्गा पुजा कमिटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी एवं सयोंजक राजूराम बने अध्यक्ष :चंचल चटर्जी, सयोजक : राजु राम, कोर कमिटी : सुवीर चक्रवर्ती,प्रवीण चक्रवर्ती, यु.पी. चाटर्जी, अनिल अग्रवाल, सुशील मोहता,अशोक सिंह,गौतम चाटर्जी, पप्पु वर्मा, रतन अग्रवाल, कन्हैया झां, अर्जुन मुंडा, वीरेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र

कुमार राम, आदित्य कुमार (चरका), अजय भगत, संतोष प्रसाद,संतलाल भगत, चुनु सिंह, तुलसी केजरीवाल, गुड्डू सोनी, इंद्रजीत भटाचारिया,सानमुन चाटर्जी, सरराम चाटर्जी, मुख्य संरक्षक : विजय पाठक, सजीव विजयवर्गीय, अलोक मिश्रा, पी.एन. सिंह, रमेश सिंह, संतोष महतो, रंजन पासवान, मुन्ना यादव,प्रिय रंजन सहाय, संजय राय, संरक्षक : कृष्णा कुमार, अजय अग्रवाल, सुभम मुंडा,संजय तिर्की, युवराज पासवान, भरत कुमार पासवान, रंजन पाठक, विकाश विजयवर्गीय, नविन सिंह (पोली),उत्तम दुबे, साकेत राज (दीपू), जे. पी. भल्ला,दीपक मिश्रा, दिनेश मुंडा, विकाश सिन्हा(समी), संतोष अग्रवाल, विजय मुंडा, राज सिन्हा, सजन वर्मा, कुंदन ठाकुर, गुड्डू अग्रवाल, मुकुल सिंह, कार्तिक वर्मा, महावीर लकड़ा, वीरेंद्र अग्रवाल, सनोघरवा उरांव, विजय सिंह।

ईडी के समन को लटकाने की साजिश: प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी लीगल टीम पर हाईकोर्ट में मामले को जबरन लटकाने का बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने उच्च न्यायालय के वेबसाइट से निकाले हुए दस्तावेज को जारी करते हुए दिखाया कि किस तरीके से 23 तारीख को मुख्यमंत्री की लीगल टीम ने उनके इशारे पर जिस याचिका को हाईकोर्ट में दाखिल किया है

उसमें पांच डिफेक्ट लगे हुए हैं। प्रतुल ने कहा यह सिर्फ चतुराई और धूर्तता से ईडी सम्मन मामले को उलझाने का प्रयास है। प्रतुल ने कहा कि क्या मुख्यमंत्री के महंगे वकीलों , लीगल टीम को यह भी नहीं पता कि याचिका की एक्स्ट्रा कॉपी दी जाती है। प्रतुल ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन पूरे जोर-जोर से कहता है कि मुख्यमंत्री ईडी के मामले में उच्च न्यायालय गए हैं।लेकिन याचिकाओं में डिफेक्ट को छोड़ दिया है।यानी मामला तब तक सूचीबद्ध नहीं होगा जब तक इन डिफेक्ट को दूर नहीं किया जाएगा।यानी एक बार फिर से लटकाने का प्रयास हो रहा। प्रतुल ने कहा यह पहला मामला नहीं है जब डिफेक्ट छोड़कर मुख्यमंत्री ने याचिका को लटकाया हो। इसके पूर्व भी जब वो झारखंड के महामहिम राज्यपाल के खिलाफ नवंबर, 2022 में मुकदमा दाखिल किया था।वह आज तक इसलिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है क्योंकि उसमें भी अभी तक डिफेक्ट है।

कांटाटोली फ्लाइओवर निरीक्षण करने पहुंचे से सिटी एसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची के सिटी एसपी सह प्रभारी यातायात एसपी राजकुमार मेहता कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण का निरीक्षण करने घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने देखा कि कांटा टोली का जो मुख्य चौक है वहां पर फ्लाईओवर निर्माण जारी है । जिस कारण से मुख्य चौक को बंद कर दिया गया है। मार्ग बंद होने से आने-जाने वाले रूट खास कर मेन रोड से लोवाड़ीह की ओर जाने वाले मार्ग बाधित हो रहा है। सिटी एसपी ने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण के इंजीनियर , मैनेजर सभी के साथ वहां पर बैठक हुई और बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि करीब 10 दिन लगेंगे । हालांकि उन्हें समझाया गया है कि आमजन की सहुलियत को देखते हुए काम में थोड़ा तेजी लाएं । उम्मीद है कि 28 सितंबर तक बंद रास्ता जो ब्लॉकिंग किया गया है वह खुल जाएगा और सुचारू से वाहनों का आवा गमन सीधे रूट से होने लगेगा।

राज्यपाल ने करमा पूजा की राज्यवासियों को दी बधाई

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को करमा पूजा की समस्त राज्यवासियों को हार्दिक बधाई दी है। राज्यपाल ने ट्वीट कर करमा पूजा की बधाई दी है।

सिटी एसपी ने दिखाया मानवता ग्लोबल अस्पताल ने गरीब का किया इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कौन कहता है कि इस भाग दौड़ वाले जिंदगी में कोई किसी की मदद नहीं करता है। आज भी ऐसे कुछ लोग हैं जो मदद के लिए तैयार रहते हैं। एक ऐसा ही मामला सामने आया है जब कोडरमा के रहने वाली एक 13 साल की बच्ची अपने 9 साल के भाई और बीमार पिता स्वर्ण लोहार जो आर्थिक तंगी के कारण सल्फास की गोली खा लिया था और जिंदगी और मौत से जूझ रहा था । उस हालत में बच्ची ने अपने पिता,भाई को लेकर रांची पहुंची या अपने आप में कल्पना करने वाली बात है । बच्ची सदर अस्पताल पहुंची यहां से फिर रिम्स गई लेकिन उसे कहीं मदद नहीं मिली। आखिर में वह रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता के बारे में उसे किसी ने बताया और उनका फोन नंबर उस बच्ची को दे दिया , बच्ची ने जैसे ही रात में से सिटी एसपी को फोन किया तो सिटी एसपी तुरंत कुछ समझे बुझे उस बच्ची से बहुत ज्यादा सवाल न करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे और सदर अस्पताल पहुंचकर उनसे बातचीत की । उसके पिता की बिगड़ते तबियत को देखते हुए आनन फानन में बरियातू थाना क्षेत्र के ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर रजनीश की देखभाल से से मरीज की हालत में कुछ सुधार हुआ। सिटी एसपी ने बताया कि ग्लोबल अस्पताल प्रबंधन ने किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया । यह उनका बहुत बड़ा उपकार है। बच्ची तीन दिन से कुछ नहीं खाया था, मैं सोच रहा हूं कि वह कैसे यहां तक पहुंची । वहीं डॉक्टर रजनीश ने बताया कि ग्लोबल अस्पताल में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने जिस हालत में स्वर्ण लोहार को लेकर आये थे

उसका इलाज तुरंत करना था, लेकिन जो हुआ वह सब अच्छा रहा। उसकी हालत में अभी और सुधार है। हालांकि उसे किसी दूसरे अस्पताल में भी रेफर करने की बात हो रही है।

शहीद अब्दुल हमीद सम्मान समारोह में अल्पसंख्यक आयोग को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सामाजिक संस्था कर भला तो हो भला संस्था के द्वारा परमवीर चक्र शहीद अब्दुल हमीद इदरीसी सम्मान समारोह 2023 का आयोजन इदरीसिया कामयूनिटी के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों एवं समाज सेवकों को सम्मान किया गया। प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता शमशेर आलम थे। विशिष्ट अतिथियों में पार्षद डॉक्टर साजदा खातून, इदरिसिया 84 के अध्यक्ष मो इस्लाम, सचिव गुलजार हुसैन, इखलाकिया इद्रीसिया पंचायत के मंसूर चिश्ती, जमात इद्रीसिया पंचायत के मो शमीम, सूफी इद्रीसिया पंचायत के मनव्वर हुसैन भुट्टू, चंपा इद्रीसिया पंचायत के मेराजुद्दीन, डोरंडा इद्रीसिया पंचायत के मो कलीम, गुलजार इद्रीसिया पंचायत के मो आफताब आलम, 84 के पूर्व सचिव मो साबिर, उप सचिव मो अंसार और उपलब्ध रहे विशिष्ट जनों ने कुरान पाक की तिलावत से कार्यक्रम का आरंभ किया। संस्था के अध्यक्ष सज्जाद इदरीसी ने कहा की समाज के कार्यो को करने में समाज के मजबूत स्तंभ पत्रकार व समाज सेवकों का भरपूर सहयोग मिलता है जिसके चलते आज सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में युवा एकता मंच के अध्यक्ष राशिद जमील शेख, डायमंड हेल्पलाइन के संरक्षक नौशाद कादरी, यंग इदरीसिया वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष टिंकू अशरफ, सोशल वर्कर्स में मोहम्मद नौशाद अहमद गुर्जर, खालिद उम्र, पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने वालों में अशरफ खान, समर इमाम, महताब आलम, मो सन्नी, गुलाम शाहिद, मोहम्मद आसिफ, नाजिश, अबूजर गफ्फारी, शकील खान, शाहिद रहमान, आदिल रशीद, इसके साथ ही इदरीसीया फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजक महबूब रिजवी, मोहम्मद जहांगीर, आफताब आलम, खालिद उम्र, के अलावा इस फुटबाल टूर्नामेंट के कैप्टन मजीद आलम और उनके टीम के सभी खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल, सेकंड विनर के कप्तान गुड्डू और उनके तमाम खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल, और सूफी इद्रीसिया टीम को ब्रांड मेडल, बेस्ट गोल करने वाले खालिद उमर को, बेस्ट गोलकीपर मोहम्मद अली और इन सभी को सामाजिक संस्था कर भला तो हो भला के द्वारा गुलदस्ता, शील्ड, और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

क्षीरसागर का निर्माण करेगा बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के दीपाटोली के बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष क्षीरसागर का निर्माण करेगा । श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप ने सोमवार को बताया कि समिति हर साल कुछ अलग करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करती है। हर साल पूजा पंडाल को ईको फ्रेंडली बनाया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचे ।

साथ ही, पंडाल में आए भक्तों को प्रकृति के बीच होने का एहसास हो। उन्होंने बताया कि इस बार हमारे पूजा पंडाल का थीम श्री हरि विष्णु के निवास स्थान क्षीरसागर है।

उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हमारे मुख्य पंडाल का गेट लगभग 80 फीट चौड़ा है जो श्री हरि विष्णु के तिरुपति बालाजी प्रतिमा का प्रारूप की तर्ज पर निर्माण किया जा रहा है, तिरुपति बालाजी का 30 फीट ऊंचा बड़ा सा मुकुट धारण किए हुए चेहरे का स्वरूप रहेगा और उसके गेट के अंदर जैसे ही श्रद्धालु प्रवेश करेंगे तो श्री हरि विष्णु के स्तुति का धुन सुनाई देगा।

जैसे-जैसे श्रद्धालु अंदर प्रवेश करेंगे तो चारों तरफ क्षीरसागर और स्वर्ण द्वार मिलेंगे। प्रत्येक द्वार में प्रवेश करते हुए भगवान विष्णु के 10 अवतार का दर्शन होगा। इसके बाद मां दुर्गा का अवलोकन करने से पूर्व श्री हरि विष्णु के हजारों शास्त्रों का आप अवलोकन कर पाएंगे। साथ ही श्रद्धालु मां भवानी के मुख्य प्रतिमा का दर्शन करते हुए क्षीरसागर में विराजमान श्रीहरि विष्णु के अवलोकन करते हुए पंडाल के निकास द्वार से बाहर कि ओर प्रस्थान करेंगे। इस पंडाल के निर्माण का कूल लागत लगभग 35 लाख रुपये हैं।

आजसू नेता राजकिशोर कुशवाहा ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बुंडू : रेलाडीह पंचायत के खुदिमदिकाम पहुंचे आजसू नेता राजकिशोर कुशवाहा पहुँच कर लोगो से मिले उन्होंने बताया कि रात को फोन के द्वारा रेलाडीह पंचायत के मुखिया सिदार्थ सिंह मुंडा के द्वारा सूचना मिला था कि करीब पाँच दिन से रोज 40-50 की संख्या में हाथियों के द्वारा आस-पास लोगो के धान के फसलो को खाकर और पैरों से रौंद कर हाथियों के द्वारा बर्बाद किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हो रहा है जिसका जायजा लेने के लिये बुंडू जिलापरिषद सदस्या परमेश्वरी शांडिल आजसू जिला सचिव ताराचंद मुंडा ,जिलापरिषद सदस्य के द्वारा बुंडू वन विभाग के पदाधिकारियों को भी सूचना देकर बुलाया गया और उनको हाथियों के द्वारा नष्ट किये गये खेतो में ले जाकर दिखाया गया और इस समस्या के ठोस समाधान के लिये जरूरी कदम उठाने के लिये कहा गया नही तो आजसू पार्टी जल्द उग्र अंदोलन करेगी जिसकी जानकारी दी गई !वन विभाग के द्वारा भी कुछ पटाखे दिये गये थे जो पर्याप्त नही था तो तुरंत आजसू पार्टी के द्वारा अलग से ग्रमीणों के लिये पटाखे उपलब्ध कराया गया !

भाजपा खलारी मंडल कार्यकर्ताओं ने पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने धमधमियां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी. इस दौरान उपस्थित मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दिया. मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि 25 सितम्बर 1916 ई.को महान विचारक एवं एकात्म

मानववाद के मंत्रदृष्टा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म हुआ था. कहा गया कि पंडित दीनदयाल जी का मत व विचार था कि भारत महज जमीन का एक टुकड़ा नहीं अपितु जीता जागता राष्ट्रपुरुष है. यहां की संस्कृति एवं सभ्यता के बिना यह राष्ट्र अधूरा है. उन्होने स्वाधीन भारत की सामाजिक, आर्थिक, संस्कृति एवं राजनीति दशा और दिशा में अपना महत्वपुर्ण योगदान दिया. साथ ही इस दौरान 02 अक्टुबर को भाजपा खलारी मंडल के द्वारा स्वच्छता अभियान चालए जाने का भी निर्णय लिया गया. अंत में धन्यवाद ज्ञापन भोलानाथ चौहान ने दिया.इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, शिवकुमार चौधरी, चतुर्गुण भुइयां, अमित चौधरी, प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

खलारी के तुरी समाज ने की बांसपति देव की पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : करमा पूजा के शुभ अवसर पर बांसपति देव स्थल डकरा में तुरी समाज के लोगों ने बांसपती देवस्थल पर करम डाल को अर्पित कर विधि विधान से बांसपति देव की पूजा की.तुरी समाज की नेत्री इंदिरा देवी ने बताया कि करमा पूजा प्रकृति पर्व है.हम लोग जल जंगल जमीन और पेड़ पौधे की पूजा करते हैं. करम पूजा के दिन करम डाल की पूजा की जाती है. यह भाई बहन के प्यार व निष्ठा का त्योहार है. कमलेश तुरी ने बताया कि करम पूजा, सरहुल पूजा, आसरी पूजा, गंवात पूजा, बासपति पूजा, सोहराय पूजा हमारी संस्कृति है, हमारी पहचान है. हमारी संस्कृति विष्व की सबसे प्राचीन

संस्कृति है. इसकी शुरुआत आदिकाल से ही हुई थी. इस मौके पर मुख्य रूप इंदिरा तुरी, कमलेश तुरी, दशरथ तुरी राजेश तुरी, आनंद तुरी, मनोज तुरी, विकास तुरी, कैलाश तुरी, अजय तुरी, अनिल तुरी, कृष्णा तुरी, शिबू तुरी, किशुन तुरी, विजय तुरी, रंजीत तुरी, संगीता देवी, रजनी देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, शोभा देवी, प्रमिला देवी, विलासी देवी, पारो देवी, झुनियां देवी, शांति देवी के अलावा खुटीटोला, भूतनगर, कोकारिया टांड़, मानकी, धोबी टोला, हुटाप व गुलजारबाग के लोग मौजूद थे.

विधायक के पहल पर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :सिल्ली प्रखंड के रिटायरमेंट कॉलोनी मुरी में रविवार को 100 केवीए का नए ट्रांसफार्मर का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य सुशील महतो, पंचायत समिति अरविंद कुमार,एवं लक्ष्मण महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा क्षेत्र के हर गांव में बिजली समेत सारी मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हर समस्याओं के समाधान को लेकर सदैव तत्पर है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से रिटायरमेंट कॉलोनी के लोग अंधेरे में रह रहे थे। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत विधायक सुदेश कुमार महतो से किया। जिसके बाद विधायक के पहल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस मौके पर अलंकार गुप्ता, आकाश प्रसाद, प्रेमनाथ प्रजापति, चन्दन कुमार, प्रसान्तो दे, नरेंद्र प्रसाद, बुलु नाथ, रोशन कुमार, नीखील सिंह, रतन गुप्ता समेत कॉलोनी के लोग मौजूद थे।

मांडर के मुड़मा चौक में बीजेपी सांसद रमेश विधूड़ी का पुतला दहन किया गया

मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मांडर प्रखंड अंतर्गत मुड़मा चौक में समाजसेवी साकिर इस्लाही की नेतृत्व में बीजेपी सांसद रमेश विधूड़ी का पुतला दहन किया गया। वहीं उपस्थित विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी ने बताया कि लोक सभा मे बीजेपी सांसद रमेश विधूड़ी द्वारा मुस्लिम समुदाय को बुरा भला कहने पर निंदा की गई। इससे नाराज लोगों ने निर्णय लिया और सोमवार को 5 बजे शाम में मुड़मा चौक पर विरोध स्वरूप उक्त सांसद का पुतला दहन किया गया। मौके पर साकिर इस्लाही ,आबिद अंसारी, समीम अख्तर आजाद समीम अख्तर, इरसाद,इमाम, अजबुल अंसारी,मकबूल अहमद जमील अख्तर, मौलाना अलीइमाम शमशुल हक, गफ्फार अंसारी नुरुल्ला हबीब,फिरोज अंसारी अजीम महमूद जलील जी मंसूर आलम ,नजबुल अंसारी, आदि उपस्थित थे।

पर्यटक स्थल नकटा पहाड़ में वज्रपात होने से एक पर्यटक की मौत

चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता) : चान्हो थाना क्षेत्र के पर्यटक स्थल नकटा पहाड़ में सोमवार दोपहर वज्रपात होने से 6 लोग गंभीर रूप से हुए घायल एक की हुई मौत। बताया जा रहा है कि 6 की संख्या में लोग चक्रधरपुर से नकटा पहाड़ घूमने के लिए आए थे तभी अचानक मौसम खराब हो गया और वज्रपात होने से उसके चपेट में लोग आ गए। जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग चान्हो पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

करम केवल एक त्योहार नहीं बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है : बगरय मुंडा

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): सरना धर्म सोतो- समिति केंद्र डौगड़ा में करम पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धर्मगुरु सोमा कंडीर और धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में सरना में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया सिंडबोंगा से आशीर्वाद लिए और सबको करम की शुभकामनाएं दिए. इससे पहले नौ प्रकार के बीजों से तैयार जावा एवं करम डाली अखड़ा

में स्थापित की गई. जावा के लिए नदी से बालू छानकर दो नई टोकरियों में भरी गई और नौ प्रकार की बीज जैसे धान, मडुआ, उरद, सरगुजा, ज्वार, गोंदली, मक्का, गेहूं व रहड़ उठाकर नौ दिनों तक हल्दी पानी से सींचकर तैयार किया गया. जावा फूल सौहार्द व खुशहाली का प्रतीक है जिसे पुरुष कान और महिलाएं कोपों में एक-दूसरे को लगाकर खुशियां बांटी. धर्मगुरु बगरय मुंडा ने करम कहानी के माध्यम से अनुयायियों को संदेश दिया कि करम न केवल एक त्योहार नहीं बल्कि यह अपने कर्मों के प्रति आत्मचिंतन- मंथन तथा विचार करने का अवसर है. अपनी बुराईयों के लिए पश्चाताप मन्नत मांगने का पर्व है. मनुष्य इस धरती पर खाली हाथ आता है और मृत्यु के बाद खाली हाथ ही चला जाता है. उनके साथ सिर्फ उसके कर्म ही जाता है और उसी से उसे हमेशा याद किया जाता है. उन्होंने आगे कहा कि करम प्रेम व भाईचारा बढ़ाने का एक माध्यम है. समाज से ऊंच-नीच, लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और समाज में सुख, शांति और खुशहाली आती है इस अवसर पर बिरसा कंडीर, मंगा ओड़ेया, डा सीताराम मुंडा, सुखराम पुर्ती, मथुरा कंडीर, सुगना पहान, टुटी ओड़ेया, नरनसिंह तोपनो, जमुना मुंडू, मधियाना धान, जीतनाथ पहान, विश्राम टुटी, बुधराम मुंडा के साथ क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोग शामिल हुए.

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों व ग्रामीणों के बीच वस्त्र व सामग्रियों का किया गया वितरण

ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में गरीब कल्याण और लोक सेवा हेतु विश्व को मानवता की सेवा का मार्ग दिखलाने वाले जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ओरमांझी प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल गांव बड़ा गगारी मे छोटे बच्चो व ग्रामीणों के बीच टी-शर्ट, पैन्ट, लंच बॉक्स, चॉकलेट , बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। मौके

पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सोच था, समाज के अन्तिम पदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का किरण पहुंचे इसी उद्देश्य के पूर्ति हेतु एक छोटा सा प्रयास है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, ओरमांझी पंचायत के उपमुखिया सह भाजपा नेता संतोष गुप्ता, भाजयुमो महामंत्री आनन्द महतो, सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, मनोज गुप्ता रूपेश साहू, अशोक बेदिया सहित काफी संख्या में बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

बेड़ो व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया करमा पर्व

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकृति पर्व करमा मनाई गई। पर्व को लेकर खासकर बहनों द्वारा बाजारों में पूजा सामग्री सहित अन्य सामान की खरीदारी जोर शोर से किया गया। जबकी भाइयों द्वारा जंगल से करम की डाली लाकर लगाई गई। यह पर्व फसलों और वृक्षों की पूजा का पर्व है। यहां की संस्कृति और लोक नृत्य कला का आनंद करमापर्व में भरपूर देखने को मिलता है। भादो महीने की उजाला पक्ष की

एकादशी को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जबकि इस पर्व की तैयारी पंद्रह दिन पहले शुरू हो जाती है और पूजा पाठ एकादशी के पहले सात दिनों तक चलती है। करमा में नई फसल आने की खुशी में लोग नाच गाकर मनाते हैं। इस पर्व को भाई-बहन के अगाध प्यार के रूप में भी जाना जाता है । वैसे ही हमारे यहां करमा पर्व में बहनें व्रत रखकर भाई की रक्षा का संकल्प लेती हैं।

रेलाड़ीह क्षेत्र में बड़ी संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने डेरा जमाया, फसलों को पहुंचा रहे हैं नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बुंडू : बुंडू प्रखंड क्षेत्र में 40 के आसपास की संख्या में रेलाड़ीह क्षेत्र जंगली हाथियों का झुंड में जमा है।हाथियों का झुंड फसलों को खुब नुकसान पहुंचा रहे हैं। बुंडू वन क्षेत्र के रेलाडीह पंचायत के खुदिमदिकाम आज बुंडू की जिला परिषद सदस्या परमेश्वरी सांडिल्य और आजसू पार्टी के रांची जिला के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा पहुंचे और हाथी प्रभावित किसानों से मिले इस दौरान पहुँच कर लोगो से मिले ज्ञात हो कि बीती रात को रेलाडीह पंचायत के मुखिया सिदार्थ सिंह मुंडा के द्वारा सूचना मिला था कि करीब पाँच दिन से रोज 40-50 की संख्या में हाथियों के द्वारा

आस-पास लोगों के धान की फसलों को खाकर और पैरों तले बुरी तरह से रौंदा जा रहा जिससे बेचारे किसान परेशान है साथ ही आसपास के दर्जनों गांव के लोग जंगली हाथियों के दहशत में जीने को मजबूर हैं इधर पांच परगना क्षेत्र में जंगली हाथियों के इस तांडव का कोई स्थायी समाधान होता नहीं दिख रहा है वन विभाग के हाथी भगाओ दस्ते को द्वारा सिर्फ एक गांव से दुसरे गांव एक छोर से दुसरे छोर जंगली हाथियों के झुंड को भगाकर और गांवो के लोगों के पटाखा टार्च बांटकर सिर्फ कोरम पूरा किया जा रहा है। मौके पर बुंडू जिलापरिषद सदस्या परमेश्वरी शांडिल्य के द्वारा बुंडू वन विभाग के पदाधिकारियों को भी सूचना देकर बुलाया गया और उनको हाथियों के द्वारा नष्ट किये गये खेतो में ले जाकर दिखाया गया और इस समस्या के ठोस समाधान के लिये जरूरी कदम उठाने के लिये कहा गया नही तो आजसू पार्टी जल्द उग्र अंदोलन करेगी जिसकी जानकारी दी गई !वन विभाग के द्वारा भी कुछ पटाखे दिये गये थे जो पर्याप्त नही था तो तुरंत आजसू पार्टी के द्वारा अलग से ग्रमीणों के लिये पटाखे उपलब्ध कराया गया।

भाजपा मंडल ने नेशनल खिलाड़ी को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

ओरमांझी : सोमवार को भाजपा मंडल ओरमांझी के द्वारा अंडर 14 का नेशनल खिलाड़ी आरती कुमारी को सम्मानित किया। ज्ञात हो की पंजाब अमृतसर में आयोजित नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने फाइनल मैच मे विजय दिलाकर झारखंड राज्य को चैंपियन बनाया। चैंपियनशिप में शामिल आरती कुमारी ने गोवा बनाम झारखंड, वेस्ट बंगाल बनाम झारखंड ने एक एक गोल कर चैंपियनशिप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आरती कुमारी चकला के सरना टोली किसान परिवार की बेटी है। इनके पिता सेवालाल महतो मूल रूप से किसान है। इनके चार पुत्री एवं एक पुत्र है। आरती कुमारी इनसे तीसरी पुत्री है। और युवा फुटबाल क्लब से अभ्यास करती

है। झारखंड टीम से चकला के तीन बेटियां शामिल मिल थी। जिसमे सृष्टि कुमारी पिता आकाश कुमार एवं चंचला कुमारी ने झारखंड ओरमांझी का नाम रौशन किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी ने आरती कुमारी एवं सृष्टि कुमारी को उनके घर जाकर पुष्प गुच्छ,माला पहनाकर व शॉल देकर मनोबाल बढ़ाया। और भविष्य उज्जवल की कामना किया। इस अवसर प्रमुख रूप से रांची जिला ग्रामीण वरीय उपाध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही, मुखिया शिवनाथ मुंडा, ग्राम प्रधान बालक पहन,अलखनाथ महतो,मुखिया वीरेंद्र मुंडा ,आफताब आलम, जितेंद्र महतो, अंबिका महतो, शशि मेहता, नरेश महतो, दीपक कुमार, दिनेश महतो, राम लखन महतो,आसाराम महतो, जगलाल महतो, आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

हिंडाल्को करम आखड़ा में प्रकृति का पर्व करम धुमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

मुरी : हिन्डाल्को करम आखड़ा में धर्म और अधर्म के बीच की दूरी भाई बहन के अपार प्यार का संदेश,प्रकृति का पूजन तथा भाईचारा का अनोखा पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।यह पर्व जब खेतों में फसल लग जाती है और गोड़ाधान पकने लगता है तब भादो एकादशी को करम पूजा होती है।हिन्डाल्को कर्मा पूजा कमिटी के सभी सदस्य रात दिन परिश्रम करके पूजा करवाते है। कम्पनी का भागेदारी भी अति प्रशंसनीय रहता है।मानव संसाधन विभाग की ओर से पूर्ण रूप से सहयोग रहता है।आज का करम पूजा जो 14 जून 2003 से प्रतिबर्ष होते आ रहा है कथावाचक के रुप में या पुरोहित के रुप में टुटकी नवाडीह के सेवानिवृत्त शिक्षक श्री समल महतो ने बहुत ही बिस्तार से पूजा सम्पन्न कराये। सोमवार की शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया।जिसमें हिन्डाल्को करमा पूजा कमिटी क्षेत्रीय लोकसंगीत कलाकारों द्वारा देर रात तक झूमते और झूमाते रहे है। कमिटी के सदस्यों के रूप में श्री सुभाष चन्द्र महतो,श्री राजकिशोर महतो,आदित्य कुमार महतो,आत्मा राम महतो,महावीर महतो,उपेन्द्र नाथ महतो,श्री जग्गनाथ महतो,इत्यादि मौजूद थे।अतिथियों के रूप में भूतपूर्व एवं वर्तमान शिक्षकों , श्री धीरेंद्र नाथ महतो,श्री नारायण चन्द्र महतो,श्री योगेन्द्र प्रसाद सिंह,श्री राधेश्याम साहू,श्री ऋषिकांत उपाध्याय और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पंडित दिनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : आज दिनांक 25 सितंबर 2023 को सरला बिड़ला परिसर स्थित योग सभागार में भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 107 वीं जन्म जयंती मनाई गई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के महामंत्री परम आदरणीय प्रदीप वर्मा जी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं संचालन अमित कुमार मिश्र महामंत्री के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन अमित चरण प्रदेश प्रशासनिक विभाग के द्वारा किया

गया । इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के अवसर पर परम आदरणीय प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा जी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवनी के बारे में जानकारी दिये । कार्यक्रम में सह मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, पुरुषोत्तम मिश्रा कोषाध्यक्ष, संजू कश्यप ,सत्यजीत सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं जन संघ काल के कार्यकर्ता महेंद्र महतो ,श्रीदाम सिंह मुंडा ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजीव सिंह, मुरेश महतो, सोमनाथ महतो एवं अन्य सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

सोनारी में भारती सिंह के आवास पर वीरांगनाओ ने मनाया तीज महोत्सव

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): वीरांगनाओं ने तीज मिलन का आयोजन सोनारी में भारती सिंह के अध्यक्षता में और रिद्धि सिंह के संचालन में किया। इस आयोजन में डांस, गाना, गेम के माध्यम से तीज क्वीन का चुनाव हुआ। इस अवसर पर सभी महिलाएं सिंगार करके पहुंची और कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में नीलम सिंह ,सीमा सिंह, अंजली सिंह, रिद्धि सिंह ,मिनी सिंह, अर्चना सिंह, प्रतिमा सिंह, गुड़िया सिंह, माला सिंह, चित्रलेखा सिंह खुशबू सिंह ,सुनीता सिंह ,सविता सिंह, सुनीता सिंह, शोभा सिंह, सुनीता सिंह, नीलम सिंह बिंदु सिंह, मंजू सिंह संध्या सिंह, रेनू सिंह, रानी सिंह, निशी सिंह, शीला सिंह, जानकी सिंह, रजनी सिंह सहित वीरांगनाओं ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कवयित्री अंकिता सिन्हा को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने किया सम्मानित

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह और चेयरमैन एवं झारखंड गुरुद्वारा के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में कवयित्री अंकिता सिन्हा को साहित्य के क्षेत्र में उनकी उपलब्धिओं को लेकर स्मृति चिन्ह, मोमेंटो और सॉल देकर सम्मानित किया गया। इस विशेष मौके पर अंकिता सिन्हा ने देश की आजादी और देश के प्रति सिखों का योगदान से संबंधित कविता सुनाकर लोगों का मन मोह लिया। प्रधान भगवान सिंह एवं चेयरमैंन सरदार शैलेंद्र सिंह ने अपने-अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा की भूरि भूरि प्रशंसा की और उनका धन्यवाद भी किया। इस मौके पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष चंचल सिंह, महासचिव गुरुचरण सिंह बिल्ला, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह, परविंदर सिंह सोहल, जगतार सिंह नागी, के अलावा शहर और आसपास के गुरुद्वारों के कई प्रधान और पदाधिकारी उपस्थित थे।

25 अक्टूबर को गोड्डा से निकलेगी दक्षिण भारत के दर्शन के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय रेलवे की शाखा, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उधम मिनी रत्न) की पूर्व क्षेत्र कोलकाता ने देखो अपना देश के तहत भारत गौरव ट्रेन द्वारा तिरूपति मीनाक्षी मंदिर-रामेश्वरम कन्याकुमारी और त्रिवेंद्रम का भ्रमण कराने के लिए से के जा रही है। यह पर्यटक ट्रेन 25 अक्टूबर को गोड्डा से खुलेगी जो की भागलपुर कहलगांव साहिबगंज- बरहरवा- पाकुड़-रामपुर हाट बोलपुर शांतिनिकेतन-बर्धमान कोलकाता खड्गपुर बालासोर भद्रख कटक-भुवनेश्वर और खुर्दा रोड पर तीर्थ यात्रियों को ट्रेन में सवार होने के लिए रुकेगी, और तिरूपति-मीनाक्षी मंदिर- रामेश्वरम-कन्याकुमारी और त्रिवेंद्रम का भ्रमण कराते हुए 5 नवंबर को वापस लौटेगी। इकोनॉमी स्लीपर क्लास का शुल्क रु. 21,300 प्रति व्यक्ति, स्टैंडर्ड जिसमें 03 एसी क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 33,300 प्रति व्यक्ति है। कम्फर्ट जिसमे 03 एसी क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 36,400 प्रति व्यक्ति है। श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल में रात्री विश्राम। बुकिंग इक्षुक पर्यटक यात्रा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एवं बुकिंग के लिए 8595904077 / 8595904082 से प्राप्त कर सकते है, या www.irctctourism.com पर जाकर बुकिंग कर सकते है। उक्त जानकारी जफर आजम समूह महाप्रबंधक आईआरसीटीसी,पूर्वी क्षेत्र,कोलकाता ने एक प्रेस वार्ता में दी

भाजपा पटमदा मंडल में पंडित दीनदयाल को दी गई श्रद्धांजलि

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा पटमदा मंडल कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त के नेतृत्व में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बूथ सशक्तिकरण के मंडल प्रभारी अमिताभ सेनापति उपस्थित थे। इस दौरान भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, शरत सिंह सरदार, निरंजन रजक, कृष्णपद सिंह बिजेंद्र तिवारी, बंकिम महतो, बिमल कैवर्त, सुभाष महतो, उत्तम दत्त, लक्ष्मी कुंभकार, सरस्वती माहली, पतित पावन दत्त, संतोष सिंह, शंभु माहली, पंचानन प्रमाणिक, तपन तंतुबाई, बिमल मंडल, अजय प्रमाणिक व सुकांत दत्त आदि लोग उपस्थित थे।

भाजपा सोनारी मंडल ने पंडित दीनदयाल को दी श्रद्धांजलि

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 जयंती पर भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के अध्यक्षता में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर मंडल के समर्पित कार्यकर्ता संग जयंती मनाई गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह,भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर,पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र प्रताप सिंह, पूरण वर्मा, गोपाल लहरी,महावीर सिंह, महामंत्री नारायण प्रसाद, संजय रजक, उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव,कृष्णा यादव, शंकर सिंह,सुजीत आदित्य, राहुल, राहुल तिवारी, राजपाल सिंह, नीरज प्रसाद, विनोद यादव, सरीता,शुशील, अन्य मंडल के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।

लोस चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस, पटमदा में डॉ. अजय ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, बोले

आरक्षण को खत्म करने में लगी है भाजपा

– वर्तमान सांसद जनता के लिए रोड नहीं बनवा रहे हैं इसलिए क्षेत्र की सड़कें जर्जरावस्था में

पटमदा : मिशन 2024 के तहत जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के नारे के साथ सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने पटमदा के डाक बंगला परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष देबुलाल सहिस ने की। मौके पर पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा आरएसएस के इशारे पर चलने वाली पार्टी है इसलिए देश में आरक्षण को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकांश सरकारी संस्थानों को नरेंद्र मोदी सरकार निजीकरण करने में लगी हुई है इसलिए अब गरीब का बेटा-बेटी के लिए डॉटर्स, इंजीनियर बनने का सपना भी अधूरा रह जायेगा क्योंकि लाखों-करोड़ों रुपए की फीस भरना उनके वश की बात नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि आपके वर्तमान सांसद जनता के लिए रोड नहीं बनवा रहे हैं इसलिए क्षेत्र की सड़कें जर्जरावस्था में है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए अभी से ही काम करने की जरूरत है। कांग्रेस नेत्री जेबा खान ने कहा कि डॉ. साहब ने जिस तरह से अपने ढाई साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक काम किया था जनता के लिए उसी तरह फिर से काम होगा इसलिए अगले लोकसभा चुनाव में उन्हें फिर से सांसद बनाने के लिए आपलोग तैयारी शुरू कर दें।

बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मृत्युंजय महतो, देबुलाल सहिस, शेख सिराजुद्दीन, मोहनलाल बनर्जी, छुटुलाल महतो, सुकुमार दत्त, विश्वामित्र दास, गणेश मंडल, शकुंतला प्रमाणिक, लक्ष्मण गोराई, सुमित अग्रवाल व असीम कुमार सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

सेंट्रल दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक में समस्याओं के निदान को लेकर हुई चर्चा

नई केंद्रीय समिति की हुई घोषणा, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां बने अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति की कोर कमेटी और सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति से संबद्ध दुर्गा पूजा समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में हुई। इस बैठक में कोर कमेटी और सेंट्रल कमेटी से संबद्ध पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने आगामी शारदीय दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर आपस में रायशुमारी की। समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने कहा कि सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति का मूल उद्देश्य जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा समारोह को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना है।स्वागत भाषण सचिव ललन यादव, संचालन संयुक्त सचिव श्याम शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने किया। इस बैठक में सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदयों के अलावा विभिन्न निबंधित पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। केंद्रीय कमेटी में अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, कार्यकारी अध्यक्ष शुभांकर चटर्जी, जमशेदपुर, तापस चटर्जी, घाटशिला, प्रमोद तिवारी जमशेदपुर और पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंटू दत्ता, वरीय उपाध्यक्ष खगेन चंद्र महतो (जिला परिषद सदस्य, पटमदा), निमाई मंडल जमशेदपुर, शंभू चौधरी मानगो, तपन बरुआ परसुडीह, पद्मावती गोप खाखडीपाड़ा, आशीष गुप्ता जादूगोड़ा, कालतू चक्रवर्ती घाटशिला, मिथिलेश चक्रवर्ती, टेल्को, उपाध्यक्ष निमाई मंडल, सपन करवा, चित्तो दास, लक्ष्मण चंद्र बाग, मानस दास, कृष्णा यादव, सुनील कुमार मिश्रा, मुकेश राय (सांसद प्रतिनिधि), वासुदेव महतो, संदीप कुमार, संदीप अग्रवाल, सुशांतो मल्लिक, सुरेश मुखी, मनोज कुमार मंडल उर्फ मन्नू मंडल, तुलसी महतो, दीपक महतो, रानी गुप्ता समाजसेवी और वीरेंद्र सिंह, महासचिव ललन सिंह यादव, सचिव शशि सिंह, काशी घोष, कृष्ण यादव, दीपक यादव, अशोक सिंह, कमलेश यादव, जितेंद्र सिंह जीतू (टेल्को), रणजीत सिंह (गोलमुरी), झरना पाल, पदमा मुखी, सविता दास, प्रभाकर सिंह, प्रेम अग्रवाल, कार्यालय सचिव कमल राम यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव श्याम शर्मा, उमाकांत दास, देवराज चटर्जी, नंदू दुलाल चक्रवर्ती, सतओदल गिरी और तापस महापात्रा, सहायक सचिव विक्की सिंह, नंदू भुईयां, सपन करवा, पीके करवा, रामानंद करवा, रामनाथ करवा, रामनाथ, रविंद्र भट्टाचार्य और अनूप मिश्रा, अंकेक्षक अभिषेक उपाध्याय के अलावा गौतम ओझा, आशीष गुप्ता और चेतन मुखी चौसा को प्रेस प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा प्लव भुईयां (अधिवक्ता हाई कोर्ट), शिव शंकर प्रसाद (अधिवक्ता), त्रिभुवन यादव (अधिवक्ता), रणजीत राम (अधिवक्ता), प्रोफेसर एच पी शुक्ला, अरुण सिंह (टेल्को) और प्रदीप कुमार सिंह (अधिवक्ता) को सलाहकार बनाया गया है।

श्रीलेदर्स अपने नए फ्लैगशिप शोरूम का मना रहा पहली वर्षगांठ, खरीदारी के साथ पाए उपहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : विगत 71 सालो की गौरवशाली परंपरा एवं जमशेदपुर वासियो के भरोसे को, कायम रखते हुए 66 के रोड बिस्टुपुर स्थित श्रीलेदेर्स अपने नए फ्लैगशिप शोरूम के सफलता पूर्ण संचालन के 1 वर्ष पूरे होने पर अपने सभी ग्राहकों एवं जमशेदपुर कि जनता का विशेष आभार जताती है। 1952 में शुरू किया गया चमड़े से बने उत्पादों कि बिक्री का ये व्यापार आज वैश्विक हो चूका है।विश्वमान वाजिब दाम इसकी पहचान बन चुकी है। गर्व गरिमा और गुणवत्ता के साथ श्रीलेदर्स के के रोड स्थित शोरूम के 1 वर्ष पुरे होने पर अपनी पहली वर्षगाँठ पर दें रही है जमशेदपुर कि जनता को धन्यवाद। लौहनगरी के ग्राहकों ने 1976 से ब्रांड के प्रति जो प्यार, विश्वास और भरोसा दिखाया है यें उसका ही परिणाम है कि उच्च गुणवत्ता वाले विभिन्न चमड़े के उत्पाद को बेहद सस्ते मूल्यों पर ग्राहकों को प्रदान कर रही है। श्रीलेदर्स, अपनी पहली वर्षगांठ पर दे रहा है शानदार मुफ्त उपहार। यह ऑफर 26 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक चलेगा जिसमे 3,999 रु. खरीदारी पर लेडीज क्लच या फिर जिम बैग और 7,999 रुपये की खरीदारी पर एक प्योर लेदर का लैपटॉप बैग मुफ्त।

पंडालो में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करें मंत्री बन्ना गुप्ता : अश्वनी

जमशेदपुर : बारिडीह स्टूडेंट्स क्लब द्वारा दुर्गा पूजा हेतु भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता से आग्रह करते हुए कहा, कि सभी पंडालो मे प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाये ताकि जितने भी श्रद्धालु पूजा घूमने निकलते है उन्हे किसी भी तरह का परेशानी होने पर सहयोग मिल सके। अवसर पर मुख्य रूप से जन्मेजय पाण्डेय, आशीष झा, बृजमोहन साह, अलोक कुमार, सुनील गुप्ता, सुमित राजहंस, चिन्मय, गोलू, विनीत, मनीष, राहुल, रोशन, एस के नामता, राज, अश्विनि, सोहन, शेरू एवं साथ ही अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अर्जुन मुंडा व विधायक दशरथ गागराई ने किया 57 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा व विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां विस क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 57 करोड़ की लागत से नौ महत्वपूर्ण सड़कों के सुदृढीकरण कार्य योजनाओं का शिलान्यास किया. इसके अलावे करीब तीन करोड़ रुपये के अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास किया गया. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कि पेशा कानून को सशक्त रुप से लागू करने की आवश्यकता है. वनाधिकार कानून के तहत जंगल के प्रबंधन का जिम्मा गांव के लोगों को मिलेगा. इसके लिए आप सभी को जागरूक होने की जरूरत है. अभी भी झारखंड सहित कई राज्यों में पेसा कानून लागू नहीं हो पाया. हमें अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए सचेत रहना होगा. इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने राज्य सरकार क्षेत्र के विकास के लिये निरंतर कार्य कर रही है. अलग अलग योजनाओं के माध्यम से गांवों में बुनियादी सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है.उन्होंने अधिकारियों से भी समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा. मौके पर मुख्य रुप से पूर्व विधायक मंगल सोय,जिप सदस्य जींगी हेंब्रम,सावित्री बानरा, कालीचरण बानरा,सिद्धार्थ होनहागा, मुखिया करम सिंह मुंडा,भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो,रामानाथ महतो,उदय सिंहदेव,लखीराम मुंडा,मांगीलाल महतो,मंगल सिंह मुंडा,धर्मेंद्र मुंडा,अनूप सिंहदेव,भरत सिंह मुंडा,नायडू गोप,सुधीर महतो,अरुण जामुदा,अभिषेक आचार्य,समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

भाजपाइयों ने दी जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष पं. दीनदयाल को श्रद्धांजलि

खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) : खरसावां स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी. मौके पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, जिलाध्यक्ष विजय महतो समेत पार्टी नेताओं ने पं दीन दयाल उपाध्याय की तसवीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पं दीन दयाल उपाध्याय ने देश को एकात्म मानववाद का दर्शन दिया. इसी राह पर चलते हुए आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बन गयी है. कृषि, वनोपज समेत अन्य संसाधनों के माध्यम से गांव को आत्म निर्भर बनाना है. मौके पर मुख्य रुप से पूर्व जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव,रामनाथ महतो,लाल सिंह सोय,सावित्री बानरा,कुंवर बानरा, होपना सोरेन, विश्वजीत प्रधान, किशोर मिश्रा अमित केशरी, मो लेधा,सुशील षाडंगी,मंगल सिंह मुंडा,मंजू बोदरा,निरंजन तांती, मंटू शर्मा,प्रशांत महतो,विशकंठ प्रधान समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

बिष्टुपुर तुलसी भवन में जेसीआई का लाइफस्टाइल पहचान मेला बना आकर्षण

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा बिष्टुपुर तुलसी भवन में आयोजित तीन दिवसीय लाइफस्टाइल पहचान मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) में लोगों की खूब भीड़ उमड़ रही है। मेला 24 सितंबर से शुरू है, जिसका समापन 26 सितंबर को होगा। मेला आयोजक कविता धूत, संगीता काबरा और बीना देबूका ने बताया कि इस प्रदर्शनी मेला में कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के 52 स्टॉल लगाये गए हैं।

फार्मासिस्ट का मेडिकल प्रोफेशन में अहम योगदान : डॉ. अजय कुमार

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन झारखंड कोल्हान प्रमंडल कमेटी ने साकची स्थित क्लब हाउस में विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2023 धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जमशेदपुर के अध्यक्ष डॉ गोविंद चंद्र माझी ,अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि भूषण कुमार, प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, कोल्हान कमेटी के अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार राय उपस्थित हुए । डॉ अजय कुमार ने कहा कि फार्मेसी मेडिकल प्रोफेशन में महत्वपूर्ण योगदान रहता है, फार्मेसी प्रोफेशन का विकास होना बहुत जरूरत है, जो अभी तक उतना नहीं हुआ है, जो बहुत बड़ी दुख की बात है। डॉ गोविंद चंद्र माझी ने बताया कि फार्मेसी और डॉक्टर एक ही प्रोफेशन के दो भाग है, दोनों एक साथ में कार्य के बदौलत मेडिसिन प्रोफेशन में समाज में सेवा होता है। शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि आज के दिन में जो फार्मेसी प्रोफेशन का सरकार की तरफ से लापरवाही हो रहा है वह बहुत बड़ी दुख की बात है। आज राज्य सरकार में बहुत सारे हॉस्पिटल दवा दुकान में बगैर फार्मासिस्ट का ही काम हो रहा है। मंच संचालन विशाल पांडे ने किया, स्वागत भाषण संगठन के महासचिव से मानस मुखर्जी और धन्यवाद ज्ञापन सीनियर फार्मासिस्ट अशोक कुमार ने दिया। इसके आयोजन में पीयूष चटर्जी, उमेश लाल, राजेश पाल ,जितेंद्र शर्मा, शशि भूषण कुमार ,धीरेंद्र प्रसाद, प्रवीण कुमार राजू, देवकांत प्रसाद करीब 200 फार्मासिस्ट उपस्थित है।

सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे

योग्य फार्मासिस्ट तैयार कर रही है संस्थान : धर्मेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : गालुडीह स्थित सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बड़े धूमधाम से वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य धर्मेंद्र सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित एवं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा की इस संस्थान द्वारा इस क्षेत्र में फार्मासिस्ट की कमी को दूर करने का अच्छा प्रयास किया जा रहा है। वहीं सभी को अंगदान महादान के लिए प्रेरित किया गया। वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के मौके पर छात्र/छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे सफल छात्र/छात्राओं को पुरुस्कृत किया साथ ही गालुडीह एवं घाटशीला के कुछ फार्मासिस्ट को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बसंती प्रसाद, लायंस क्लब ऑफ यूनिटी के कोषाध्यक्ष संजय सरकार, वरिष्ठ फार्मासिस्ट बिंद्र प्रसाद, संस्थान के डायरेक्टर उपेंद्र प्रसाद एवं कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र/छात्राए उपस्थित थे।

संपादकीय

कनाडा में खालिस्तान

खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों की पैरोकारी करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर जो बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया है, उससे न केवल राजनयिक टकराव पैदा हुआ है, बल्कि भारतीय छात्रों और अनिवासी भारतीयों पर खतरे मंडराने लगे हैं। कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को 'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं। भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है? भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं? क्या खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू अब तय करेगा कि कनाडा में कौन बसेगा और किसे देश छोड़ देना चाहिए? ट्रूडो बताएं कि ऐसा क्यों है? क्या 2.30 लाख छात्रों और करीब 7 लाख अनिवासी भारतीयों के प्रति कनाडाई प्रधानमंत्री की कोई जवाबदेही और जिम्मेदारी नहीं है? यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों में जरा-सा भी तथ्य होता, तो अमरीका समेत यूरोपीय देश उनके आरोप का समर्थन करते और भारत पर दबाव बनाते। हालांकि पश्चिमी देश छोटे-मोटे मुद्दों पर ही भारत का पांव दबाने लगते हैं, लेकिन कारोबार, बाजार और रणनीतिक साझेदारी के मद्देनजर भारत के ही मुखापेक्षी रहे हैं। बहरहाल कनाडा के वरिष्ठ पत्रकार और भारतवंशी लोग लगातार आग्रह कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री ट्रूडो को साक्ष्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। अमरीका समेत कुछ देश भी तथ्यों के आधार पर जांच की मुखर मांग करने लगे हैं। यदि ट्रूडो खालिस्तान के इतने वैचारिक, सामाजिक, राजनीतिक हमदर्द हैं, तो कनाडा में ही 'खालिस्तान' बसा सकते हैं। कनाडा में व्यापक भूभाग हैं, जहां खालिस्तान बसाया जा सकता है। कनाडा में सिख, हिंदू और मिश्रित भारतीयों की आबादी खूब है। कनाडा की अर्थव्यवस्था के आधार ही भारतीय हैं। भारत के साथ हजारों करोड़ रुपए का कनाडा व्यापार करता है, लेकिन ट्रूडो ध्यान रखें कि खालिस्तान की पैरोकारी 'आत्मघाती' साबित हो सकती है, क्योंकि यह उग्रवाद और अलगाववाद, अंततः, आतंकवाद ही है और कनाडाई प्रधानमंत्री ने वैश्विक संगठनों के घोषणा पत्रों पर हस्ताक्षर भी किए हैं, जिनमें आतंकवाद का मुद्दा भी शामिल रहा है। सवाल यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री ट्रूडो को अपनी 'अल्पमत सत्ता' बचाने को खालिस्तानियों की पैरोकारी करनी पड़ रही है? दरअसल उन्हें खालिस्तान समर्थक राजनीतिक दल के 24 सांसदों का समर्थन हासिल है, जिसके आधार पर उनकी सरकार का बहुमत बनता है और वह कनाडा के प्रधानमंत्री बने हुए हैं। यह भी गौरतलब है कि भारत ने कभी भी, किसी भी देश की, संप्रभुता में न तो हस्तक्षेप किया और न ही पहला हमला किया। यदि भारत देशद्रोहियों, दुश्मनों और आतंकियों के खिलाफ सख्ती करता है अथवा उनकी हत्या भी कर देता है, तो ऐसी कार्रवाई में गलत क्या है? क्या अमरीका, चीन, रूस और इजरायल ने अपने देश के दुश्मनों को, अपनी सीमाओं के बाहर जाकर, नहीं मारा? चीन ने कनाडा में ही अपने आलोचकों की हत्या की है, तब ट्रूडो की जुबान क्यों चिपक कर रह गई? ध्यान रहे कि भारत किसी भी देश में अपने खिलाफ हिंसक हरकतों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

> कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को 'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं। भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है? भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं।

कुछ अलग

रैगिंग की रोटेशन

शिक्षा की जमीन पर भी आई यह आपदा, उसकी पलकों पर भविष्य की निगरानी भटक गई। जिन्हें पढक़र अपनी और देश की बुनियाद मजबूत करनी, वे संस्थान की रोशनी में अंधेरों को बुलारहे हैं। रैगिंग की रोटेशन में बदनाम होते शिक्षण संस्थानों की फेहरिस्त जिस तरह लंबी हो रही है, उससे शिक्षा के स्तर और अध्ययन का सफर कहीं बाधित है। आईआईटी मंडी और नेरचौक मेडिकल कालेज के बाद टांडा मेडिकल कालेज के बागीचे में रैगिंग के दस्तावेज सड़ रहे हैं। एक बार फिर काचरू रैगिंग मामले के जख्म टीएमसी परिसर में कुरेद दिए गए। चौदह साल पहले अमन काचरू प्रकरण में बदनाम हुए परिसर के भीतर पुनः आठ सीनियर प्रशिक्षुओं ने भावी डाक्टरों के साथ न केवल अमानवीय व्यवहार किया, बल्कि अपने प्रोफेशन की धज्जियां भी उड़ा दीं। दरअसल मामला असाइनमेंट से भी जुड़ा है, जहां वरिष्ठ हो चुके छात्र अपने जूनियर को उनका काम निपटाने का दबाव डालते हुए इस नौबत तक पहुंच गए कि इनकार के लिए रैगिंग हथियार बन गया। कुछ प्रशासनिक लीपा पोती के बीच जिस तरह आईआईटी और नेरचौक एमसी की खबर सुस्ता गई, उसी तरह टीएमसी के आरोपी छात्र भी इस कृत्य से बरी हो जाएंगे, लेकिन ऐसी हरकतों से यह तो साबित हो रहा है कि हिमाचल में उच्च शिक्षा या प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के अध्ययन की परिपाटी कितनी लचर व आवारा हो चुकी है। यही आवारगी कल ऐसे डाक्टरों के सुपुर्द अस्पतालों की कार्यशैली को कर देगी। आवारगी का यही दस्तूर लज्जाजनक तरीके से पूरे विभाग की नाक काटने के लिए काफी है। मामला आज अगर टीएमसी का है, तो कल इसी प्रवृत्ति से निकल कर बीमारों और तीमारदारों से अभद्रता और उपेक्षापूर्ण व्यवहार तक पहुंच जाएगा। एक के बाद एक रैगिंग के मामलों ने छात्रों की प्रोफेशनल सोच पर सवालिया निशान चस्पां कर दिया है। प्रश्नों की सूची तो इन कालेजों के फ्रेम में भी नजर आ रही है और संस्थानों के प्रबंधन की ओर भी इशारा कर रही है। आईआईटी मंडी यूं तो अपनी प्रतिष्ठा व रैगिंग में हिमाचल के तमाम संस्थानों में सबसे ऊपर है, लेकिन रैगिंग के पेंच ने बदनामी का एक बड़ा कारण इसे भी सौंप दिया।

33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधान मंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए

महिला आरक्षणः नारी शक्ति का अभिनंदन

प्रमोद भार्गव

भारतीय परंपरा में किसी नए भवन में स्त्री का प्रवेश शुभ माना जाता है। इसी दृष्टिकोण के चलते संसद के नए भवन में पहला पग महिलाओं के सम्मान में उठा है। केंद्र सरकार ने गणेश चतुर्थी के दिन इस शुभ पहल को करके देष की आधी आबादी का अभिनंदन किया है। लोकसभा में 27 साल से लंबित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' नाम से महिला आरक्षण संबंधी विधेयक पेश कर दिया। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत हो जाएगी। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। इन सीटों पर महिला प्रत्याषी ही चुनाव लड़ सकेंगी। फिलहाल इस आरक्षण की सुविधा 15 वर्श के लिए होगी, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। इसी साल पांच राज्य विधानसभाओं के अलावा मई 2024 में लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। इसलिए नारी सषक्तिकरण के इस उपाय को महिला मतदाताओं के धुरवीकरण के साधन के रूप में भी देखा जा रहा है। देष में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। हालांकि यह विधेयक दोनों सदनों से पारित हो भी जाता है तब भी इसे नई जनगणना और नए परिसीमन के बाद 2026 से लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसलिए कालांतर में होने वाले चुनावों में इसे अमल में तो नहीं लाया जा सकेगा, लेकिन भाजपा के लिए महिला मतदाताओं को आकर्षित करने का काम यह विधेयक अवश्य कर जाएगा। इसके कानून बनते ही ऐसे कई दोहरे चरित्र के चेहरे हाशिये पर चले जाएंगे, जो पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, गाहे-बगाहे बीते 27 साल से गतिरोध पैदा किए हुए थे। महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था। लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेषा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इन्द्रकुमार गुजराल और अटलबिहारी वाजपेयी सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा षक्ति नहीं जता पाई थीं। हालांकि 9 मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेष कर पास करा

लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे। जबकि उनके पास लोकसभा में स्पश्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक की समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी। हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं। उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधान मंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए।' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है? आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की सरकारों ने सच्चर व रंगनाथ मिश्र आयोग की सिफारिशों को आधार मानते हुए मुसलमान व ईसाईयों को नौकरियों में धर्म आधारित आरक्षण की व्यवस्था की थी, लेकिन न्यायालयों ने इन्हें संविधान-विरोधी फैसला जताकर खारिज कर दिया था। दरअसल इस कानून के वजूद में आ जाने के बाद अस्तित्व का संकट उन काडरविहीन दलों को है, जो व्यक्ति और जाति आधारित दल हैं। इसी कारण लालू, मुलायम और शरद यादव इस बिल के विरोध में दृढ़ता से खड़े हो गए थे। उत्तर प्रदेश और बिहार में जातियता के बूते क्रियाशील इन यादवों की तिकड़ी का दावा रहता है कि इस अलोकतांत्रिक विधेयक के पास होने के बाद पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के लिए जम्हूरियत के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। जबकि इनकी वास्तविक चिंता यह नहीं है? दरअसल 33 फीसदी आरक्षण के बाद बाहुबलि बने पिछड़े वर्ग के आलाकमानों का लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक आधार तो सिमटेगा ही, सदनों में संख्याबल की दृष्टि से भी इन दलों की ताकत घट जाएगी। अन्यथा ये सियासी दल वाकई उदार और पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के ईमानदारी से हिमायती हैं, तो सभी आरक्षित सीटों पर इन्हीं वर्गों से जुड़ी महिलाओं को उम्मीदवार बना सकते हैं? बल्कि अनारक्षित सीटों का भी इन्हें प्रतिनिधित्व सौंप सकते हैं? दरअसल इन कुटिल राजनीतिज्ञों के दिखाने और खाने दांत अलग-अलग हैं। गोया तय है कि अल्पसंख्यकों की बेहतर नुमाइंदगी की वकालात के इनके दावे थोथे हैं। इन दलों का दोहरा चरित्र इस बात से भी जाहिर होता रहा है कि जब देश की पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं का 33 फीसदी से 50 फीसदी आरक्षण बढ़ाने का विधेयक लाया गया था तब ये सभी दल एक राय थे। यही नहीं जब नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण का विधेयक लाया गया था, तब भी इन दलों की सहमति बनी रही। लेकिन जब लोकसभा व विधानसभा की बारी आती है तो यही दल गतिरोध पैदा करने लग जाते हैं। क्योंकि यह विधेयक कानूनी स्वरूप ले लेता है तो इनके निजी राजनैतिक हित प्रभावित होंगे। इनका लोकसभा और विधानसभा में पुरूशवादी वर्चस्व का दायरा 33 फीसदी घट जाएगा। राजनेताओं के लिए यह विधेयक इसलिए भी वजूद का संकट है, क्योंकि जिन लोक व विधानसभा क्षेत्रों से ये लोग लगातार विजयश्री हासिल करते चले आ रहे हैं, वह क्षेत्र यदि महिला आरक्षण के दायरे में आ गया तो इन्हें चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा? तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी ने भी मुस्लिम समुदाय को बरगलाए रखने के नजरिये से इस विधेयक का विरोध किया था। भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेता भी इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, जिनके लिए सांसद अथवा विधायक के रूप में लोकसेवक बने रहना, सुरक्षा कवच का काम करता है।

> केंद्र सरकार ने गणेश चतुर्थी के दिन इस शुभ पहल को करके देष की आधी आबादी का अभिनंदन किया है। लोकसभा में 27 साल से लंबित 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' नाम से महिला आरक्षण संबंधी विधेयक पेश कर दिया। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत हो जाएगी। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो जाएंगी।

स्वयं सहायता समूह से आत्मनिर्भर बनती महिलाएं

देश की नई संसद भवन ने नारी शक्ति को नमन करते हुए सबसे पहले महिला आरक्षण बिल को पास किया है। दरअसल महिलाओं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आज़ादी के बाद से ही कई प्रकार की योजनाएं संचालित की जाती रही हैं। इसमें स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की परिकल्पना ने धरातल पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया है। इसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में बहुत सहायता मिली है। यही कारण है कि देश के तमाम राज्यों में स्वयं सहायता समूह संचालित किये जा रहे हैं। जिससे जुड़कर महिलाएं आर्थिक रुप से स्वावलंबी बन रही हैं और अपने परिवार और बच्चों का भविष्य संवार रही हैं। आमतौर पर इन समूहों में सदस्यों की संख्या 10 से 20 तक होती है। मार्च 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार देश भर में करीब 118.3 लाख समूह संचालित हो रहे हैं, जिसने करीब 14.2 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सशक्त किया है। ख़ास बात यह है कि सरकार इन समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान और वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। सरकार ने समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं की वार्षिक आय को वर्ष 2024 तक एक लाख रुपए तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के गठन और अन्य सहायता के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संसाधन से मुहैया कराये जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाना, स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराकर शहरों होने वाले पलायन को रोकना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रमुख लक्ष्य रहा है। जिसका धरातल पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। राजस्थान के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह संचालित किये जा रहे हैं। इसमें बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का बिंझरवाड़ी गांव भी शामिल है। जहां सफलतापूर्वक स्वयं सहायता समूह संचालित की जा रही है। इसमें गांव के गरीब परिवारों को जहां आर्थिक सहायता मिल रही है वहीं गांव के हर परिवार का भी विकास हो रहा है। माना जाता है कि गांव 600 साल पुराना है और सबसे पहले इस गांव में बिंजर जाति के लोग आबाद हुए थे। जिसके कारण इस गांव का नाम बिंझरवाड़ी हो गया है। गांव के 33 वर्षीय मुनि राम का कहना है कि भले ही यह गांव अनुसूचित जाति बिंजर समुदाय के नाम से आबाद हुआ है। लेकिन गांव में अलग अलग जातियों के लोग भी आबाद हैं। इनमें 40 घर ब्राह्मण जाति के, 50 राजपूत समुदाय के, 200 घर मेघवाल समुदाय के हैं। जबकि बिंजर समुदाय के 400 परिवार आबाद हैं। विभिन्न समुदायों की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह का गठन कर रखा है। जिससे उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। गांव की महिलाओं ने इंदिरा गांधी स्वयं सहायता समूह और लक्ष्मी बाई समूह जैसे नामों से कई समूह बनाए हैं। प्रत्येक समूह में 10 से 20 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। गांव के ही एक स्थान पर हर महीने की 10 तारीख को दोपहर 12 बजे से 2 तक समूह की सभी महिलाएं मीटिंग करती हैं। जहां न केवल समूह से जुड़े कामकाज पर चर्चा होती है और आगे की रणनीति बनाई जाती है, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की जाती है। इसमें महिलाएं अपने पारिवारिक जीवन में आने वाली चुनौतियों को भी रखती हैं, जिस पर सभी महिलाएं मिलकर चर्चा के माध्यम से सामूहिक रूप से हल निकालने का प्रयास करती हैं। इस प्रकार यह मीटिंग न केवल काम तक सीमित होता है बल्कि आने वाली कठिनाइयों से पार पाने का भी सरल माध्यम बन जाता है। यह महिलाएं आपस में ही समूह के नियमों का सख्ती से पालन करती हैं। यही कारण है कि जो महिला मीटिंग में देरी से पहुंचती है तो उसे 5 रुपए पेनल्टी देनी पड़ती है और जो महिला बिना कारण मीटिंग से अनुपस्थित रहती है, उसे 10 रुपए पेनल्टी के रूप में भरनी पड़ती है, साथ ही उनके न आने के कारणों को एक डायरी में नोट की जाती है। समूह द्वारा अर्जित की गई बचत राशि को महिलाएं आवश्यकता अनुसार खर्च करती हैं। जिस महिला को पारिवारिक कारणों से पैसों की ज़रूरत होती है, उसे इसके द्वारा काफी मदद मिलती है। इस संबंध में समूह की एक कार्यकर्ता 45 वर्षीय कृष्णा का कहना है कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से न केवल महिलाएं सशक्त हो रही हैं बल्कि उनके द्वारा गांव के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। समूह के जरिए गांव के 400 घरों में शौचालय बनवाए गए हैं और बालिकाओं के शैक्षणिक विकास के लिए भी राशि खर्च की गई है। इसके अतिरिक्त बालिकाओं के विकास के लिए और उन्हें 10वीं तथा 12वीं कक्षा की तैयारी के लिए भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। ऐसे अनेक सहयोग किए गए हैं जिससे ग्रामीण गरीब परिवार को आर्थिक सहायता मिले और उनके बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार का रुकावट न आये। इसके अलावा महिलाओं ने इस स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी समय समय पर आवाज़ें उठाई हैं। सरकार की ओर से भी स्वयं सहायता समूह को मज़बूत और सशक्त बनाने के लिए समय समय पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। समूह के गठन के तीन महीना पूरा होने के बाद उसे धनराशि प्रदान की जाने लगती है। वहीं जो महिलाएं रोजगार करना चाहती है उन्हें बैंक से आसान किस्तों पर 50000 से 110000 तक का ऋण भी दिया जाता है। राजस्थान सरकार की ओर से भी 2023-24 के बजट में महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 5 लाख नए परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है।

> मार्च 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार देश भर में करीब 118.3 लाख समूह संचालित हो रहे हैं, जिसने करीब 14.2 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सशक्त किया है। ख़ास बात यह है कि सरकार इन समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान और वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। सरकार ने समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं की वार्षिक आय को वर्ष 2024 तक एक लाख रुपए तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के गठन और अन्य सहायता के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संसाधन भी मुहैया कराये जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाना, स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराकर शहरों होने वाले पलायन को रोकना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रमुख लक्ष्य रहा है। जिसका धरातल पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

दृष्टिकोण

सिंथेटिक ट्रैक्स को सैरगाह मत बनाओ

हिमाचल प्रदेश में बहुत धन व श्रम खर्च करके एथलेटिक्स के लिए विश्वस्तरीय प्ले फील्ड उपलब्ध है, मगर प्रशासन की खेलों के प्रति बेरुखी व अज्ञानता के कारण सब बरबाद होता जा रहा है। राज्य में तीन जगह सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं, मगर उन पर कहीं तो पार्क की तरह लोग सैर कर रहे हैं और कहीं पर जिला खेल अधिकारी व उपायुक्त ने फौज के हवाले कर कई दिनों के लिए भर्ती की स्वीकृति दे दी है। सोचो, राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले हिमाचल के एथलीट पंद्रह दिन कहां ट्रेनिंग करेंगे। हिमाचल प्रदेश में खेल के साथ इस तरह की बदतमीजी आम बात हो गई है। करोड़ों रुपयों से बने सिंथेटिक ट्रैकों को हिमाचल प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी बरबाद करने पर क्यों आमादा हैं? क्या हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व खेल मंत्री इस बात का संज्ञान लेंगे ताकि इन अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को बचाया जा सके। प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए चंद, मगर बेहतरीन मैदान चंबा, मंडी, नादौन, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहड़ू, रामपुर, सोलन, चैल व नाहन आदि जगहों पर थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों-उत्सवों व राजनीतिक रैलियों से बचे समय में चलती रही हैं। इन पुराने व ऐतिहासिक मैदानों का हाल कुछ ठीक नहीं है। कहीं अतिक्रमण व कहीं पर अव्यवस्था का बोलबाला साफ नजर आता है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश की तरक्की में विभिन्न सरकारों का योगदान रहा है, मगर हिमाचल प्रदेश में पहली बार नई सदी के शुरुआती वर्षों में प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल ढांचे को खड़ा करने की शुरुआत की और आज हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड एथलेटिक्स, क्रिकेट, हॉकी, तैराकी व इंडोर खेलों के लिए उपलब्ध है। क्रिकेट में अनुराग ठाकुर के प्रयासों ने हिमाचल प्रदेश को क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाकर खड़ा कर दिया है जो काबिले-तारीफ है। बिलासपुर के लुहणू का खेल परिसर पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल के प्रयत्नों से सामने आया है। एथलेटिक्स सभी खेलों की जननी है। इसी से सब खेल निकले हैं और इसके प्रशिक्षण के बिना किसी खेल में दक्षता नहीं मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में आज हमीरपुर, बिलासपुर व धर्मशाला में तीन सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं। शिलारू के साई सैंटर में दो सौ मीटर का प्रैक्टिस ट्रैक बन कर तैयार है। सरस्वतीनगर में काम हो रहा है। किसी-किसी राज्य के पास अभी तक एक भी ट्रैक नहीं है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर व धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैकों पर लोग टहलते नजर आते हैं। भर्ती के लिए बाहर कच्चे पर केवल ट्रायल के लिए स्वीकृत किया जा सकता है। शेष ट्रेनिंग बाहर के अन्य मैदानों व सडक़ों पर हो सकती है। सिंथेटिक ट्रैक पार्क बन चुके हैं।

देश दुनीया से

कनाडा की घरेलू राजनीति और भारत

पिछले दिनों कनाडा और भारत के संबंधों में तलखी आई है। वैसे विश्व राजनीति में कनाडा की कोई विशेष महत्ता नहीं है। लेकिन भारत और कनाडा के संबंध बहुत पुराने हैं, इसलिए यह तलखी चिन्ताजनक कही जा सकती है। कनाडा में इस समय लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा (एलपीसी) की सरकार है। वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो हैं। लेकिन लिबरल पार्टी के पास सरकार चलाने के लिए पूर्ण बहुमत नहीं है। उसे एक दूसरे राजनीतिक दल न्यू डैमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ता है। एनडीपी के अध्यक्ष जगमीत सिंह हैं, जो कभी भारत से ही कनाडा गए थे और बाद में वहीं के नागरिक बन गए। एनडीपी के अतिरिक्त ट्रूडो की अपनी पार्टी एलपीसी में भी पंजाबी मूल के कुछ सदस्य हैं। भारत विरोधी शक्तियां पिछले कुछ सालों से पंजाबियों में से कुछ लोगों को भारत के विरोध में अपने लक्ष्य के लिए संगठित कर रही हैं। कनाडा में भी ये प्रयास कुछ दशकों से चल रहे थे। कनाडा के कुछ राजनीतिक दल भी अपने स्थानीय राजनीतिक हितों के लिए इससे जुड़ गए। एलपीसी का नाम भी उन्हीं राजनीतिक दलों में आता है। कम से कम इस पार्टी पर नियंत्रण रखने वाले कुछ नेता तो जुड़ गए ही थे। इसके संकेत 1985 में एयर इंडिया जहाज को कनाडा के कुछ नागरिकों द्वारा बम से उड़ा दिए जाने के समय से ही मिलने शुरू हो गए थे। इसमें भारतीय मूल के कनाडा के सैकड़ों नागरिक मारे गए थे। लेकिन उस समय के कनाडाई प्रधानमंत्री पीअरे ट्रूडो जहाज को बम से उड़ाने वाले अपराधियों को सजा दिलवाने के बजाय उनको बचाने में ज्यादा रुचि ले रहे थे। यहां यह जानना रुचिकर होगा कि जस्टिन ट्रूडो उसी पीअरे ट्रूडो के पुत्र हैं। ट्रूडो परिवार ने कनाडा की राजनीति में उन दिनों से ही अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली थीं। यदि ज्यादा गहराई से विचार किया जाए तो ट्रूडो की पार्टी का वैचारिक आधार कल्चरल मार्क्सवाद कहा जा सकता है। कल्चरल मार्क्सवाद स्थापित सामाजिक मूल्यों, संस्थाओं को समाप्त करना और अराजकता पैदा करना होता है। अराजकता से उत्पन्न शून्य में नए मूल्य रचना होता है। इटली के एक मार्क्सवादी चिन्तक एन्टोनी ग्रामकी ने यह सिद्धान्त अपने बन्दी काल में 1935 के आसपास स्थापित किया था। ग्रामकी का कहना था कि कार्ल मार्क्स का यह सिद्धान्त कि दुनिया भर में मजदूर क्रांति करेंगे, ठीक नहीं है। यदि ऐसा होता तो रूस में 1917 की क्रान्ति के बाद दुनिया भर में क्रान्ति फैलनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ग्रामकी का मानना था कि रूस में भी क्रान्ति मजदूरों ने नहीं की थी। रूस में तो उस समय उद्योग नाम मात्र ही थे। वहां का समाज तो कृषि आधारित था। ग्रामकी की स्थापना थी कि रूस में लेनिन ने प्रोफेशनल क्रान्तिकारियों की सहायता से सत्ता परिवर्तन किया था जिसे मजदूरों की क्रान्ति कह कर प्

संक्षिप्त खबरें

कार हुआ दुर्घटनाग्रस्त, एक व्यक्ति घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मनिका : मनिका प्रखंड क्षेत्र के कर्माही के समीप अनियंत्रित होकर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सोमवार की दोपहर 2:00 बजे की घटना बताई जा रही है इस दुर्घटना में कार सवार चालक घायल हो गया जिसे मनिका प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी अख्तर अंसारी के प्रयास से ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाई गई है कार फॉरेस्ट के बनाए गए गड्ढे में गिर गया है कार का नंबर जेएच 08 जे 7697 है दुर्घटना के कारण कार की काफी नुकसान देखी जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार कार रांची से मेदनीनगर की ओर जा रही थी।

महुआडांड़ प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई करमा पूजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन परिसर में प्राकृतिक एवं भाई-बहन स्नेह का पावन पर्व सरना आदिवासी एकता मंच के द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरे पारंपरिक रीति रिवाज के साथ करमा लोकगीत गाती हुई महिलाएं एवं युवतियां हाथों में करम डाल लिए हुए पारंपरिक नृत्य करती हुई आखरा पहुंची। जहां बैगा पाहन रघुवा नगेसिया, कैतका मुंडा, सूले मुंडा के द्वारा पूरे विधि विधान से करम डाल स्थापित करते हुए पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात महुआडांड़ प्रखंड के हामी, लोध, परेवा, चटकपुर, गोठगांव, चिरो पाठ, चुटिया, परहाटोली, जराहाटोली, चंपा समेत विभिन्न गांव से आए हुए सैकड़ो युवक-युवतियां, महिला-पुरुष के द्वारा ढोल मांदर की थाप पर करम गीत गाते हुए करम डाल के चारों ओर घेरा बनाकर सांस्कृतिक झूमर नृत्य किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं युवतियों ने अपने-अपने भाइयों की सलामती के लिए प्राकृतिक का आशीष लिया। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, प्रदीप बड़ाईक, विनोद उरांव, समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही इस पर्व को लेकर प्रदीप नगेसिया, फतेह मुंडा, किरण देवी, विनोद नगेसिया, अनूप मुंडा समेत प्रखंड भर के विभिन्न गांव से आए हुए लोगों ने इस पुजन कार्यक्रम में भाग लिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनायी गयी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को प्रखंड भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई ।मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर बोलते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता थे ।उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपनाने की बात कही ।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री विजय यादव ने किया। मौके पर रघुनंदन सोनी,अमित कुमार,सतेन्द्र सिंह,भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी रविंद्र गुप्ता किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर लालदेव उराँव समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बेतला में पदस्थापित सहायक आरक्षी की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के नावाडीह निवासी तारकेश्वर प्रजापति उम्र 27 वर्ष पिता रामदीप प्रजापति की मौत अचानक सीने मे दर्द होने से हो गई। मृतक तारकेश्वर सहायक आरक्षी पद पर बरवाहीह प्रखंड के बेतला पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थापित था। इस संबंध मे मृतक तारकेश्वर के पिता ने बताया कि मेरा पुत्र सहायक आरक्षी के पद पर बरवाहीह बेतला पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थापित था। रविवार को बैंक बन्द थी।जिस कारण वह घर में आया था। दिनभर उसका तबियत ठीक था, रात को भोजन कर सोया, सोने के एक घंटे बाद अचानक सीने में दर्द होने लगा और फिर बेहोश हो गया।आनन-फानन में तुम्बागड़ा अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रिंकी देवी एवं दो वर्षीय एक पुत्र समेत माता, पिता भरा पूरा परिवार छोड़ गया। **थाना परिसर छिपादोहर में दी गई श्रद्धांजलि :** मृतक सहायक आरक्षी तारकेश्वर प्रजापति के शव को छिपादोहर थाना परिसर मे भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिसमे इंस्पेक्टर अनिल उरांव, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पु.अ.नि.रंजित राम,पु.अ.नि काशी महली, समेत छिपादोहर थाना के सभी पुलिस बल पुलिस मेंस एसोसिएशन सदस्य एवं सहायक आरक्षी साथ ही पंजाब नेशनल बैंक कर्मी तथा चुँगरु पंचायत मुखिया बलदेव परहिया शामिल थे।इधर जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन समेत पुलिस मेंस एसोसिएशन द्वारा मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया गया। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार आगे भी सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

हंटरगंज में सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): हंटरगंज स्थित बालिका उच्च विद्यालय के समीप सोमवार को मोटरसाइकिल और लूना के सीधी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो हो गए हैं। चतरा गया एनएच 99 मुख्य मार्ग पर घटित इस घटना में दोनो युवकों की स्थिति चिंता जनक बताई जा रही है। खबर में बताया जा रहा है कि लूनाऔर मोटरसाइकिल चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया जिस से आमने सामने से इतना जोरदार टक्कर हुआ की आवाज काफी दूर तक लोगों ने सुनी जिस से आस पास के लोग जमा हो गए। दोनो युवक को गंभीर रूप से घायल देख हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घायल युवक कोबना गांव निवासी नंदलाल केसरी का 20 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार एवं नवाडीह गांव निवासी मो शहाबु का 16 वर्षीय पुत्र मो वारिस बताया जा रहा है। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मो वारिस गोदोवार की ओर से लूना लेकर हंटरगंज आ रहा था वहीं अंकुश कुमार हंटरगंज की ओर से डुमरी जा रहा था इसी बीच दोनों के आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों के चेहरे एवं सर में गंभीर चोट लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज थाना के एसई एमपी करमा पुलिस बल के साथ पहुंचे घटना से संबंधित जानकारी लिया।

हंटरगंज के डाक बंगला में मोमीन कॉन्फ्रेंस की बैठक संपन्न

- संसद में दानिश अली के साथ अमर्यादित व्यवहार पर रोष प्रकट किया गया
- समाज को शिक्षित और राजनीतिक में सशक्त बनाने पर जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

हंटरगंज : प्रखंड के डाक बंगला में मोमिन कॉन्फ्रेंस की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांफ्रेंस के प्रखण्ड अध्यक्ष हाजी सेराजुद्दीन अंसारी ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी, जिला अध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन, युवा जिला अध्यक्ष नेसार अहमद अंसारी, पुर्व जिला अध्यक्ष रशिद अंसारी उपस्थित थे। बैठक का शुभ आरंभ कुरान पाक की तिलावत से की गई। बैठक के माध्यम से यूपी के सांसद कुंवर दानिश अली के साथ संसद में दिल्ली के सांसद रमेश बिदुडी के द्वारा अमर्यादित शब्दो का प्रयोग किया गया जो निंदनीय है जिसका पुर जोर विरोध करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।यह भी कहा गया है कि देश के संसद में पहली बार इस तरह की घटना घटी है जो काफी चिंता का विषय है।लोकतंत्र में सभी को अपनी बात सड़क से संसद तक रखने का अधिकार है।यह भी कहा गया है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी संसद से से बर्खास्त करते हुए पार्टी से निष्कासित करें। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया की कांफ्रेंस को सशक्त और मजबूत बनाने को लेकर पंचायत स्तर तक जाने पर बल दिया गया। कांफ्रेंस में युवाओं को अधिक अधिक जोड़ने पर जोर दिया गया। समाज को शिक्षित बनाने और राजनीतिक में जागरूक करने पर भी चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस के अगली बैठक 1 अक्टूबर को हंटरगंज में आयोजित की जाएगी। जिसमें यूथ लेवल पर प्रखंड में युवाओं को जोड़ने का काम किया जाएगा। बैठक को सफल बनाने में मो जकी, मो साबिर मो फैय्याज ,मो साजिद, मो सरफराज, मो मुख्तार, मो उमर के अतिरिक्त दर्जनों लोगों ने महती भूमिका निभाई।

नवाडीह में जीप सदस्य ने पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखंड के नवाडीह में हिंदुस्तान फुटबॉल क्लब के द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी ने फीता काटकर वा किक्क मारकर किया। इस मौके पर आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथियों को ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौक पर नवाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया मेघन दांगी, संतोष कुमार वर्मा, समाजसेवी रामचंद्र दांगी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे मैच को संबोधित करते हुए। जीप सदस्य ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होती है इसलिए हमलोगो को खेल के प्रति जागरूक होने की जरूरत है।आज के युवा पीढ़ी नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं रास्ते भटक गए है।मैं सभी युवाओं से आग्रह करता हूं कि आप लोग खेल नशे को छोड़कर खेल की ओर ध्यान दें। मौके पर दर्जनों की संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी, और दर्शक

जिला पुलिस पदाधिकारी गढ़वा ने अनुमंडल के सभी जान प्रतिनिधियों के साथ पुलिस जन संपर्क अभियान के तहत किया बैठक

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): एसडीपीओ कार्यालय के सभागार में पुलिस जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस पदाधिकारी दीपक पांडेय ने जन प्रतिनिधियो के साथ बैठक किया। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने आवास के मटेरियल, पेट्रोल न बेचने देना जैसे समस्याओ को रखा। प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने खरौंधी प्रखंड में पेट्रोल की समस्या से अवगत कराते हुए विक्री पर रोक हटाने का अनुरोध किया।इस पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि दस-पांच लीटर पेट्रोल अपने लिए लाने ले जाने के लिए रोक नही है। जो लोग बड़े स्तर पेट्रोल खरीद-बिक्री लीगल नही है।उन्होंने कहा कि जो लोग बड़े स्तर पर खरीद बिक्री करते है वैसे लोग लाइसेंस बनवा ले। उन्होंने सभी थाना ग्रुप में मुखिया के साथ-साथ प्रखंड प्रमुख ग्रुप को जोड़ लिया जाएगा।प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि दुर्घटना होने पर पुलिस को बिना देर किए करवाई की मांग किया।उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति पुलिस को संवेदनशील होना चाहिए।पेट्रोलिंग गाड़ी को पंचायत स्तर पर घुमाया जाए।रमना प्रतिनिधियों ने दशहरा,दीपावली, छठ पर्व को देखते हुए शराब बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग किया।इस अवसर पर सभी जन प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस और जन प्रतिनिधि दोनो ही जनसेवक है।हमे और आपको दोनो को लोगो के लिए काम करना है।सभी की समस्याओं को लेकर ही व्हस्प ग्रुप बनवाया गया है। जिसमे मैं स्वम जुड़ा हु। आपकी समस्याओ को पूर्णरूप से निष्पादन किया जाएगा। हमारा बेसिक यूनिट थाना है।पुलिस और आप दोनों जनसेवक है। हमसभी का काम जनता की सेवा करना है। आपके काम मे कानून के तहत सहयोग करना है। 70-80 किलोमीटर दूर से छोटी छोटी समस्याओं को लेकर मेरे पास आते है। जबकि वह पंचायत या थाना स्तर से हल किया जा सकता है। थाना में जाने पर आपको सम्मान मिलेगा। आपसभी के लिए सभी थानों में वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है। जिसका मैं खुद अवलोकन करता हूँ। आप उस ग्रुप में भी अपनी समस्या बता सकते हैं। तुरंत रिस्पॉन्स मिलेगा। हर माह में थाना स्तर पर दो मीटिंग प्रतिनिधियों के साथ होगी। उन्होंने वाहन चेकिंग पर कहा कि वाहन दुर्घटना के कारण लगातार जानमाल की नुकसान हो रही है। ट्रैफिक रूप का पालन करने से इसपर अंकुश लगेगा। कानून का पालन कराना हमारा काम है। अवैध खनन और परिवहन को लेकर पुलिस कानूनन काम करेगी। पुलिस का काम परेशान नही करना है।

छिपादोहर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेतला : छिपादोहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जयंती मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता के आवास पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का चित्र पर पूजन एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से पूजन एवं माल्यार्पण किया अतिथि जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता भीमानंद गिरी, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, मुन्ना गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवनी पर प्रकाश डालें मौके पर सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, भाजपा महामंत्री मुन्ना गुप्ता, बृजदेव प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, जाकिर अंसारी, अलमुदीन अंसारी, सत्यनारायण साहू, अशोक ठाकुर, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रेम गुप्ता, चंद्रदीप सिंह, गंगेश्वर ठाकुर, नरेश गुप्ता, रतन प्रसाद आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने महिला को मारी टक्कर, रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुंदा : थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल चालक मनोज गंझु ने अपनी ही भवह रेखा देवी को चपेट में ले लिया जिससे दोनो बुरी तरह से घायल हो गया।जनाकरी के अनुसार महिला टिकैतबांध गांव के रेखा देवी व मनोज गंझू है। दोनो को ग्रामीणों के सहयोग से उसे 108 एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ प्राथमिकी उपचार के बाद दोनों को चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सुरेश अपनी मोटरसाइकिल से कुंदा साप्ताहिक बाजार से टिकैतबांध घर जा रहा था वही विपरीत दिशा से पैदल चलकर साप्ताहिक बाजार जा रही रेखा देवी को जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे महिला घंटो बेहोश पड़ी थी चालक नशे की हालत में था।आनन फानन में लोगो के सहयोग से 108 एम्बुलेंस से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद प्रतापपुर उपस्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया।

मेडिकल हॉल के संचालक द्वारा बच्चे की इंजेक्शन देने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया टंडवा मुख्य सड़क पोस्ट ऑफिस के करीब सना मेडिकल के संचालक द्वारा एक बच्चे की इंजेक्शन देने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी है। मृतक बच्चा डाड़ी बकचौमा गाँव के जुफरान का पुत्र था। जानकारी के अनुशार मृतक बच्चे को मलेरिया बुखार था। जिसे इलाज के लिए सना मेडिकल में आया। जहां मलेरिया बुखार देख मेडिकल हॉल के संचालक ने एक इंजेक्शन दिया। इंजेक्शन देने के बाद बच्चे की स्थिति बिगड़ गयी। आनन फानन में बच्चे को रेफरल अस्पताल लाया गया जहां मौजूद डॉक्टर मो अफान ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति ठीक नहीं होने कारण उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया। ततपश्चात हजारीबाग जाने के दौरान बच्चे की मौत रास्ते में हो गयी। इधर बच्चे की मौत से घर परिवार एवं गाँव में मातम का माहौल हो गया है। वहीं परिजनों ने उक्त मेडिकल के पास मृतक शव को रख कार्रवाई की बात कही जा रही है। हालांकि खबर लिखे जाने के बाद अभी तक किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं हुई है और ना शव को पोस्टमार्टम हुई है नाही प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

पासवा के जिला स्तरीय बैठक में नए सदस्यों का स्वागत और जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय कमेटी के पुनर्गठन सहित कई प्रस्ताव पारित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिला प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा की चतरा जिला पासवा कमेटी के पुनर्गठन एवं चतरा में आगामी 8 अक्टूबर 2023 को जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु एक अति महत्वपूर्ण बैठक पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार के नेतृत्व में स्थानीय गॉडफ्रे स्कूल चतरा में आयोजित की गई। बैठक में चतरा सदर, सिमरिया, इटखोरी, प्रतापपुर, हंटरगंज, गिद्धौर टंडवा सहित चतरा जिले के लगभग सभी प्रखंड से सैकड़ो निजी विद्यालयों के संचालक एवं पदाधिकारी शामिल हुए। पासवा के जिला स्तरीय कमेटी के संगठनात्मक पुनर्गठन एवं विस्तार पर गहन विचार विमर्श किया गया। वहीं एक्टिव सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी जाने पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी प्रखंडों में प्रखंड समिति के विस्तार एवम पुनर्गठन पर कार्य नीति बनाने तथा जिला कमेटी के एक्टिव सदस्यों को को नई जिम्मेवारियां देने पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे के संस्तुति से एक्टिव सदस्यों को सम्मिलित करते हुए पासवा के नई जिला समिति की घोषणा की जाएगी।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 8 अक्टूबर रविवार को चतरा जिले में अब तक का सबसे विशाल शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जहां सम्मान समारोह में 1000 से अधिक निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को सीमित संसाधन में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए तथा उनका मनोबल बढ़ाने हेतु विशाल आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु सम्मान समारोह आयोजन कमेटी गठित की गई तथा एक्टिव सदस्यों को इस सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु जिम्मेवारियां दी गई। चतरा जिले के निजी विद्यालयों हो रही समस्याओं तथा मान्यता के प्रश्न पर आरटीई द्वारा प्रथम संवैधानिक संशोधन से आरोपित कठिन शर्तो पर भी विस्तृत चर्चा की गई। ज्ञात हो की मान्यता के प्रश्न पर पा स वा ने माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की है तथा माननीय उच्च न्यायालय ने वर्तमान समय में निजी विद्यालयों के साथ मान्यता के प्रश्न पर कोई पीड़क कार्रवाई न करने का स्टे आर्डर भी जारी किया है ऐसी स्थिति में पुनः मान्यता के लिए आवेदन देने हेतु झारखंड के कुछ जिलों में शिक्षा विभाग द्वारा पुनः मान्यता हेतु आवेदन देने को विवश करना माननीय उच्च न्यायालय के स्टे आर्डर का उल्लंघन है इस पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को सफल बनाने में प्रदेश महासचिव नीरज सहाय, जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रकाश, जिला महासचिव नेसार अंसारी,सचिव आदित्य कुमार गुप्ता, सिमरिया प्रखंड से बच्चन पांडे, टंडवा प्रखंड से राजकुमार साव, हंटरगंज प्रखंड से सत्येंद्र कुमार सिंह , चतरा सदर प्रखंड से अजय कुमार,शकील अहमद, नंदकिशोर यादव, हंटरगंज प्रखंड से पप्पू कुमार गौतम, सूर्यभूषण कुमार, इटखोरी प्रखंड से नीरज कुमार सिन्हा, हंटरगंज प्रखंड से आनंद कुमार सिंह, निरंजन कुमार पांडे, गिद्धौर प्रखंड से अर्जुन दांगी, ब्रह्मदेव दांगी, दशरथ दांगी, चतरा सदर प्रखंड से मो अफसर खान, जोरी से संदीप अग्रवाल, सिमरिया प्रखंड से मनोहर पांडे, इटखोरी प्रखंड से संतोष प्रजापति, त्रिलोकी राणा, कान्हा चट्टी प्रखंड से अंबिका कुमार दांगी, सदानंद जी, प्रतापपुर प्रखंड से भागीरथ गुप्ता, पांडेयपुर से मुकेश कुमार , इटखोरी प्रखंड से सिंधु कुमार सिंह, नवल किशोर नवल, ब्रजेश कुमार, बीरबल पांडे, गिद्धौर प्रखंड से जगदीश दांगी शामिल थे।

अखिलभारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक सम्पन्न

चतरा में 5 नवंबर को मनाया जाएगा अखिल भारतवर्षीय यादव शताब्दी समारोह

- स्वतंत्रता की लड़ाई या फिर चीन सीमा संग्राम, यादव ने दी है कुर्बानी- पूर्व लोकसभा प्रत्यासी नीलम यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुन्दा : सोमवार को अखिलभारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक जनता उच्च विद्यालय के समीप निर्माधीन कॉलेज भवन में कुन्दा पूर्व मुखिया निरंजन प्रसाद यादव की अध्यक्षता में रखी गई, जिसका संचालन यादव सभा के प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेनका निवासी बली यादव, अर्जुन यादव, चतरा लोकसभा पूर्व प्रत्याशी नीलम यादव, अरुण कुमार यादव, रंजन यादव, यादव महासभा के चतरा विधानसभा प्रभारी सह मुखिया संघ के अध्यक्ष किशोर यादव सिमरिया विधानसभा प्रभारी बलेसर यादव, जितेंदर यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने कहां की यादव समाज के लोग आजादी की लड़ाई या फिर 1962 में भारत -चीन सीमा रेजांगला के युद्ध हो यादव जवानों ने देश हित व सर्वजनहित में अपनी कुर्बानी दी है। वक्ताओं ने कहा कि भारत-चीन के बीच घमासान युद्ध चल रहा था लद्दाख की दुर्गम बर्फीली छोटी रेजांगला में माइनस 40 से 50 डिग्री तापमान में मात्र 128 यादव सेना के योद्धाओं ने वीरता से लड़ाई लड़ी और चीन के 1700 से अधिक सैनिकों को मार गिराया था।युद्ध मे भारत के 114 यादव सैनिकों ने अपनी कुर्बानी देकर 3000 से ज्यादा चीनी सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। तब से यादव समाज के लोग जवानों की शहादत पर अहीर रेजिमेंट का मांग कर रहे हैं लेकिन अब तक सरकार ने इस पर कोई पहल नहीं की है।वही 5 नवंबर 2023 को चतरा में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की शताब्दी समारोह मनाई जाएगी जिसमें भारी संख्या में समाज के लोगो को पहुँचने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में सिक्कीदाग पंचायत मुखिया अनिता यादव, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, अनिल यादव, सतेंद्र यादव,लालू प्रसाद यादव, दिलीप यादव, इंद्रदेव यादव, मुन्द्रिका यादव, राजेंद्र यादव, अजय यादव, सुरेन्द्र यादव, संजय यादव, आदित्य यादव समेत हजारों की संख्या में यादव समाज के लोग एकत्रित हुए।

संक्षिप्त खबरें

अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा की बैठक संपन्न

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बरही प्रखंड के गोरिया करमा पंचायत भवन में आज अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा का बैठक सम्पन हुवा। बैठक की अध्यक्षता शंभू कुशवाहा व मंच संचालन पूर्व मुखिया मनोज कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुधारी महतो, युवा प्रदेश सचिव राकेश मेहता, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील प्रसाद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरुआत अतिथियों को माला पहना कर किया गया। मौके पर पंचायत कमिटी विस्तार किया, जिसमें पंचायत अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सूरज कुमार एवं नरेश वर्मा को बनाया गया। नवनियुक्त पंचायत पदाधिकारीयो को प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुशवाहा ने माला पहना कर बधाई दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग डेढ़ दर्जन लोगों ने सदस्यता लिया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बब्लू कुशवाहा ने कहा कि आशा नहीं पूरा विश्वास है कि संजय वर्मा के अगुवाई में पूरा पंचायत में कुशवाहा समाज मजबूत होगा और कम से कम एक हजार सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा। साथ ही साथ निर्णय लिया गया कि गोरिया करमा पंचायत में दहेज प्रथा एवं मृत्यु भोज बंद किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा, विजय वर्मा, बाबुलाल कुशवाहा, नंदकिशोर मेहता, तुलशी मेहता, बादल, देवचंद, बासुदेव कुशवाहा, परमेश्वर, लोकनाथ कुशवाहा, खगेश्वर कुशवाहा, राजू महतो एवं आकाश कुशवाहा सहित सैकड़ो कुशवाहा बंधु कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू ने तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू के अगुवाई में अयोध्या और बनारस से तीर्थयात्रा से लौट रहे सुरेश्वर धाम के श्रद्धालुओं को भव्य रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर रांची निवासी सुरेश साव के नेतृत्व सुरेश्वर धाम से आए श्रद्धालुओं ने अपने धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव को विस्तार पूर्वक साझा किया। मौके पर टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू ने धर्मिक मान्यताओं और संस्कृति के महत्व को बढ़ावा देने के लिए सुरेश्वर धाम के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना किया।

भाई बहन के प्रेम को समर्पित है प्रकृति का पर्व करम परब : पूर्व विधायक

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : आज बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पो0 जानकी प्रसाद यादव के बरकट्ठा स्थित आवास पर क्षेत्र के माताएं-बहनों ने करम गीत गाये. इस अवसर पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव एवं पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष,हज़ारीबाग चन्दन देवी ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों,राज्य वासियों को भाई बहन के प्रेम को समर्पित प्रकृति पर्व करम परब की ढेर सारी खुशहाली एवं अपने ओर से शुभकामनाएं दिया।

भाकपा माले के द्वारा रमेश विधूड़ी का पुतला निकाला गया

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद के द्वारा भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी के संसद में दिए गए. असंवैधानिक भाषण के विरोध में बरकट्ठा में पुतला निकाली गई.जिसमे बरकट्ठा प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद ने कहा की रमेश विधूड़ी जिस तरह से संसद में भाषण दिया उससे भाजपा और संघ की मानसिकता नजर आ रही है एक तरफ मोदी सबका साथ सबका विकास की बात करती है ।

दूसरी तरफ भाजपा नेता देश के सांप्रदायिक सौहार्द को खराब कर रहे हैं और भाजपा उन नेताओं को प्रमोशन दे रही है आज देश में दलित आदिवासी अल्पसंख्यकों के बीच भय का माहौल बना है और भाजपा के लंपट सांसद नेता डरा रहे हैं भाजपा पिछले दरवाजे से संविधान को खत्म करना चाह रही है जब भी देश में कोई गंभीर सवाल पैदा होती है तो मोदी ऐसे लोगों के सहारे मुद्दे को भटकाने का काम करती है जब से इंडिया बना है तब से मोदी जी बेचैन हो गए हैं आने वाले चुनाव में इसका परिणाम जनता के द्वारा दिया जायेगा महंगाई शिक्षा स्वास्थ रोजगार किसान मजदूर युवा तमाम तरह के मुद्दे को लेकर भाकपा माले आंदोलन करती रहेगी इस पुतला दहन कार्यकर्म में प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, किसून मोदी,श्याम पासवान,किशोर पासवान, सामेल टुडू,इमरान अंसारी और कार्यकर्ता शामिल थे ।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस तथा प्राकृतिक पर्व कर्मा पर आयोजित हुए विशेष कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड पैरामेडिकल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्टों के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने तथा स्वास्थ्य और औषधि क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।साथ हीं रैली के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित दवाओं की आपूर्ति, और फार्मासिस्टों के साथ गुणवत्त सेवाएं प्रदान करने को प्रचारित प्रसारित किया गया।कार्यक्रम में डिप्लोमा इन फार्मेसी एंड पैरामेडिकल के डेढ़ सौ से भी ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य नीतू सिन्हा शिक्षक गण उज्जवल कुमार, काजल कुमारी, डॉ अनिल कुमार,डॉ मारिया जबीन, डॉ अविनाश कुमार, अपर्णा गुप्ता तथा अनिता कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बॉक्सर शैलेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने जीता स्वर्ण, गोविंद को मिला कांस्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : बीते 14-16 सितंबर 2023 को बोकारो में आयोजित 16 वें झारखंड स्टेट सीनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हजारीबाग के प्रतिभागी जिले के इचाक प्रखंड के ग्राम खुटरा निवासी शैलेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने फाइनल मैच में वेस्ट सिंहभूम जिले को 5-0 से हराकर हजारीबाग को स्वर्ण पदक विजेता बनाया। वहीं दुसरे प्रतिभागी सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित सिलवर कला पंचायत अवस्थित ग्राम अंबाडीह निवासी गोविंद कुमार ने कांस्य पदक जीता। आगामी 01-08 नवंबर को आसाम में होने वाले राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हजारीबाग के बॉक्सर शैलेन्द्र प्रसाद कुशवाहा झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे ।बॉक्सिंग के इन दोनों उभरते हुए युवा खिलाड़ियों का सोमवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने कार्यलय सभागर विधायक सेवा कार्यालय में सम्मान कर हौसलाफजाई किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : भारतीय जनता युवा मोर्चा पतरातू मंडल द्वारा भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत बैठक एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती दिवस मनाया गया। साथ ही सेवा पखवाड़ा के बारे में प्रदेश के नेता आशीष चंद्र के द्वारा विशेष जानकारी दी गई। तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आयुष्मान कार्ड में 10 करोड नए लोगों को जोड़ा जाना है उसके बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किशोर कुमार महतो, कुमेल उरांव, आदित्य नारायण साहू, प्रियानाथ मुखर्जी, प्रदीप महतो, विश्वजीत कुमार भारद्वाज, कृष्ण मुंडा,परमानंद राजीव, बजरंग कुमार,मोहन करमाली, सेतु प्रियदर्शी,शुभम ठाकुर, हरिलाल खरवार,अमित कुमार, कुंदन कुमार,रणधीर कपूर, विजय रजक, सुबोध ठाकुर, बालकिशन महतो, रूपलाल महतो, रमेश महतो इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही भाजपा कार्यालय एवं गौरियाकरमा में संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 314 बूथ संख्या में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है।

सुशासन और विकास से अंत्योदय हमारा लक्ष्य है। पीएम नरेंद्र मोदी की सोच सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए गरीब व असहाय लोगों के के लिए कई योजनाएं लागू कर रहे हैं। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने छात्र जीवन से ही पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था। वहीं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि जनसंघ की स्थापना दीनदयालजी ने की और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनकर्ता भी रहे थे। जिन्होंने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया।

देवचन्दा में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम देवचंदा में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच छोटकी केवाल व टोइया के बीच खेला गया। जिसमें छोटकी केवाल कि टीम ने पेनल्टी शूट में दो गोल से जीत दर्ज किया। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि खेल से भी जीवन को संवारा जा सकता है, उन्होंने कहा कि प्रखंड के ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में इस तरह का आयोजन निश्चित ही खेल को बढ़ावा देने वाला है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो की प्रतिभा निखरती है। साथ ही कहा कि खेल स्वस्थ जीवन जीने की मांस्टर कूंजी है जो विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि खेल से हमेशा सीखने का अवसर प्राप्त होता है, जो खिलाड़ियों को अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलना व रहना सिखाता है।

पतरातू विधायक अंबा प्रसाद का जनता दरबार पहुंचे सैकड़ों फरियादी

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : सोमवार को विधायक अम्बा प्रसाद द्वारा पतरातू पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित आवास में जनता दरबार का आयोजन किया गया।जिसमे सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों को कर्मा पूजा की विधायक ने शुभकामनाएँ दी। जनता ने अपनी समस्या बारी बारी से विधायक के समक्ष रखी जिसमें तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं को मौके पर से ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश देकर समाधान किया। अन्य दीर्घकालिक समस्याओं को विधायक ने सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द इनका भी निराकरण किया जाएगा। साथ ही जनता दरबार में बाल विवाह उन्मूलन,बाल यौन शोषण मुक्त भारत,बाल तस्करी से मुक्त करने के उदेश्य से कार्य कर रही कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के लोगों ने विधायक से मुलाकात की।

दस लक्षण पर्व पर नवीन डूंगरमल जैन ने रखा दस दिन का निर्जला उपवास

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जैन समुदाय का दसलक्षण पर पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जा रहा है हजारीबाग शहर के दोनों जैन मंदिर में पूजा अर्चना के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ऐसे मौके पर भगवान महावीर की आराधना में हर कोई लीन नजर आ रहा है।दसलक्षण महापर्व जैन समुदाय का काफी महत्वाकांक्षी पर्व है कहा जाता है कि इस 10 दिनों में भगवान महावीर का टूट कृपा बरसाती है और इसे पाने के लिए हर कोई अपने स्तर से भगवान महावीर की आराधना में नजर आता है।

ऐसे मौके पर जैन समुदाय के कुछ व्यक्तियों के द्वारा 10 दोनों का, तीन दिनों का एवं एक दोनों का निर्जला उपवास किया जाता है।इसी निर्जला उपवास के क्रम में हजारीबाग शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डूंगरमल जैन के द्वितीय सुपुत्र नवीन डूंगरमल जैन ने भगवान महावीर की आराधना में 10 दिनों का निर्जला उपवास रखा है। यह उपवास मधुबन के पारसनाथ मंदिर मे रखा है। प्रमाण सागर जी महाराज के सानिध्य में।

आखिर कौन है नवीन डूंगरमल जैन : कहां जाता है कि शिक्षा दीक्षा की समाप्ति के बाद पिता के सजाए गए सपनों को सुपुत्र सहकार करता है, इसी क्रम में नवीन डूंगरमल जैन ने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए उनके साथ कार्य में जुट गए। शहर के प्रसिद्ध पारस भंडार की द्वितीय शाखा पारस फूड मे बतौर संचालक के रूप में अपनी सेवा प्रदान करते हैं। पारस फूड में इनके साथ बड़े भाई और बड़े भाई के सुपुत्र भी सेवा में शामिल रहते हैं।

नवीन डूंगरमल जैन के द्वारा 10 दिनों के निर्जला उपवास के बाद उनके माता-पिता के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली, माता चंपा देवी -पिता डूंगरमल जैन ने सुपुत्र को आशीर्वाद प्रदान किया।

वही परिवार के सदस्यों मे बड़े भाई प्रवीण जैन, अनीता जैन नवीन डूंगरमल जैन की धर्मपत्नी मीनाक्षी जैन, मुकेश उर्फ मुक्कू जैन, नैंसी जैन, श्रेयांश जैन, डॉली जैन, सम्यक जैन, अमीषा जैन, आस्था जैन, करुणा जैन, नंदनी जैन एवं रजनी जैन सहित परिवार के तमाम सदस्य काफी खुश नजर आ रहे हैं।

रांची मोराबादी मैदान में केंद्रीय महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा : रोशन लाल चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : आजसू पार्टी द्वारा घोषित कार्यक्रम आगामी 29 सितंबर से 01अक्टूबर तक रांची मोराबादी मैदान में होने वाला केंद्रीय महा अधिवेशन को लेकर आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड के पश्चिम जॉन की ग्राम एवं मोहल्ला प्रभारियों की समीक्षात्मक बैठक आवासीय कार्यालय पीटीपीएस पतरातू में हुई। बैठक में उपस्थित आजसु केंद्रीय महासचिव सह बड़का गांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा की पार्टी का यह केंद्रीय महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा यह अधिवेशन झारखंड को एक नई दिशा देने का भी काम करेगा। बैठक में उपस्थित सभी प्रभारी ने दृढ़ संकल्प के साथ कहा पतरातू प्रखंड से हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता तथा महिला एवं पुरुष इस अधिवेशन में शामिल होंगे।बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार,कोलेश्वर महतो अशोक पाठक, अजय रवि,राहुल कुमार, कलाम अंसारी ,मनोज राम,जानकी मुंडा, राकेश विश्वकर्मा, पुष्पा बखला, सरिता देवी, बबीता देवी, गणिता देवी, सावित्री देवी, सुनीता देवी, धनेश्वर महतो, राजकिशोर प्रसाद, विनोद प्रजापति, सुनील मुंडा,राजू मुंडा, सोनू सिंह,वीर प्रताप सिंह, अनिल पाठक, धीरज कुमार,बादल कुमार, रामचरण महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पांडेडीह में लोग बरसात के बाढ़ में उफनती नदी पार कर बच्चों को पढ़ने भेजते हैं विद्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गोरहर अंतर्गत पांडेडीह पर पुल नहीं रहने के कारण स्कूली बच्चे पांडेडीह नदी में उफनती बाढ को पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं. गोरहर पंचायत के रंगीनियां टोला,पारटांड,डूडीखाया टोला समेत आधा दर्जन से भी ज्यादा गांव के बच्चे बच्चियां पांडेडीह नदी पार कर प्राथमिक मध्य विद्यालय गोरहर पढ़ने जाते हैं.जो बरसात के दिनों में भया?वह रूप धारण कर तेज़ धार में बहती नदी में पुल नहीं रहने से बच्चे बरसात में नदी में बाढ़ के उफान मारते हुए पानी में अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार कर अपने भविष्य को खुशहाल बनाने के लिए स्कूल जाने को मजबूर हैं. इस स्थिति में परिजन को अपने बच्चों के प्रति डर बना रहता है.बरसात के मौसम में कभी कोई अनहोनी ना हो जाए इसीलिए परिजनों को बच्चों को नदी पार करवाने के लिए साथ जाना पड़ता है. स्थानीय ग्रामीण गरीब महतो, रवि महतो,संतोष कुमार, भेखलला महतो,बैजनाथ महतो कहते हैं,कि चुनाव के समय वोट के लिए आने वाले नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं पर चुनाव गुजरने के बाद मंत्री विधायक इस और ध्यान नहीं देते हैं.बच्चों के अभिभावक बच्चों को खुद के नदी पार कराकर विधालय भेजते हैं.फिर छुट्टी के वक्त वापस नदी पर कराकर बच्चों को घर वापस लाते हैं पुल की समस्या से परेशान ग्रामीण ने जिला के उपायुक्त नैन्सी सहाय जिला परिषद प्रेरणा प्रिया से गांव में आवागमन हेतु पांडेडीह नदी पर पुल बनाने की मांग किया गया है.वंही एक दूसरा मामला पंचायत शिलाडीह के तैतरिया नदी पर आजादी के इतने वर्षो के बाद भी पुल निर्माण कार्य नहीं होने के चलते दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का संपर्क प्रखंड कार्यालय से टूट जाता है. जिससे आये दिन ग्रामीणों को घरेलू कार्यो एवं बजार,राशन,अस्पताल,बैंक आदि के कार्यो को निपटाने हेतु बरकट्ठा बजार जाना होता है.तैतरिया नदी में पुल नहीं रहने के चलते ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है.इन दोनों नदियों के पुल निर्माण कार्य के संदर्भ में स्थानीय जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया का कहना है कि मैं उपायुक्त हजारीबाग से मुलाकात कर अपने क्षेत्र के दस जरूरी पुल निर्माण कार्य का सूची सौंप कर जल्द निर्माण कार्य करवाने की मांग किया हूं।

दो अक्टूबर को तैलीक समाज का तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारी बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जिला तैलिक समाज ने गांधी जयंती दो अक्टूबर को हर साल के भाति इस बार भी तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारी बैठक सिटी लाइफ ज्वाहर कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद व मंच संचालन महासचिव नारायण साव ने किया। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों से मंतव्य लेते हुए दो अक्टूबर को सुबह 9 बजे समाज के सभी लोगो द्वारा पंच मंदिर में जुटान किया जाएगा। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि हमारे बापू गांधीजी का आजादी में बहुत बड़ा हाथ रहा है। साथ ही उनके सादे जीवन और उच्च विचार को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा पंच मंदिर से कुम्हारतोली टोली स्थित गांधी स्मारक तक किया जाएगा। गांधी स्मारक पहुंचते ही गांधीजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रंधांजली दिया जाएगा। महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका कुमारी ने बताया कि गांधीजी के माल्यार्पण के बाद बच्चो के बीच लड्डू और लोगो के बीच खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष सीताराम साहू, राजेंद्र साव, युवा महासचिव रामकिशोर सावंत, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका कुमारी, मीडिया प्रभारी हेमराज कुमार, चंद्रिका साहु, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोवर्धन साव, खिरगांव अध्यक्ष अशोक साव, सोमर साव, कपिलदेव प्रसाद, शीला साहू, प्रदीप कुमार, दिलीप प्रसाद साव, शैलेश कुमार सहित कई अन्य उपस्थित हुए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

गोला के नये थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने पदभार ग्रहण किया

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के पाँच थाना प्रभारियों का स्थानांतरण किया गया था। इसी प्रक्रिया के तहत रामगढ़ थाना में पदस्थापित पु.अ.नि. प्रभात कुमार को गोला थाना का थाना प्रभारी बनाया गया है, तथा गोला थाना के निवर्तमान प्रभारी पु.अ.नि. सिद्धांत का स्थानांतरण रामगढ़ थाना किया गया है। इस दौरान नये थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने कहा कि क्षेत्र की विधि-व्यवस्था पर प्राथमिकता देना मेरा पहला कार्य होगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनायी गयी

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉक्टर यदुनाथ पांडे के आवासीय कार्यालय बूथ नंबर 31 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम को मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉक्टर यदुनाथ पांडे उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अध्यक्षता ब्रजेश पाठक ने किया सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गायन किया तत्पश्चात जन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एकात्मक के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय आप मानववाद के प्रणेता अंत्योदय के प्रबल समर्थक और हम सबों के प्रेरणा स्रोत कि आज जन्म जयंती है दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी बहुत ही सहज सरल और सार्वजनिक रूप से समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित था एकात्म अनुवाद अंत्योदय और अर्थनीति के बारे में जो उन्होंने विचारों को प्रतिपादित किया वह आज शोध का विषय है देश-विदेश के अनेक शोधार्थी पंडित दीनदयाल के जीवन और विचारों के बारे में शोध कर रहे हैं ।

युवा नेता राजीव जायसवाल झांलीवुड के कलाकारों के साथ किया करम अखरा का दौरा

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ विधानसभा के भाजपा युवा नेता राजीव जायसवाल झाँलीवुड के कलाकार रोहित आरके, गायक प्रीतम राज के साथ करम अखरा का दौरा किये । इस अवसर पर राजीव जायसवाल ने गांव में घूम घूम कर करम व्रतियों को छोटी बहनो को करम परब की बधाई और शुभकामना दिया और कहा कि करम झारखंड की मिट्टी का त्योहार है । जो कि झारखंड से निकलकर दिल्ली मुम्बई सहित देश के कोने कोने तक पहुँच चुका है। बतौर झारखण्डी हमे इस बात का गर्व है कि हमारी संस्कृति हमारा त्योहार देश के कोने कोने तक फैल रहा है। इस अवसर पर जायसवाल के साथ अशोक टाइगर,बिक्की महतो, छोटू केवट, पवन पटेल ,महाबीर महतो, राजेश मुंडा, जलेश्वर महतो, तेजनाथ महतो, छत्रु महतो, पंकज महतो, भास्कर महतो, फाकु महतो, अरविंद जायसवाल, सहित कई लोग उपस्थित थे।

महा माया टुंगरी में हर्षउल्लास के साथ मना करम परब

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ महा माया टुंगरी कांकेबार मे धूमधाम से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम परब मनाया गया। करम महज एक वृक्ष नही है,ये आदिवासियों की ऐतिहासिक धरोहर है,आध्यत्म और जीवन का अभिन्न अंग है,करम परब महज एक वृक्ष नही है,बल्कि समस्त पृथ्वी और पुकराल को सजीव बनाये रखने का प्रतीकात्मक प्रयास है,आदिवासियों के जीवन दर्शन का हिस्सा है करम परब जिसे जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मीकरण के वैकल्पिक इलाज की तरह देखा जा सकता है।जिसके मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कु महतो तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रतिनिधि अरविन्द कु महतो,बासुदेव महतो,भोला महतो,बीरबल महतो,सीताराम महतो उपस्थित रहे। जिसमे मुख्य कथा वाचक के रूप मे श्री बी एन ओहदार रहे।मौके पर मनोज़ कुमार महतो ने कहा पर्व सभी बहनें अपने भाई की लंबी आयु के लिए करती है। दिनभर उपवास कर शाम में करमा पेड़ के डाल को घर के आंगन में रखकर पूरी रात पूजा अर्चना करती है।

सुरक्षा विभाग ने स्क्रेप लोहा किया बरामद

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल सिरका सुरक्षा विभाग ने सोमवार को अरगड्डा नोनाहीटाड़ के समीप एक बोर में बंद स्क्रैप लोहा बरामद किया हैं। जिसे बाद में सिरका कार्यालय में जमा किया गया। इस संबंध में सुरक्षा विभाग सिरका ने बताया कि अरगड्डा बंद ऑफिस के पीछे से अज्ञात बदमाशों द्वारा चैनल लोहे को चोरी कर ठिकाने लगा लगाने का कार्य किया जा रहा था। जो नोनाहीटाड़ पेड़ के नीचे लावारिस हांलत में मिला।

बारिश के दौरान बुधबाजार बिजली पोल पर पेड़ की डाली गिरी, लाइन गुल

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधबाजार सिरका करमाली टोला में सोमवार देर संध्या करीब 6~30 बजे वर्षा के दौरान पेड़ की डाली टूटकर बिजली तार पर जा गिरी। जिससे यहां के करीब 80 घरो की बिजली गुल हो गई। लोगों की सूचना बिजली सप्लाई रूकवाई गई। इससे बड़ा हादसा टल गया। समाचार लिखे जाने तक पेड़ की डाली हटाने का कार्य ग्रामीण करने में लगे हुए थे।

भाकपा माले ने हैसालौंग में मनाया जयंत गांगुली का 28वां स्मृति दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिदी : भाकपा माले के द्वारा हेसालौंग में सोमवार को कामरेड जंयत गांगुली के 28 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित सकंल्प सभा की अध्यक्षता सोहराय किस्कू ने किया।संचालन कामरेड पचु राणा ने किया।इसके पूर्व झंडातोलन कामरेड जगरनाथ उरांव ने किया और कामरेड जयंत गांगुली के मुर्ति पर माल्यार्पण भाकपा माले सेन्ट्रल कमेटी पोलितब्यूरो सदस्य कामरेड जनार्दन प्रसाद,शुभेन्दु सेन,राजकुमार यादव, भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया, भुनेश्वर केवट, बैजनाथ मिस्त्री, सविता सिंह,हीरा गोप,नीता बेदिया,अमल कुमार, जयवीर हंसदा,कौलेश्वर गोप,गोबिंद राम,कृष्णा गोप,मासस के आर.डी.मांझी, सीपीआई के नेमन यादव सहित अन्य मंचासीन नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आज कामरेड जयंत गांगुली के स्मृति दिवस के अवसर पर देश की वर्तमान चुनौतियों के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया गया। केन्द्र की फासीवादी भाजपा सरकार देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों , नवजवानों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों के अधिकारों के ऊपर चौतरफा हमला तेज कर दिया है।लोकतान्त्रिक अधिकारों,कानूनों को खत्म कर दमन का शासन तेज कर दिया गया है। रोजगार के अवसरों को खत्म कर सार्वजनिक उधोगों, कोयला अन्य खनिजों, प्राकृतिक संसाधनों को चंद कारपोरेट घरानों अड़ानी-अंबानी के हवाले किया जा रहा है। मोदी के शासन में निरंतर मंहगाई बढ़ रही है। धार्मिक उन्माद फैलाकर नफरत पैदा किया जा रहा है। किसानों, आदिवासियों की। जल, जंगल, जमीनों को लगातार लुटा जा रहा है। सड़कों में आंदोलन के बल पर तीन काले कृषि कानून को वापस लेना पड़ा है। किसानों - आदिवासियों की संघर्ष एवं विपक्षी दलों की एकताबद्ध इंडिया से घबरा कर जैसे तैसे की स्थिति में महिलाओं के लिए 33त्न महिला वंदन के नाम आरक्षण देने की घोषणा की है लेकिन ये भी चुनावी जुमले की तरह 2024 के चुनाव के बाद, जनगणना करने के बाद ही लागू की जाएगी। आदिवासी अनुसूचित जाति/जनजाति महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा लेकिन ओबीसी महिलाओं के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। इसे विवादित बना कर रखना चहती है। महिला पहलवानों के साथ छेड़खानी बलात्कारी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन चल रहा थ उस समय भाजपा बलात्कारी को बचा रही थी।

संकल्प सभा के माध्यम से 9 सूत्री मांग की गई

गरीब, दलित, आदिवासियों के लिए लड़ने वाली लोकतान्त्रिक आदिवासी संघर्ष मोर्चा,इंक्लाबी नौजवान सभा (आरवाईए) सहित 64 जनसंगठनों के ऊपर माओवादियों के साथ संबंध बताकर बैंड करने के लिए जांच की आदेश को फौरन वापस लेने की मांग करती है। 33त्नमहिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं की आरक्षण क्यों नहीं और 2024 से ही लागू करने के लिए कौन रोक रही है,इसे तत्काल लागू करो क्योंकि महिलाएं लंबे वर्षों से लड़ते आई है।

अवैध स्टीम कोयला लदे पिक अप वैन को कुजू पुलिस ने किया जब्त, दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुजू : अवैध कोयला लदे एक पिक अप वैन को कुजू पुलिस ने सोमवार सुबह जब्त किया है। वहीं वैन चालक सहित एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर हाजत में रखा है। उससे इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बीस माइल से अवैध स्टीम कोयला लादकर एक सफेद रंग का पिक अप वैन कुजू की ओर जा रहा है।वैन में ब्लू रंग का तिरपाल बंधा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ओपी प्रभारी विनय कुमार अपने अन्य सहयोगियों व पुलिस बल को साथ लेकर लोहा गेट डायवर्सन के पास नाका बंदी करते हुए आ रहे सफेद वैन को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वैन चालक गाड़ी को लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए पिक अप वैन संख्या जेएच 02 एल/4115 को जब्त किया।साथ हीं उसके चालक सोहैल अंसारी पिता खुशबुद्दीन अंसारी,चंदवा निवासी तथा वैन पर सवार एक अन्य जिब्राइल अंसारी पिता बहालुद्दीन अंसारी, गऔरआटआंड़ ,बरकट्ठी, थाना कुजू (मांडू), जिला रामगढ़ निवासी को गिरफतार किया। जब्त उक्त वैन में लगभग तीन टन स्टीम कोयला लदा है। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर गिरफ्तार दोनों ने बताया कि बीस माइल से धंधेबाज अजय के माध्यम से कोयले को लादकर रांची ले जाया जा रहा था। पुलिस दोनों गिरफ्तार लोगों को हाजत में रखकर पूछताछ कर रही है।

संयुक्त मोर्चा का अरगड्डा महाप्रबंधक से वार्ता के बाद कल का धरना प्रदर्शन स्थगित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : अरगड्डा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधियों को एकदिवसीय आंदोलन से पूर्व सोमवार को एक साथ प्रबंधन ने वार्ता के लिए बुलाया। सोमवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक अरगड्डा के साथ पूर्व नियोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक में सभी संयुक्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों ने एक-एक कर अपनी बातों को जोरदार तरीके से रखा। प्रबंधन के बिजली, पानी, आवास के कार्रवाई पर जबरदस्त विरोध दर्ज कराया। वहीं इसे देख प्रबंधन ने भी अपने कदम पीछे हटाए। बताया कि बिजली, पानी, काटने के अभियान को अभिलंब रोकने, कोई भी इलेक्शन आर्डर नहीं निकालने की बातें सामने आई। प्रबंधन ने यूनियन नेताओं का भरोसा दिलाया कि कोई भी नीतिगत फैसलों को बिना यूनियन की सहमति के आगे प्रबंधन नहीं बढ़ाएगा। साथ ही इस प्रकार की कार्रवाई पर खेद प्रकट किया। इसे लेकर यूनियन प्रतिनिधियों ने कल मंगलवार के धरना प्रदर्शन को संतुष्ट होते हुए वापस ले लिया। बैठक में महाप्रबंधक अरगड्डा सुधांशु पांडे, अमला अधिकारी, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, कार्मिक प्रबंधक मनीष अंबष्ठा, निखिल श्रीवास्तव, यूनियन प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह, कन्हैया सिंह, बैजनाथ मिस्त्री, रंजीत पांडे, गौतम बनर्जी, पुरुषोत्तम पांडे, अरुण सिंह, सीपी संतन, मनोकामना सिंह, शशि सिंह, जन्मजय सिंह, गुड्डू यादव, अवधेश उपाध्याय, दीपक कुमार, कमरुद्दीन खान, जगदीश चंद्र बेदिया समेत कई उपस्थित थे।

अरगड्डा जीएम ऑफिस से मेरी माटी मेरा देश रथ को जीएम ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय के प्रांगण से सोमवार को जीएम सुधांशु कुमार पांडे के द्वारा मेरी माटी मेरा देश रथ को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया गया। अवसर पर प्रबंधन ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बरकाखाना रेलवे स्टेशन व अरगड्डा रेलवे स्टेशन की सफाई हुआ। जबकि मेरी माटी मेरा देश के साथ अमृत कलश लेकर पंचायत टोंगी में मुखिया व उप मुखिया की उपस्थिति में चावल एवं मिट्टी की मांग ग्रामीणों से की गई हैं। इस कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश, माटी को नमन वीरों को वंदन से प्रेरित हैं। अभियान बीते 1 सितंबर से 30 अक्टूबर तक चलने वाला हैं। वहीं जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने कार्यक्रम की सफलता और सभी लोगों की सहयोग की अपील किया हैं। मौके पर अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय के कई अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

सरकारी शराब की दुकान से पांच लाख के शराब सहित 66 हजार नगद राशि की चोरी

चोरो ने ताला तोड़कर घटना को दिया अंजाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : गोला प्रखंड के बरलंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत हारुबेडा स्थित सरकारी शराब की दुकान से बीती रात्रि को चोरो ने शराब दुकान का ताला तोड़कर पांच लाख के शराब सहित नगदी 66 हजार की चोरी कर ली गई।चोरी की सूचना सुबह पुलिस को मिलने के बाद गोला सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता व बरलंगा थाना प्रभारी अनन्त कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शराब दुकान की जांच पड़ताल की गई। जांच के क्रम में पाया गया कि शराब दुकान के स्टॉक?? का लगभग पांच लाख रुपये की शराब चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई एवं दो दिनो का बिक्री का पैसा 66 हजार रुपए की भी चोरी कर ली गई है।चोरो ने दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरा को भी तोड दिया है। जिस रड से दुकान के ताला को तोड गया था,उस रड को पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध मे उत्पाद विभाग के दारोगा कांग्रेस चौधरी ने बरलंगा थाना मे अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई है। पुलिस अनुसंधान कर चोरो का पता लगाने का प्रयास कर रही है। विदित हो कि वर्ष 2018 मे भी उक्त शराब दुकान पर चोरो ने लाखो रुपए की चोरी कर ली गई थी।

पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडेय के द्वारा डिजिटल स्केलिंग शिक्षण संस्थान का उद्घाटन हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ के नेहरू रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मार्केट में डिजिटल स्केलिंग शिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया गया। संस्थान का उद्घाटन पूर्व सांसद हजारीबाग सह सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झारखंड प्रदेश डॉ. यदुनाथ पांडेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगवती सरस्वती की पूजन एवं विश्वकर्मा देवता का पूजन संचालक के पिता दिनेश पाठक के द्वारा की गई। इस संस्थान में मुख्य रूप से सर्टिफिकेट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, मास्टरिंग इन स्मार्टफोन कंप्यूटर टाइपिंग टैली, ग्राफिक डिजाइनिंग,वीडियो एडिटिंग इत्यादि कई तरह के कोर्स कराए जाएंगे एवं सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से नित्यानंद पाठक, शैलेंद्र पाठक,शंकर इंद्र गुरु, महेश मिश्रा, दिलीप सिंह ,राजू रंजन तिवारी कमलनाथ चौधरी,सतीश पाठक , अनूप पांडे, आदि थे ।

भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : भाजपा जिला कार्यालय बूथ नंबर 318 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्जित एवं दीप प्रज्वलित कर मनाई गई । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया । संचालन उपाध्याय संजय शाह ने किया । धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता उपस्थित हुए उन्होंने अपने सम्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बारे में बतायें कि वह प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान विचारक भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य , एकात्म मानव दर्शन की प्रणेता थे । उनके बताए गए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेने की आवश्यकता है ।

तेज बारिश से गिरी घर की दीवार, दिव्यांग ने पत्नी व बच्चों संग भागकर बचाई जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले गरीबों की अनदेखी का एक निराशाजनक तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर सदर प्रखंड अंतर्गत चेंगाडांगा पंचायत के तिलपहाड़ी गांव की है। जहां मिट्टी के कच्चे जर्जर मकान में रहने को बेबस एक हाथ से दिव्यांग गरीब मजदूर परिवार बेघर हो गए हैं। घर का दीवार तेज बारिश से धंस जाने के बाद पत्नी और चार छोटे-छोटे बच्चों के साथ सड़क पर आ गए हैं। पंचायत के मुखिया, कर्मचारी और पंचायत के तमाम जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का शिकार पूरा परिवार बेसहारा हो गया है। दरअसल तिलपहाड़ी गांव में महबूल शेख शनिवार की रात परिवार के साथ खपरैल के कच्चे मकान (मिट्टी से बने मकान) में सोए हुए थे। इस दौरान तेज बारिश हो रही थी और रात करीब 2~00 बजे घर का दीवार ढहने लगा। गनीमत रही कि मकान मालिक महबूल शेख की नींद टूट गई और पत्नी तथा चारों बच्चों को लेकर बाहर निकल गए। अन्यथा बड़े हादसे का शिकार हो सकते थे। घटना के बाद महबूल ने अपने परिवार के साथ किसी तरह रात गुजारी। मजदूरी कर बड़ी मुश्किल से दिन बिताने वाले परिवार का किसी ने भी सुधि नहीं ली। महबूल शेख ने बताया कि मैं एक हाथ से दिव्यांग हूं। किसी तरह गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता हूं। मैं आज तक एक मकान भी नहीं बना सका। मुझे सरकार से भी कोई मकान नहीं मिला है। मैं चार बच्चों के भविष्य को लेकर हमेशा चिंतित रहता हूं। मैं डीसी साहब से निवेदन करता हूं कि एक पक्का मकान दिलाएं। ताकि मेरे चार छोटे-छोटे बच्चें घर में सुरक्षित रहें। इस दौरान महबूल शेख के चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। पत्नी और चारों बच्चों में उदासी छाई हुई थी। इधर मुखिया विपिन सरदार ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है। मैं गांव जाकर पीड़ित परिवार से मिलूंगा और हर संभव मदद का प्रयास करूंगा।

संयुक्त मोर्चा ने तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए उरीमारी पोंटगा में पीट मीटिंग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी के पोंटगा वर्कशॉप में रविवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन की पीट मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता महादेव मांझी व संचालन संजय वर्मा ने किया।वहीं इस पीट मीटिंग में तय किया गया की उच्च पदाधिकारी एवं जेबीसीसीआई के पांचों ट्रेड यूनियन नेताओं के द्वारा यह निर्णय लिया गया की आगामी पांच से सात अक्टूबर तक तीन दिवसीय कोल इंडिया में हड़ताल रहेगा। वहीं सभी नेताओं ने एक स्वर? में कहा किसी भी हालत में कोयला मजदूरों का एनसीडब्लूए ग्यारह में पुर्व में हुई समझौता निरस्त नहीं होने दिया जाएगा। पांचों श्रमिक संघ के केन्द्रीय नेतृत्व ने तीन दिवसीय पांच से सात अक्टूबर को पुरे सीआईएल कोयला सेक्टर में हड़ताल रहेगा। श्रमिक संघ के नेताओ ने सभी मजदूरों से अपील किया है कि तीन दिवसीय हड़ताल को एतिहासिक होगी। तथा भारत सरकार को पीछे हटना पड़ेगा और कोयला मजदूरों का हक नहीं कटने दिया जाएगा,सभी ट्रेड यूनियन के नेताओ ने इस मुद्दे पर कहा इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं,वहीं इस मौके पर जेपीएन सिन्हा, बासदेव साव, संजय शर्मा, संजय मिश्रा, अर्जुन सिंह, रामनरेश सिंह,डा जीआर भगत, अशोक गुप्ता, बिनोद मिश्रा, गणेश राम, कार्तिक मांझी, रामाकांत दुबे, शिव चरण करमाली,सुधीर सिंह, गोपाल यादव, इंद्रदेव राम, सुरेश सिन्हा, जगरनाथ पासवान, बासदेव उरांव, जितेन्द्र सिंह,डिंपी मेहता, कमलेश यादव, प्रकाश नायक इत्यादि लोग मौजूद थे।

20 सूत्री कमेटी एवं जनप्रतिनिधियों को नहीं बुलाने पर स्वास्थ्य मंत्री को दिया गया ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता को ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन में बताया कि झारखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है जो कि काफी सराहनीय कदम है।परंतु दुलमी प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सिर्फ दिखाव के किया जा रहा है और सरकारी पैसा का दुरुपयोग किया जा रहा। स्वास्थ्य मेला का आयोजन को लेकर दुलमी प्रखंड क्षेत्र में किसी भी प्रकार का प्रचार प्रसार नहीं किया गया। जिसके कारण जानकारी के अभाव में स्वास्थ्य मेला में ग्रामीण नहीं पहुंचे।साथ ही दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कमेटि व अन्य जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम का सूचना नहीं दिया गया। साथ पार्टी विशेष के लोगों तथा दुलमी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी के द्वारा स्वास्थ्य मेला को राजनीतिक मेला बना दिया गया।

फेडरेशन झारखंड के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर अमित साहू ने लहराया परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर अमित साहू ने जितेंद्र प्रसाद डब्लू को करारी शिकस्त देते हुए लगातार दूसरी बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर काबीज हुए। विगत दिनों रांची के मोराबादी स्थित फुटबॉल मैदान में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का कार्यकारिणी समेत दो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का भी चुनाव संपन्न हुआ। इस गमहागमही चुनाव में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर अमित साहू ने जितेंद्र प्रसाद डब्लू को करारी मात देते हुए इस उपाध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार कावीज हो गए। इस ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद अमित साहू ने कहा कि की वे लगातार उद्योग व्यापार के समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे हैं। और आगे भी तत्पर रहेंगे। और एक साल में जो कार्य अधूरे रह गए हैं उसे कार्य को जल्द से जल्द करने का प्रयास करेंगे। अमित साहू ने यह भी कहा कि हमारे इस ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सभी पदाधिकारी का एवं सम्मानित सदस्यों का भरपूर योगदान रहा। श्री साहू ने कहा कि रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के साथ कदम से कदम मिलाकर व्यवसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को आगे ले जाने का निरंतरण कार्य करेंगे।

गिरिडीह शहरी क्षेत्र 4 करोड़ लागत से बनेगा तीन मिनी स्टेडियम, विधायक ने किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह ज़िले के शहरी क्षेत्र में तीन स्थानों पर मिनी गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू किया मिनी स्टेडियम का आधारशिला रखा। वही ज़िले के कालूराम उच्च विद्यालय, गिरिडीह हाई स्कूल मैदान व तेतरिया मैदान पचंबा में पर मिनी स्टेडियम बनाया जाएगा। वही गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को इसकी आधारशिला रखी। इन सभी मिनी स्टेडियम के निर्माण पर लगभर चार करोड़ रुपये की लागत से बनेग। मौके पर गिरिडीह विधायक ने स्थानीय लोगों से कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की गुजारिश की। कहा कि स्थानीय लोग ही इसका उपयोग करेंगे। इस कारण इनकी जिम्मेदारी है कि निर्माण की गुणवत्ता पर भी नजर रखें। उन्होंने भरोसा दिया कि तीन माह में

स्टेडियम बनकर तैयार हो जाएगा। मिनी स्टेडियम में पवेलियन के अलावा महिला व पुरुष खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाएगा। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, उपेंद्र सिंह, बिकास कुमार सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

सूफी गायक पदमश्री कैलाश खेर ने गोल्फ ग्राउंड में अपने गाए गाने सुना कर दर्शकों को खूब झुमाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : हिंदी साहित्य विकास परिषद के 44वें स्थापना दिवस पर कैलाश खेर के गीतों को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल ग्राउंड गोल्फ पर भारी भीड़ जुटी। गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों और अतिथियों को तालियां बजाने और थिरकने पर विवश कर दिया। लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा गोल्फ ग्राउंड गूंज उठा। शिव शंकर के भक्त और अपनी गायकी में शिव की महिमा गाने वाले सूफी गायक कैलाश खेर ने जब कोयलांचल की धरती पर अपने गाने सुनाएं तो समा बंध गया। गोल्फ ग्राउंड के मंच पर रंग जमा दिया। रविवार की रात कैलाश के नाम रही। कैलाशा बैंड के साथ आए सूफी गायक कैलाश खेर के गानों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। गोल्फ ग्राउंड के मंच पर कैलाश खेर ने हीरे मोती मैं ना चाहूं मैं चाहूं संगम तेरा,नी मैं जीना..., मैं तो तेरे प्यार में दीवाना हो गया... गाने के साथ शुरुआत की। पद्मश्री सूफी और आध्यात्मिक गानों के सरताज कैलाश खेर जब मंच पर आए तो तालियों को गड़गड़ाहट से ऑडिटोरियम गूंज गया। कार्यक्रम शुरू हुआ तो फिर दर्शकों की एक से बढ़कर एक गानों की फरमाइश आती रहीं। कैलाश खेर जब गा रहे थे तो ऐसा लगता है जैसे वे किसी दुनिया में खो गए हैं और सुनने वालों को भी वहीं ले जाते हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की ए टू जेड बाय शिव डांस ग्रुप को भी अपने गानों पर खूब झुमाया। वॉइस ऑफ इंडिया फेम और कोयलांचल के लाल रचित अग्रवाल ने भी अपने बैंड के साथ प्रस्तुति देकर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

इन गानों से बांधा समा : - कौन है वो कौन है वो कहां से वो आया..., जय

जयकार जय जयकारा..., सइयां...., राह बुहारूं, पग पखारूं...., तौबा तौबा वे तेरी सूरत..., पिया के रंग रंग दीनी ओढनी..., तेरे बिन नहीं लगता दिल मेरा... तेरी दीवानी..., कागा सब तन खाइयो, गाने के साथ झूमते हुए कैलाश खेर सभी झूमने पर मजबूर कर दिया। फिल्म इंडस्ट्री में 16 वर्ष पूरे कर चुके पद्मश्री गायक कैलाश खेर सूफी और आध्यात्मिक गानों के सरताज हैं। जितनी अच्छी उनकी गायकी है उतने अच्छे वह म्यूजिक कंपोजर हैं। वह 1500 से ज्यादा फिल्मी गाने गा चुके हैं।

झारखंड को बताया भोले की धरती :- उन्होंने कहा कि भारत का कोना-कोना मेरे शिव का खंड है मेरे दाता वीरानो में वास करते हैं। झारखंड में पर्वतों, जंगलों में मेरे दाता वास करते हैं यह मेरे भोले की धरती है यहां भोले लोग रहते हैं उन्होंने वॉइस ऑफ़ इंडिया फे म रचित अग्रवाल की तारीफ करते हुए कहा यहां मुझे शुद्ध सरसों के तेल में बना खाना खाने को नसीब हुआ।

झारखंड संस्कृति व विकास मंच ने करमा पूजा प्रतियोगिता आयोजित की

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड संस्कृति एवं विकास मंच ने बलियापुर हाई स्कूल मैदान मे करमा पूजा का प्रतियोगता रखा जिसमे 160 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा की करमा पर्व हमारे सस्कृति और सभ्यता से जुड़ा पूर्व है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने किया। उन्होने कहा की करमा भाई बहन का त्योहार हे जिमसे बहन अपने भाई की लम्बी उम्र के लिए ये पर्व करती है। करमा पूजा हमारे झारखंड की सभ्यता और संस्कृति को दर्शाता है। प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी के साथ मे जिला परिषद स्वेता कुमारी, मासस नेत्री सीमा देवी, किरण देवी, संजय रजक, प्रमुख पति राधेश्याम रजक, अजय रजक, पांडव रजक, मिथुन बाउरी आदि मौजूद थे।

लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट के द्वारा महिलाओं के बीच छाता वितरण

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार को गिरिडीह ज़िले में लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह एलिट के द्वारा तिरंगा चौक टुण्डी रोड में क्लब निदेशक लायन राजेश कुमार गुप्ता के निवास पर कामकाजी महिलाओं के बीच छाता का वितरण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि आज 50 घरेलू कामकाजी महिलाओं के बीच लायन छाता का वितरण किया गया। इसके पहले भी क्लब के द्वारा मोहलीचुवां तथा भंडारीडीह में 150 महिलाओं के बीच छाता का वितरण किया गया था तथा फुटपाथी दुकानदारों के बीच गार्डन अंब्रेला का भी वितरण किया गया था। क्लब निदेशक लायन राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारा क्लब कामकाजी महिलाओं के परेशानी को देखते हुए यह कार्यक्रम चल रहा है।

तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सिन्दूरपुर फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट रविवार को संपन्न हो गया। फाइनल मैच जेडीएम क्लब गोड़तोपा व जय हिंद क्लब जीटी रोड के बीच खेला गया। जिसमें जेडीएम क्लब गोड़तोपा विजय रहा। मुख्य अतिथि बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने विजेता व उप विजेता टीमों के बीच पुरस्कार वितरण किया। प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उसे निखारने की जरूरत है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि राधेश्याम रजक, दुलाल पांडेय, साधु रजक, तरुण रजक, संजय रजक आदि मौजूद थे।

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने संतोष सिंह को किया सम्मानित

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह का टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के गोपेश्वर हॉल में अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार नगर आगमन के मद्देनजर शॉल ओढ़ाकर और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतोष सिंह ने भी टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह को 355 लोगों के स्थाईकरण के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि इंटक से संबंधित टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन जो प्रति वर्ष काफी संख्या में जो मजदूरों को स्थाई करती है यह काफी हर्ष कि बात है। और कांग्रेस परिवार का सीधा संबंध इंटक से है। अतः हम कांग्रेस जन का यह फर्ज बनता है ऐसे लोगों को सम्मान देना चाहिए।

पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम रसूल बलियावी पहुंचे धनबाद

नव जवान एकता फाउंडेशन ने किया जोरदार स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम रसूल बलियावी धनबाद पहुंचे जहां उनके हज़ारों समर्थकों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं झरिया उपर कुल्ही स्थित आर एस गार्डन मैरिज हाल मे नव जवान एकता फाउंडेशन के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जहां श्री बलियावी को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के सरपरश्त मो जफर इकबाल कादरी तथा संचालन शाहबाज रहबर ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के मीडिया सलाहकार हाजी ज़मीर आरिफ ने

किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव मो शाहनवाज खान सहित नव जवान एकता फाउंडेशन की पुरी टीम काफी सक्रिय रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बलियावी ने समाज मे फैल रही बुराई एवं कुरीतियों पर प्रकाश डाला तथा उसे दूर करने की बात कही। कार्यक्रम के उपरांत वो नव जवान एकता फाउंडेशन के कार्यालय पहुंचे जहां उन्होने संस्था द्वारा किये जा रहे समाजिक कार्यो की प्रसंशा की और अपनी नेक दुआओं से नवाजा। मौके पर अमन फाउंडेशन के अध्यक्ष मौलाना मुख्तार, मासस नेता रुस्तम अंसारी, टीएमसी नेता मुख्तार खान, हलीम अंसारी, मो सईद, एख्लाक अहमद, मो इरफान, मो शकील, मो अशरफ, जावेद कुरैशी, मो मशूद, अकबर खान, नूर आलम, मो परवेज, मो महताब, मो एहसान, छोटु कुरैशी, मो हेलाल, जमाल, मो रेयाज, मो शमशी, तबरेज खान, मो शहंशाह, मो अलाउद्दीन, आबिद रजा फैज़ी, आरिफ कादरी, तनवीर आदि सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय व राज्य सरकार द्वारा दिए गए छुट्टी वाले पर्व पर भी गिरिडीह में खुला रहता है स्कूल व कॉलेज : राजेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : राष्ट्रीय या राजकीय पर्व हो गिरिडीह के अधिकांश प्राइवेट स्कूल और कॉलेज खुले रहते है । गांधी जयंती हो या कर्मा पूजा प्राइवेट स्कूल कॉलेज संचालक और संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से होता है यह कार्य।

भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने इसपर आपत्ति भी जताई । श्री सिन्हा ने कहा की जांच के लिए लिखित ज्ञापन उपायुक्त को देंगे शहर के एसडीएम को भी ज्ञापन

देंगे। उन्होंने कहा आखिर किसके ऑर्डर से संचालित होता है ऐसे कार्य।

उन्होंने बताया कि स्टूडेंट और स्टाफ के साथ घोर अन्याय हो रहा है । किंतु बोल कोई नहीं कारण एक ही है,नौकरी से निकालने का डर सताता है। इन स्कूलों से सरकारी विभाग और संबंधित अधिकारियों की साठ गांठ से इंकार किया नही जा सकता है।

आगे से आम लोग भी इसपर नजर रखे और स्टाफ भी इसका विरोध करें,बच्चे और अभिभावक भी इसका विरोध करें, वरना इसी प्रकार झेलने के लिए तैयार रहे। उन्होंने ने बीजेपी, जेएमएम, कांग्रेस के आलावा तमाम राजनीतिक पार्टी को ऐसे विषयों पर संज्ञान लेंगे की जरूरत है।

दरभंगा और दौराई के बीच एक जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : आगामी पर्व-त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर- मथुरा-जयपुर के रास्ते दरभंगा और दौराई (अजमेर) बीच एक जोड़ी पूजा स्पेषल ट्रेन 05537/05538 दरभंगा-दौराई-दरभंगा पूजा स्पेषल चलाने का निर्णय लिया गया है। यह पूजा स्पेषल दरभंगा से 07.10.2023 से 09.12.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को तथा दौराई से 08.10.2023 से 10.12.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को परिचालित की जायेगी।

गाड़ी संख्या 05537 दरभंगा-दौराई पूजा स्पेषल दरभंगा से शनिवार को 13.15 बजे खुलकर 14.20 बजे सीतामढ़ी, 14.51 बजे बैरगनिया, 15.50 बजे रक्सौल, 18.00 बजे नरकटियागंज, रविवार को 19.20 बजे जयपुर, 21.55 बजे अजमेर रूकते हुए 22.30 बजे दौराई पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05538 दौराई-दरभंगा पूजा स्पेषल दौराई से रविवार को 23.45 बजे खुलकर सोमवार को 00.05 बजे अजमेर, 02.30 बजे जयपुर, मंगलवार को 01.55 बजे नरकटियागंज, 02.45 बजे रक्सौल, 03.37 बजे बैरगनिया, 04.25 बजे सीतामढ़ी रूकते हुए 06.50 बजे दरभंगा पहुंचेगी । यह स्पेषल टेउन अप एवं डाउन दिषा में दरभंगा और दौराई के बीच सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बदायूं, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा, भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, किषनगढ एवं अजमेर स्टेषनों पर रूकेगी । इस पूजा स्पेषल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 13 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

पहला कदम में दिव्यांग बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट देख खुश हुए अभिभावक

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : सोमवार को जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की अर्ध वार्षिक मूल्यांकन के प्रोग्रेस रिपोर्ट के बारे में बताया गया। अपने स्पेशल बच्चों की ग्रोथ रिपोर्ट देख अभिभावकों की खुशी देखते बन रही थी। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चो की वीकली टेस्ट ली जाती है। साथ ही 3 मंथली और 6 मंथली मूल्यांकन होती है। हमारे बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट में परसेंट मायने नही रखता उनकी प्रोग्रेस ही हमारा रिजल्ट होता है।

काली मंदिर का जीणोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए पूर्व महापौर के द्वारा किया गया भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भूली : श्री श्री सार्वजनिक मां काली मंदिर निर्माण कमिटी भूली बी ब्लॉक सेंटर कॉलोनी में काली मंदिर का जीणोद्धार एवं सौंदर्यकरण करने हेतु धनबाद के पूर्व महापौर चन्द्रशेखर अग्रवाल ने विधिवत मां काली मंदिर का भूमि पूजन एवं नारियल फोड़ कर भव्य बनाने का कामना किया। वही मंदिर कमिटी के संस्थापक सदस्य गुगन प्रसाद अग्रवाल ने पूर्व महापौर को अंगवस्त्र देकर तथा स्थानीय लोग एवं नवसंकल्प मंच के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के व्यवस्थापक संतोष सिंह ने अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर धीरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, मानस रंजन पॉल, दिपक महतो, राणा दत्ता, प्रवीण सिंह, प्रयागराज रविदास, सूरज पासवान, कमल किशोर, कमला देवी, पूनम सिन्हा, सरोज सिंह, करुणा देवी, सोनी सिंह, प्रतिमा सिंह, साक्षी सिन्हा आदि शामिल थे।

पद्मश्री कैलाश खेर से मिले आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद में हिंदी साहित्य विकास परिषद के कायक्रम में भाग लेने आए पद्मश्री से अलंकृत लोक गायक कैलाश खेर से आर्ट ऑफ लिविंग के धनबाद के सदस्यो ने कैलाश खेर को साल एवं गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का पुस्तक देकर सम्मानित किए। उन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग के काम काज का गुणगान किए। आर्ट ऑफ लिविंग के सीनियर टीचर सह धनबाद के मीडिया प्रभारी मयंक सिंह, संस्था के झारखंड के मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी, संस्था के डीडीसी सदस्य अमरेश सिंह एवं सदस्य चंदन पाल उपस्थित थे।

प्रकृति के प्रति प्रेम का पर्व करमा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष के एकादशी को मनाया जाने वाला प्रकृति का पर्व करमा झारखंड का एक प्रमुख त्यौहार है, जिसे खास कर आदिवासी समुदाय के लोग बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं, एक बहन अपने भाइयों के लंबी उम्र की कामना करती हैं। स्थानीय लोक गीतों के मधुर गूंजों के साथ सात दिनों तक चलने वाले इस भाई बहन के त्यौहार में जावा उठाने की एक बेहद खास परंपरा रही है। आदिवासी मूलवासी करम एकादशी के दिन सुबह करम पेड़ की डाली को घरों के सामने स्थापित कर

संध्या से हीं पूरी रात तक पारंपरिक नृत्य और गीत गाने की परंपरा रही है साथ हीं गांव के किसी पाहन या किसी बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा करमा की कहानी सुनाई जाती है और अगले दिन करम डाली को विसर्जित कर दिया जाता है।इस पर्व में बहनों के द्वारा भाई की मंगल कामना के साथ खेतों में लगी फसल की सुरक्षा, अच्छी वर्षा, गांव के लोगों की व्याधियों से मुक्ति इत्यादि की कामना की जाती है। प्रकृति और पेड़ पौधों से जुड़े करमा पर्व बहन एवं भाइयों के भावनात्मक प्रेम को दर्शाती है। आदिवासियों के अधिकतर पर्व त्यौहार मास के शुल्क पक्ष में हीं संपन्न होते हैं। पीला रंग भगवान सूर्य को समर्पित है जो सभी प्रकार के ऊर्जा के साथ साथ सम्पूर्ण नकारात्मक शक्तियों को दूर कर सुख एवं समृद्धि लाने वाला माना जाता है, पीला रंग शुद्धता का भी प्रतीक है, करम पेड़ की लकड़ी भी पीले रंग की होती है, करमा करने वाली युवतियां हल्दी पानी का छिड़काव करती है इसके अलावा पूजा में प्रयुक्त होने वाला जावा फूल भी पीले रंग का हीं होता है।

5 से 7 अक्टूबर तक पूरा कोल इंडिया बंद रहेगा : ब्रजेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : पांचो केंद्रीय श्रमिक संगठनों की बैठक धनबाद के विश्वकर्मा भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंटक के ए के झा ने किया। बैठक में इंटक बीएमएस एचएमएस एटक सीटू के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मत से संचालन समिति का गठन किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया की सभी क्षेत्रीय कार्यालय में संयुक्त मोर्चा के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 28 29 30 तथा 2 अक्टूबर को चार जनसभाओं का भी आयोजन करने

का निर्णय लिया गया जिसमें काफी संख्या में मजदूर उपस्थित रहेंगे जिसमें ब्लॉक वन के शताब्दी प्रोजेक्ट में गोविंदपुर कतरास तथा सीजुआ एरिया के सिजुआ में विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में तथा 2 अक्टूबर को गांधी जी के प्रतिमा के पास एक आम सभा का आयोजन किया जाएगा। 3 तारीख को पुनः संचालन समिति की मीटिंग होगी तथा 4 अक्टूबर को कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स में कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद सभी नेताओं के द्वारा चार क्षेत्र में बांटकर अपने-अपने क्षेत्र में कोलियारियों को बंद करने में सहयोग देंगे और अंत में 5 से 7 अक्टूबर तक पूरा बीसीसीएल के साथ कोल इंडिया का चक्का जाम किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से एके झा, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, के पी गुप्ता, बिंदेश्वरी प्रसाद, हरि प्रसाद, पप्पू, अरविंद कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, एस एस दे, राजीव रंजन त्रिवेदी, रामकृष्ण यादव, शत्रुघ्न महतो, मंतोष तिवारी, रामधारी जी के साथ अन्य मजदूर नेता उपस्थित थे।

समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का विकास करना भाजपा का लक्ष्य : मनीर उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सोमवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा बख्शीडिपा स्थित जिला कार्यालय सभागार में कुशल संगठनकर्ता, भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे। भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा देने वाले समावेशित विचारधारा के समर्थक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मजयंती कार्यक्रम जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। मनीर उराँव ने कहा कि हमारी हर जन कल्याणकारी योजना का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए योजना इस विचार को सामने लाया

जिसे बीजेपी ने अपना मिशन बना लिया वह व्यक्ति है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे। और आज समाज में समरसता के साथ वह धरातल पर भाजपा की सरकार मोदीजी के नेतृत्व में कर दिखाया है। राकेश प्रसाद ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रहे तभी भारत एकात्म रहेगा। इसे अनुसरण करते हुए कई सांस्कृतिक विरासत भाजपा की सरकार मोदीजी ने जीवंत की है।खूबसूरती प्रदान की है। स्वरूप कॉरीडोर का निर्माण, विश्वकर्मा योजना की शुरुआत जैसे अनेक उदाहरण है। नीरज नलिन ने कहा कि भारतीय चिंतन में दीनदयाल उपाध्याय जी का विशेष स्थान है क्योंकि भारतीय जीवन पद्धति में समाहित एकात्म मानववाद को आधुनिक ढंग से प्रस्तुत किया कहा कि पश्चिम में कहा जाता है कि ऑनेस्टी इज द बेस्ट पॉलिसी। परंतु हमारे यहां सत्य निष्ठा नीति नहीं बल्कि सिद्धांत है। उन्होंने राज्य का आधार धर्म माना है। उनका कहना था कि सिर्फ दंड के सहारे राज्य को नहीं चलाया जा सकता। राज्य को चलाने के लिए धर्म की भी आवश्यकता पड़ती है और धर्म के साथ ही उन्होंने अर्थ पर भी जोर दिया था क्योंकि बगैर अर्थ के धर्म टिक नहीं पाता है। अभी वर्तमान में भारत मोदीजी के नेतृत्व में धर्म, अर्थ और हरल न्याय पर लगातार कर रही है। महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, नीरज कुमार नलिन, बाल कृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव अजय मित्तल, प्रकाश नायक, अमरेश भारती, ओम गुप्ता, अशोक साहू, तुलसी उरांव, सुरेश बैठा, जीवन उरांव, शंकर लोहरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

खिलाड़ी खेल को अनुशासन के साथ खेलें जिसे सफलता मिलेगी : प्रवीण सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार पखन टोली का खेल मैदान में नव युवक संघ तोड़ार पखनटोली के द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन। आयोजित खेल प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया बुदु भगत के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुभारम्भ कराया गया। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा की खिलाड़ी खेल को अनुशासन के साथ खेले जिससे सफलता मिलेगी खेल से कैरियर बनाने का असीम सम्भवनाये हैं। युवक युवती पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान दें खेल को खेल की भावना से अनुशासन के साथ खेलना चाहिये जिसे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से 24 टीम और बालिका वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया था। बालक वर्ग में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीम को और बालिका वर्ग में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया।

बदला गांव में मिला 10 फिट लम्बा अजगर

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र बदला गाँव में दस फिट लम्बा अजगर सांप मिला जिसे पकड़ कर जिसे ग्रामीणो ने पकड़ कर वन विभाग के लोगों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार बताया है कि सुखसागर पाण्डेय का तलब के समीप खेत मे करमा डाली गाड़ते समय अजगर को ग्रामीणों ने देखा जिसे अजगर को देख ग्रामीणो में भय का माहौल था। वही डब्लू अन्सारी ने साहस का परिचय देते हुए अजगर को पकड़ा जिसे वह विभाग को सुरक्षित सौप दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य सुखसागर पाण्डेय लाल विक्रम नाथ शाहदेव, छोटू, सरोज राम, भागीरथी गोप, अमित पाण्डेय सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

पंचायत सचिव व रोजगार सेवक ने शिव चरण बैठा के मनरेगा कूप निर्माण में की भारी गड़बड़ी

कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कुडु प्रखण्ड के ककरगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलसुरी मे शिव चरण बैठा के मनरेगा कूप निर्माण में भारी गड़बड़ी की गयी है। कूप निर्माण में लाभुक शिव चरण बैठा द्वारा ? 34,950 राशि की सामग्री खरीद दारी मे खर्च किया गया, उस राशि को भी तत्कालीन पंचायत सचिव व रोजगार सेवक लाभुक को नहीं दिया। लाभुक बाजार से कर्ज लेकर कूप निर्माण मे खर्च किया था। जब तारीख 09-03-2023 से 15-03-2023 तक सोशल ऑडिट टीम काकरगढ़ पंचायत का ऑडिट किया,तब फुलसुरी निवासी लाभुक शिव चरण बैठा का कूप निर्माण मे गड़बड़ी उजागर हुआ। कूप निर्माण में कार्य से अधिक बिल पंचायत सचिव व रोजगार सेवक ने निकाल लिया है। कूप की गहराई 24 फीट है। चौडाई 12 फीट है। कूप का पटाई 10 इंच मोटा किया गया है। और 15 इंच मोटाई का बिल बनाया गया है। दिखाने के लिए उपर मे तीन फीट 15 इंच मोटाई दिखाया गया है। और राशि की हेराफेरी की गयी है। इस मामला को टीम लीडर राम चरण साहू द्वारा पंचायत जन सुनवाई मे भी नहीं लाया गया। वही तारीख 20-09-2023 को प्रखण्ड स्तरीय जन सुनवाई मे भी मामला को सामने नहीं रखा गया, जो भ्रस्टाचार को दर्शता है। यह मामला को मनरेगा लोकपाल इन्दु तिवारी से लिखित शिकायत की गयी है। यह मामला तत्कालीन पंचायत सचिव दिलीप लकड़ा के समय का है। इस अनियमितता मे प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मेठ एवं कनीय अभियंता की मिलीभगत बतायी जाती है। इनके द्वारा सोशल ऑडिट टीम को मैनेज किया गया। जिस कारण जन सुनवाई मे मामला नहीं पहुचाया गया।

बोलबा कादोपानी अम्बा टोली में जंगली हाथियों ने खेत में फसलों को पहुंचाया नुकसान

झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ने मोबिल सहित कई चीजों का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोलबा : बोलबा प्रखंड के कादोपानी अम्बा टोली मैं बीती रात 20 से 25 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड के द्वारा किसानों के द्वारा लगाए गए फसलों को रौंदते हुए पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया ।यहां तक की कई घरों को भी पूरी तरह से तोड़कर घर में रखे सामान सहित कई चीजों को नष्ट कर दिया ।इधर ग्रामीण किस तरह भाग कर अपनी जान बचाई। मामले की जानकारी सोमवार की सुबह झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का को ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से सूचना दी। सूचना मिलते ही संदेश एक का गांव पहुंचे एवं क्षेत्र का दौरा किया। मौके पर उन्होंने देखा कि खेतों को पूरी तरह से हाथियों के द्वारा नुकसान कर

दिया गया है जिसकी वजह से अब खेती किसानी करने वाले किसानों के सामने बहुत बड़ा संकट उभर आया है। उन्होंने कहा कि लगातार इस क्षेत्र में हाथियों के द्वारा नुकसान किया जा रहा है ।लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को हाथियों को भगाने के लिए मोबील सहित कई चीजे दिया। उन्होंने कहा कि हाथियों के लिए वन विभाग अभी तक गंभीर नहीं है और अगर यही हाल रहा तो झारखंड पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी, क्योंकि ग्रामीणों की समस्याओं को दरकिनार करना वन विभाग को भारी पड़ेगी। बारिश के महीने में किसान अपनी जमा पूंजी खेतों पर लगाते हैं और ऐसे में हाथियों के द्वारा नुकसान करने पर वन विभाग शांत है तो ऐसे रवैया से ग्रामीणों के अंदर आक्रोश है और झारखंड पार्टी ग्रामीण के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। मौके प्रमाण विभाग से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

भाजपा ने पंडित दीनदयाल के फोटो पर माल्यार्पण कर मनाया अंत्योदय दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता पार्टी भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीपपर्वजलन के साथ किया गया मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने दीनदयाल जी के जीवनी पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जी राष्ट्र निर्माण के कुशल शिल्पियों में से एक थे व्यक्तिगत जीवन तथा राजनीति में भी सिद्धांत और व्यवहार में समानता रखने वाले इस महान भारतीय को काफी विरोध का सामना करना पड़ा किन्तु राष्ट्रभक्ति ही जिनका धेय्य हो ऐसे

महापुरुष को भला कौन उनके उद्देश्यों से डिगा सकता था आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उनके बताए हुए मार्ग पर चल रहें हैं और उनकी सभी योजना अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव ला रही है सचमुच आज उनकें सपने साकार हो रहें हैं अंतिम व्यक्ति का उदय ही भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य था जो आज पूरा हो रहा है प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह जी ने कहा दीनदयाल जी एक राजनीतिक विचारक होने के साथ ही साथ एक श्रेष्ठ साहित्यकार, अनुवादक एवं पत्रकार भी थे उनकी लिखी पुस्तको में सम्राट चन्द्रगुप्त,भारतीय अर्थनीति एक दिशा एवं जगदगुरु शंकराचार्य विशिष्ट हैं 21 अक्टूबर 1951 में भारतीय जनसंघ की दिल्ली में स्थापना होने के पीछे उनका नेतृत्व प्रमुख था। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी संबोधन करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ऐसे राजनीतिक विचारधारा के सूत्रधार एवं समर्थक थे।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल, प्रखंड प्रमुख ने की मदद

ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): ठेठईटांगर प्रखंड के खिजुरडांड़ कहुपानी जंगल में जबरदस्त दुर्घटना हुआ । मिली जानकारी के अनुसार युजिन समद, पिता थबियुस समद, जस्टिस टोपनो, पिता राजेश टोपनो, सिहरजोर खरवार टोली, बांसजोर निवासी मोटरसाइकिल से शनिवार को झारखंड चौक घुटबहार आए थे। जो कि सुबह-सुबह 8:00 बजे के आसपास अपने घर सिहरजोर बांसजोर लौट रहे थे। इसी दौरान कहुपानी जंगल में तिखा मोड़ होने के कारण अपने गति में नियंत्रण में नहीं रहा और अनियंत्रित होकर रोड से लगभग 25-30 फीट दूर जाकर गिरे, जिसमें युजिन समद को माथा में गंभीर चोट लगी, ग्रामीणों ने तत्काल प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को इसकी सूचना दी। उन्होंने तुरंत एम्बुलेंस को फोन किया तथा स्वयं भी घटना स्थल पहुंच कर घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। चूंकि युजिन समद का चोट गंभीर है,हालत नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया गया, परंतु घर वाले बेहतर इलाज के लिए अपने इच्छा से राउरकेला ओड़िशा ले गए।

बहनें अपने भाई की सलामती के लिए करती है करमा पर्व : प्रवीण कुमार सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में धूमधाम के साथ करमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य-ज्ञान प्रस्तुत किया एवं करम डाली की विधिवत पूजन की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद सह विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जिस समाज में बहनें अपने भाई की सलामती के लिए पूजा करती हों,उनकी कामयाबी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हों उस समाज की बहनें कभी असुरक्षित नहीं रह सकती। भाई अपना प्राण न्योछावर करके भी बहन की सुरक्षा करने में सदैव तत्पर दिखेंगे। प्रवीण सिंह ने कहा कि झारखंड की संस्कृति अपने आप में प्राचीन एवं महान है। और इस संस्कृति को बचाए रखने के लिए नौजवान युवक-युवतियों जब दृढ़ संकल्पित हैं तब इस समाज का उत्थान अवश्यंभावी है। इसे कोई भी विदेशी ताकत नुकसान नहीं पहुंचा सकता। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

पर्व त्यौहार आपस में मिल जुलकर रहने संदेश देते हैं : प्रधान न्यायाधीश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन बक्सीडीपा में प्राकृतिक पर्व करमा के अवसर में पुलिस मेन्स एशोसियसन व पुलिस एशोसियन के संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम के साथ हर्षोल्लाष से करमा पर्व मनाया गया। वही महिला पुलिस कर्मियों द्वारा करम डाली का पूजन किया गया। करमा पर्व महोत्सव पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल एवं पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जामा ने पूजा स्थल पर पँहुच कर पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाया साथ ही प्रधान जिला व सत्र न्यायधीश ने कहा कि पर्व त्यौहार आपस मे प्रेम और भाईचारा के साथ मिल जुलकर रहने का संदेश देता है। सभी लोग शांति व सौहार्द के साथ खुशी से त्यौहार मनायें और आपस मे एक साथ मिल जुलकर रहने का प्रयास करें. वही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी पर्व त्यौहार के दौरान हुड़दंगी न करें और सोशल मीडिया या अन्य किसी भी तरह से गलत पोस्ट कर अफवाह न फैलायें जिसे शांति भंग हो शांति भंग कर पर्व त्यौहार में माहौल बिगाड़ने वालों का खैर नही नियम संगत कानूनी कैवै किया जायेगा। सभी लोगों से शांति व सौहार्द से मन और उत्साह के साथ पर्व मनाने का अपील किया गया। मौके पर न्यायधीश राजेन्द्र बहादुर पाल, एसपी हारिश बिन जामा, सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, पुलिस निरीक्षक मन्टु कुमार के अलावे पुलिस लाइन के सभी पुलिस कर्मी मौजूद थे।

जलडेगा में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर किया गया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : जलडेगा प्रखंड के ओडगा बाजारटांड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति की बैठक रामकृष्णा साहु की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष कमल साहु, उपाध्यक्ष अंबिका साहु, सचिव नरेश बड़ाईक, कोषाध्यक्ष संजय गोयल का चयन किया गया तथा संरक्षकों के रूप में रामकृष्णा साहु, शंकर विंद, प्रवीण गोयल तथा कार्यकारिणी समिति के रूप में कामेश्वर साहु, अंकित अग्रवाल, मुकेश साहु, प्रसाद महतो, बलराम साहु, कृष्णा साहु का चयन किया गया, सर्वसहमति से चयन उपरांत दुर्गा पूजा को लेकर चर्चा की गई तथा दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया बैठक में ओडगा मुखिया मुकुट समद, पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार महतो, रोहित राणा, तुलसी साहू, रवि गोप, जितेंद्र कुमार महतो, कृष्णा साहू, छोटू बड़ाइक, बजरंग तिर्की, कृष्णा गांझू, राजेश महतो, आजम्बार महतो तथा अन्य हिंदू समाज के लोग उपस्थित थे।

लोहरदगा जिला शूटिंग क्लब का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 27 को : धीरज प्रसाद साहू

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में दिनांक 27 सितंबर 2023 को अपराह्न 2:00 बजे से बलदेव साहू महाविद्यालय स्थित लोहरदगा जिला शूटिंग क्लब का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन झारखंड सरकार के माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के कर कमलों एवं मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री की गरिमा मय उपस्थिति में संपन्न होगा। उक्त कार्यक्रम को यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार प्लेबैक सिंगर अमित गुप्ता अपनी ऑर्केस्ट्रा टीम के साथ संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज एवं अधिकारी गण भी पधार रहे हैं। लोहरदगा जिला के सम्मानित नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह जानकारी राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने दी।

लव जिहाद मामले में दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सेन्हा थाना क्षेत्र में लव जिहाद का एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है.जानकारी के अनुसार बताया जाता है की सहबाज खान नामक मुस्लिम युवक ने रोशन कुजूर नाम बताकर आदिवासी युवती को काम दिलाने के नाम पर प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसे ग्रामीणों द्वारा बक्सीडीपा मे रंगेहाथ युवक को पकड़ कर सेन्हा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वही पुलिस ने कांड संख्या 124/23 धारा 376 के अंतर्गत दुष्कर्म का मामला दर्ज कर अग्रतर कार्यवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया।

भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई जयंती

प्रभात मंत्र संवाद्दाता

लोहरदगा : सोमवार को भाजपा नगर मंडल लोहरदगा के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने किया। कार्यक्रम में सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर अमरेश भारती ने दीनदयाल जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तरप्रदेश के मथुरा जिले में हुआ था। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। महिला आरक्षण विधेयक पास होने के संदर्भ में कहा की बड़ी ही खुशी की बात है कि आज तक देश की कोई भी सरकार जो नहीं कर सकी वह मोदी जी ने कर दिखाया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वह

समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत को बेहतर बनाने के लिए उनके योगदान जनता प्रेरित करते रहेंगे। महिला आरक्षण विधेयक बिल पर कहा कि यह बड़े ही सौभाग्य की बात है कि देश की बहुपतिक्षित महिला आरक्षण विधेयक मोदी जी की सरकार के अथक प्रयास से पास हो गया है । 60 वर्षों में भी कांग्रेस की सरकार ने कभी भी इस और ध्यान नहीं दिया। सिर्फ जुमलेबाजी करते रहे। लेकिन आज यह संभव हो पाया है तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा की मोदी सरकार के कारण। इसके लिए हम सब कार्यकर्ता भाजपा की मोदी सरकार को बहुत-बहुत बधाई देते हैं। राजेश महतो ने भी संबोधित किया। नगर महामंत्री शंकर प्रजापति ने संचालन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजू प्रजापति,अनूप वर्मा, सरस्वती देवी, ज्ञानेश गुप्ता, दीपक साहू, अजय पंकज, समेला भगत, हरिओम साहू, लीला देवी, लक्ष्मी देवी, रीमा देवी, शकुंतला देवी, कंचन देवी, पूनम देवी, पुष्पा देवी, सोनी देवी, सुकांति देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी,मीना देवी, मंजू देवी, प्रिया गुप्ता, मीरा देवी, गीता देवी, रीता देवी, मुनि देवी, होलिका देवी, रोपण देवी आदि लोग उपस्थित थे।

खपड़ैल अथवा भाड़े के घर में संचालित होने वाले सभी अल्पसंख्यक स्कूलों का होगा अपना पक्का भवन : विधायक भूषण बाड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : विधायक भूषण बाड़ा ने कुरडेग प्रखंड के आरसी प्राथमिक विद्यालय जटाटोली में पढ़ने वाले बच्चों को विद्यालय भवन का तोहफा दिया है। भवन निर्माण हो जाने के बाद यहां पढ़ने वाले बच्चे बेहतर माहौल में बैठकर पढ़ाई कर पाएंगे। विधायक का यह पहल आने वाले वर्षों में ग्रामीण बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। साथ ही सम्बंधित संवेदक को गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण कर जल्द बच्चों के सुपुर्द करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि गांव के बच्चे काफी मेहनती होते हैं। वे कम संसाधन में भी पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी बेहतर करते रहे हैं। हमारा मानना है कि अगर ग्रामीण परिवेश में बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जाय तो गांव के बच्चे भी आगे चलकर न सिर्फ इंजीनियर डॉक्टर बल्कि आईएएस और आईपीएस भी बन सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए गांव में ही बेहतर सुविधा उपलब्ध

कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आज भी बहुत से स्कूल ऐसे हैं जिनका खुद का भवन नहीं है। ये स्कूल या तो भाड़े के घर मे संचालित हो रहे हैं। या फिर खपड़ैल कच्चे मकान में। खासकर अल्पसंख्यक स्कूल के भवनों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। पर अब ऐसे स्कूलों की स्थिति में लगातार सुधार किया जा रहा है। ऐसे सभी स्कूलों को चिन्हित कर लिया गया है। अब तक बहुत सी ऐसी स्कूलों के लिए भवन निर्माण कराया जा चुका है। शेष बचे अन्य सभी स्कूलों के लिए भवन का निर्माण बहुत जल्द कराया जाएगा। ताकि हमारे गांव के गरीब बच्चों के पढ़ाई में भवन की कमी बाधा न बने। *गांव के बच्चो को भी मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा- जोसिमा खाखा* मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि गांव में पढ़ने वाले बच्चों के पढ़ाई के लिए विधायक भूषण बाड़ा का यह पहल काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा का काफी अधिक महत्व है। गांव के बच्चो को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने का समान अधिकार है। इन बच्चों को ध्यान में रखकर विधायक लगातार काम कर रहे हैं। *विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से गांव में तैयार हो रहा है पढ़ाई का बेहतर माहौल- जिलाध्यक्ष कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की व फादर पौलुश लकड़ा ने कहा कि आज विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से गांव में स्थित स्कूलों में पढ़ाई का बेहतर माहौल तैयार हो रहा है।

बीएस कॉलेज में करमा पर्व को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): केन्द्रीय सरना समिति के द्वारा बी एस कालेज के सभागार में करमा पर्व को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,सांसद सुदर्शन भगत,मनी उराँव,पूर्व विधायक सुखदेव भगत,चमरा लिणडा,रोहित उरांव,निशिथ जायसवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय एवं स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा परम्परागत वेशभूषा के साथ 52 टीम ने अपने अपने दल के साथ करमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम व निरित्य प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण केन्द्रीय सरना समिति के मुख्य संरक्षक मनी उराँव व करमा पर्व की विस्तृत जानकारी अनिल भगत द्वारा दिया गया। मौके पर विजेता टीम को आगत अतिथियों द्वारा मांदर घंट नगाड़ा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केन्दीय समिति के संरक्षक मनी उराँव, अध्यक्ष रंथू उरांव, सचिव डॉक्टर शशी कुमार गुप्ता, अनिल भगत, अनुपमा भगत, सुखदेव उरांव, अनिल उरांव, काजल उराँव, प्रोफेसर लोहरा उरांव, सूरज अग्रवाल, जोन्हस उराँव, संजय उराँव, आरती कुमारी समेत बड़ी संख्या में तीनो छात्रावास के छात्र छात्राओं और अन्य समुदाय के लोग उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

आईसेक्ट विश्विविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : आईसेक्ट विश्विविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में एनएसएस का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को ना सिर्फ सामुदायिक जीवन जीने की सीख देता है बल्कि सामाजिक एकता, सेवाभाव और अनुशासन के साथ साथ आत्मविश्वास के लिए भी एनएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वविद्यालय में जारी एनएसएस की गतिविधियों पर संतुष्टि जाहिर की और इसके लिए विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ रूद्र नारायण व डॉ प्रीति व्यास को बधाई भी दी। वहीं एनएसएस अधिकारी डॉ रूद्र नारायण ने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को एनएसएस से जुड़ने को लेकर प्रेरित किया। कला एवं मानविकी विभाग डीन डॉ रोज़ीकांत ने राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सेवा के लिए विद्यार्थियों को एनएसएस से जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से जनसेवा व राष्ट्र कल्याण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। बता दें कि विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई के माध्यम से रक्तदान शिविर, दंत चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण, जागरूकता अभियान जैसे अन्य कार्य समय समय पर कराए जाते हैं और इसमें एनएसएस से जुड़े विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व एनएसएस अधिकारीयों की भूमिका अहम है। मंच संचालन डॉ प्रीति व्यास ने किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों के साथ साथ कई विद्यार्थी मौजूद थे।

पीएम 26-27 सितंबर को गुजरात दौरे पर रहेंगे

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26-27 सितंबर को गुजरात का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि 27 सितंबर को सुबह लगभग 10 बजे, प्रधानमंत्री वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद करीब 12ः45 बजे प्रधानमंत्री छोटा उदयपुर के बोडेली पहुंचेंगे, जहां वह 5200 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री विद्या समीक्षा केंद्र 2.0 परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे।

आकर्ष आनंद बने झारखंड चैंबर के रीजनल उपाध्यक्ष

*** पलामू, गढ़वा व लातेहार के व्यवसायों ने आकर्ष आनंद को दी बधाई**

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : रविवार को रांची में हुए झारखंड चेंबर के चुनाव में आकर्ष आनंद को झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के रीजनल उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने पर पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, लातेहार चैंबर,गढ़वा चैंबर,नगर चैंबर, मेदिनीनगर व्यावसायिक संघ,डाल्टनगंज चैंबर लायंस क्लब, रोटरी क्लब एवं कई संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर चेंबर के वरिष्ठ सदस्य कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि आकर्ष आनंद जहां शहर के जाने-माने युवा व्यवसाय है। वहीं एक सरल स्वभाव के सबों को साथ लेकर चलने वाले अच्छे उभरते नेतृत्व करता भी हैं। चेंबर परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि समाज में युवा का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। वही कल के भविष्य हैं। समाजसेवी नवल तुलस्यान ने आकर्ष आनंद को बधाई देते हुए कहा कि और भी युवक व्यवसाई घराने के आगे आएं। हम सबों का हमेशा मार्गदर्शन मिलेगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन ने भी आकर्ष आनंद को बधाई दी। डाल्टनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया ने कहा कि मैं हमेशा से युवाओं को आगे लाने का समर्थक रहा हूं। यही समाज के भविष्य हैं हमारा चैंबर हमेशा इनके साथ खड़ा रहेगा।

भोपाल जैन मंदिर की सभी मूर्तियां चोरी

एजेंसी

भोपाल : राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर जब चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात है तब एयरपोर्ट रोड स्थित वर्धमान नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में चोरों ने धावा बोल दिया। चोर मंदिर में रखी सभी तीन मूर्तियों सहित मंदिर का चांदी का सामान आदि ले गये हैं। यह घटना 24-25 की मध्यरात्रि की है। इस घटना से भोपाल जैन समाज में भारी रोष है।दिगम्बर जैन समाज के पर्युषण पर्व चल रहे हैं। जैन मंदिरों में चहल पहल भी है। रविवार को धूप दशमी का पर्व होने के कारण रात 11 बजे तक लोग वर्धमान नगर स्थित जैन मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे मंदिर बंद किया गया था। मंदिर के अध्यक्ष सुभाष जैन काला ने डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज', इन्दौर को बताया कि सोमवार सुबह जब लोग मंदिर में पूजा अर्चना को पहुंचे तो मंदिर के ताले टूटे थे और मंदिर की वेदी पर विराजमान तीनों मूर्तियां गायब थीं। चूंकि पर्युषण पर्व के दौरान सभी जैनों का नियम रहता है कि पूजन अभिषेक के बाद ही जल ग्रहण करते हैं। मंदिर से भगवान की मूर्तियां चोरी होने से लोगों में रोष व्याप्त हो गया। महिलाएं अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठ गई हैं।मंदिर समिति के अध्यक्ष सुभाष जैन काला और भोपाल दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन बांगा ने अपने साथी विनोद जैन, अनिल जैन, संदीप गोधा के साथ थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करवाई।

स्कूल में मुस्लिम बच्चे की पिटाई पर शख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

*** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से मांगी रिपोर्ट**

एजेंसी

लखनऊ : यूपी के मुजफ्फरनगर के स्कूल में एक बच्चे को दूसरे बच्चों से थप्पड़ मरवाने की घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया है. जस्टिस अभय एस ओक और पंकज मिथल की बेंच ने कहा कि धर्म के नाम पर एक बच्चे के साथ ऐसा होना बहुत गलत है. बता दें कि 24 अगस्त को खुब्बापुर गांव के नेहा पब्लिक स्कूल में शिक्षिका तृप्ता त्यागी ने एक बच्चे को दूसरे बच्चों से थप्पड़ मरवाया था. कोर्ट ने यूपी सरकार से कहा कि वह मामले की जांच की निगरानी के लिए 1 हफ्ते में किसी आईपीएस अधिकारी को नियुक्त करें. वह आईपीएस अधिकारी यह भी देखे कि इस मामले में किन धाराओं को लगाए जाने की जरूरत है. सुप्रीम कोर्ट को जांच पर रिपोर्ट दी जाए. साथ ही गवाहों को सुरक्षा भी दी जाए. कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकार थप्पड़ खाने वाले बच्चे की दूसरे स्कूल में शिक्षा की व्यवस्था करे. घटना से बच्चों पर पड़े असर को ध्यान में रखते हुए उसकी और थप्पड़ मारने वाले बच्चों की मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग करवाई जाए.

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

सुनवाई के दौरान यूपी सरकार ने याचिकाकर्ता तुषार गांधी के खुद को महात्मा गांधी का प्रपौत्र बताते हुए याचिका दाखिल करने का विरोध किया. यूपी सरकार ने यह भी कहा कि सांप्रदायिक बातों को बढ़ा-चढ़ा कर बताया जा रहा है. कोर्ट ने इन बातों पर ध्यान नहीं दिया. कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के अधिकार कानून के तहत सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है. फिर भी बच्चे गैर मान्यता प्राप्त स्कूल में पड़ रहे हैं. इस मामले में तो स्नढ्ढक्र दर्ज करने में भी देरी हुई है.जजों ने कहा कि आरटीई एक्ट के प्रावधान यह स्पष्ट कहते हैं कि किसी बच्चे को जाति, धर्म या लिंग के आधार पर भेदभाव का सामना न करना पड़े. किसी बच्चे के साथ शारीरिक हिंसा न हो. इस मामले में दोनों ही बातों का उल्लंघन हुआ. कोर्ट ने यूपी सरकार को घटना की जांच और बच्चे के पुनर्वास पर रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा.

दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर आधारित है भाजपा के नींव : मुख्यमंत्री

एजेंसी

गुवाहाटी : मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहाकि पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर ही भाजपा के नींव है।इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन दरिद्र नारायण की सेवा में समर्पित कर दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जनसंघ में बदलने वाले प्रणेता थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल्य बोध पर आधारित राजनीतिक दल जनसंघ की नींव रखी थी। भाजपा ने उनके आदर्शों के प्रतिपादित सिद्धांतों को अपनाया है। उनके मूल्यों का कार्यकर्ताओं के संचालित संगठन के निर्माण में गहरा प्रभाव पड़ा, न कि मुट्ठीभर लोगों के विचारों का। ऐसे महापुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित कर मैं स्वयं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय के आदर्शों के साथ देशभक्ति की अनुपम मिसालें पेश करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पावन जयंती समारोह में भाग लेते हुए आज सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को गर्व महसूस हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित हिंदी पुस्तक के प्रकाशित असमिया अनुवाद का भी लोकार्पण किया जाएगा।इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष जयंत कुमार दास, राज्यसभा सांसद और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव पबित्र मार्घेरीटा, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संत मरियम विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अविराम का हुआ विमोचन

पलामू को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाना, मेरा मुख्य उद्देश्य : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मेदिनीनगर के नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अविराम का भव्य विमोचन किया गया। विमोचन कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर सह सदर, मेदिनीनगर एसडीपीओ सुरजीत कुमार,विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र मिश्रा,शिक्षक परशुराम तिवारी, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, पत्रिका के संपादक विनोद सागर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवि हरिवंश प्रभात, शायर एमजे अजहर, कवयित्री किरण राज आदि ने दीप-प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर सुरजीत कुमार ने कहा कि अविराम पत्रिका बच्चों की संवेदनाओं का सकारात्मक प्रतीक है, जिसमें बच्चों ने अपनी भावनाओं को रचनाओं के रूप में व्यक्त किया है। मौके पर एससी मिश्रा ने कहा कि संत मरियम विद्यालय पलामू जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय है, जो नित नये कीर्तिमान स्थापित करने की क्षमता अपने अंदर रहता है। मंच-संचालन कर रहे परशुराम तिवारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों ने पत्रिका में छपी रचनाओं से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मौक पर कवि हरिवंश प्रभात, एमजे अजहर, किरण राज आदि कवि एवं कवित्रियों के द्वारा कविता पाठ कर बच्चों का ज्ञानवर्धन एवं उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर अविनाश देव के द्वारा विनोद सागर समेत अन्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अविनाश देव ने कहा कि आप बड़ों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से हम अपने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए इतना कुछ नया प्रयोग कर पा रहे हैं। हमारा एक ही मकसद है कि अपना पलामू शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मिश्रा ने की। वहीं धन्यवाद-ज्ञापन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एसबी साहा ने किया। इस मौक पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, रीना देव, पलामू के सुप्रसिद्ध लोकगायक श्याम जी, मनोज कुमार प्रजापति, ललन प्रजापति समेत सैकड़ो की तादाद में विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

भाजपा ने बदले नगालैंड, मेघालय और पुडुचेरी के प्रदेशाध्यक्ष

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नगालैंड, मेघालय और पुडुचेरी की प्रदेश इकाई के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इन राज्यों में क्रमशः बेंजामिन येथ्थोमी, रिकमैन मोमिन और एस. सेल्वगनबथी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बेंजामिन नगालैंड के दो बार पहले प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पिछले साल भाजपा ने मेघालय में तुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में रिकमैन जी मोमिन को टिकट दिया था। इससे पहले मेघालय में अर्नेस्ट मावरी, नगालैंड में तेमजेन इमना अलॉन्ग और पुडुचेरी में वी सामिनाथन पार्टी प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

बस्तर के युवाओं को करोड़ो की सौगात देंगे पीएम : मांडवीया

एजेंसी

जगदलपुर : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया सोमवार को बस्तर प्रवास में जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बस्तर प्रवास पर 03 अक्टूबर को पहुंच रहे हैं, जिसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगदलपुर पहुंचे हैं। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्तर की कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इस बैठक में स्थानीय स्तर के साथ-साथ प्रदेशस्तर के नेता भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लालबाग मैदान में विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री की सभा के लिए लगभग डेढ़ से दो लाख की भीड़ जुटाने की तैयारी भाजपा कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीया एयरपोर्ट में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जल्द ही बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के बस्तर प्रवास के दौरान बस्तर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए करोड़ो के शिलाविन्यास एवं लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं को रोजगार मिले यहां के सामान्य सुविधाओं में वृद्धि हो इसके लिए कई कार्यक्रम आयोजित होंगे, इसके साथ ही प्रधानमंत्री एक विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों में से दो सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के बाद भाजपा संगठन चुनावी प्रचार-प्रसार में जुट गया है। साथ ही अन्य 10 विधानसभा सीटों के कार्यकर्ताओं की बैठक का दौर जारी है। बस्तर की 12 सीटों में जीत हासिल करने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व केंद्रीय मंत्रियों के हाथों में कमान सौंपी है। यही वजह है कि पिछले एक महीने से लगातार केंद्रीय मंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री लगातार बस्तर प्रवास पर पहुंच रहे हैं और यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं।

प्रकृति का पर्व कर्मा के अवसर पर शिक्षिका अनीता वर्मा ने किया पौधरोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सोमवार को स्थानीय बेलवाटीका में शिक्षिका अनीता वर्मा ने पौधा को लगाकर लोगों तक यह संदेश पहुंचाने का काम किया कि पौधा लगाना हम सभी लोगों को मजबूरी नहीं बल्कि जरूरी है। ताकि हम आने वाले भविष्य में चैन की सांस ले सके। साथ ही साथ इन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में जिस तरह से पानी का संकट चरम पर है। उससे कई गुना ज्यादा प्रदूषित वायु अपने पांव पसारते जा रही है। इसका मुख्य कारण है कि बढ़ती जनसंख्या की जरूरत को पूरा करने के लिए कई उद्योग वाहन,कल कारखाने का का भी संख्या धीरे-धीरे बढ़ते जा रही है।

जिसके वजह से उन कल कारखानों से निकलने वाले विषैली धूआ हमारे वातावरण को प्रदूषित करते जा रही है। यहां तक की बड़े-बड़े शहरों में लोग चैन के सांस तक नहीं ले पाते हैं। पौधा लगाने के बाद शिक्षिका अनीता वर्मा ने चर्चित पर्यावरणविद कौशल जायसवाल का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उन्हें कर्मा पूजा के एतिहासिक अवसर पर फलदार वृक्ष उपलब्ध कराया। उन्होंने आगे कहा कि कौशल जायसवाल को आज सिर्फ पलामू नहीं बल्कि देश दुनिया अब जानता है। उन्होंने लगातार पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों की जीवन की सुरक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया है और हर और समय पर पौधा लगाने का संदेश दे रहे हैं।

उनका यह प्रेरणा एक दिन अपने लक्ष्य को हासिल करेगी। इसके लिए उन्होंने दिल से उनका आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वह इसी तरह अपना अभियान में लग रहे एक दिन ऐसा आएगा जब सभी लोग आपकी राह पर चल पड़ेंगे। एक कहावत है। रसरी आवत जात है शिल पर परट निशान÷ यही कहावत एक दिन आपकी मेहनत आपका प्रयास चरितार्थ होगा.

उपराष्ट्रपति 27 सितंबर को जायेंगे राजस्थान

नई दिल्ली : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 27 सितंबर को एकदिवसीय राजस्थान दौरे पर जाएंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति झुंझुनू, बाड़मेर, बीकानेर तथा जोधपुर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को बताया कि उपराष्ट्रपति नई दिल्ली से राजस्थान पहुंचेंगे जहां सबसे पहले वह बिट्स पिलानी संस्थान जाएंगे और वहां उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आईसीएआर के मूंगफली अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे तथा कृषि वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति, जगदीप धनखड़ बाड़मेर के लिए रवाना होंगे जहां वह गुड़ामालानी में आईसीएआर श्री अन्न (बाजरा) अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे और कृषि वैज्ञानिकों एवं लोगों से विमर्श करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति का खेताराम जी की पोल स्थित ब्रह्मा जी मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना का कार्यक्रम भी है।

लव जिहाद और धर्मांतरण को रोकने के लिए जरूरी है समाज को जागरूक करना : मोहन भागवत

एजेंसी

*** लखनऊ पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बताया प्लान**

लखनऊ : लखनऊ प्रवास के आखिरी दिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को लेकर अपनी राय रखी. मोहन भागवत ने कहा कि लव जिहाद और धर्मांतरण को रोकने के लिए समाज को जागरूक करना आवश्यक है. संघ की शाखाएं जहां पहुंचती हैं वहां ऐसी सामाजिक समस्याएं खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं. इसलिए शाखाओं को लेकर हर तबके और क्षेत्र में पंहुचना है. इससे पहले आरएसएस के साथ अनुषांगिक संगठनों की हुई बैठक में भी हिंदू जागरण मंच और विश्व हिंदू परिषद ने धर्मांतरण और लव जिहाद पर चर्चा की थी.लखनऊ के निराला नगर के शिशु मंदिर में हुई बैठक में संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि लव जिहाद और धर्मांतरण नहीं होना चाहिए और इसे रोकने के प्रयास किए जाने चाहिए. भागवत ने आगे कहा कि शाखाओं को लगाने पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए. जहां-जहां शाखाएं पहुंचती हैं वहां लव जेहाद और धर्मांतरण खुद-ब-खुद रुकने लगता है.दरअसल, बीते दिन मोहन भागवत अवध प्रांत के विभाग और जिला स्तर के स्वयंसेवकों के टोलियों के साथ संवाद कर रहे थे. इसी दौरान उन्होंने तमाम मुद्दों पर अपनी बात रखी. साथ ही धर्मांतरण और लव जिहाद का मुद्दा प्रमुखता से उठाया. ऋस्स् अब इनके खिलाफ मुहिम चलाएगी. स्वयंसेवकों की टोलियां के साथ संवाद में भागवत ने कहा संघ की शाखा पंहुचेगी तो ऐसी सामाजिक समस्याओं पर लगाम लगेगी.स्वयंसेवकों की चर्चा में मोहन भागवत ने गांव मे सामाजिक समरसता के संघ के प्रयास में एक मंदिर-एक शमशान और एक कुएं पर जोर दिया. उन्होंने कहा- ऐसे भेदभाव समाज को कमजोर करते हैं, संघ कार्यकर्ताओं को यह मंत्र लेकर गांव में जाना है.

मोहन भागवत से मिले सीएम योगी आदित्यनाथः लखनऊ में आरएसएस की ये बैठक काफी अहम मानी जा रही है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संघ प्रमुख मोहन से मुलाकात करने पहुंचे थे. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने संघ प्रमुख को प्रदेश सरकार के कामकाज, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह सहित सरकार की योजनाओं की जानकारी दी. सीएम योगी और मोहन भागवत के बीच मुलाकात करीब 45 मिनट तक चली थी.